THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 213 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.9 2081 शुक्रवार, 25 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये







# 6,798 करोड़ के 2 रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

## बिहार और आंध्र को होगा फायदा

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को दो बड़े प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को 57 किलोमीटर लंबी अमरावती रेलवे लाइन को मंजूरी दे दी है। इस रेल लाइन के निर्माण में 2245 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा।

मंत्रिमंडल ने 6,798 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी और कनेक्टिविटी प्रदान करने, यात्रा करने में आसानी, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने, तेल आयात को कम करने और कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लिए 5 वर्षों में पूरा किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आंध्र प्रदेश में रेलवे का मल्टी मॉडल परिवहन बनाया जा रहा है, जिसके तहत कृष्णा नदी पर 3.2 किमी लंबा नया पुल बनाया जाएगा। इस महत्वकांक्षी परियोजना से हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता जैसे सभी महानगर को अमरावती से जुड़ जाएंगे।



इसके साथ ही अमरावती स्तूप, कोंडावली गुफाएं, कई बंदरगाह भी जुड़ेंगे। इस प्रोजेक्ट से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और पीएम मोदी ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के मंजूरी देकर पीएम ने आंध्र के लोगों के एक सपने को पूरा किया है।

## आज फिर 85 विमानों में बम की धमकी

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में विमानों में बम की धमकी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भी इंडिगो, एयर इंडिया, विस्तारा और अकासा एयर की 85 फ्लाइट में बम की धमकी मिली। इनमें से 20 फ्लाइट एअर इंडिया, 20 इंडिगो, 20 विस्तारा और 25 अकासा की हैं। एक दिन पहले 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी।

# 'तोड़फोड़ से प्रभावित अदालत आ सकते हैं'

## राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मामले से नहीं जुड़ा है, इसलिए वह याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालांकि कोर्ट ने साफ किया है कि जो लोग बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित हैं, वो अदालत आ सकते हैं। पीठ ने कहा कि हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते हैं। विध्वंस से प्रभावित लोगों को न्यायालय आने दें। दरअसल याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद संपत्तियों को ध्वस्त किया। याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा था कि उनकी अनुमति के बगैर तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के अधिकारियों द्वारा कोर्ट के आदेश की अवमानना की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय का आदेश स्पष्ट था कि इस न्यायालय की अनुमति के बिना कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक मामले में एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता एक तीसरा पक्ष है और उसे तथ्यों की जानकारी नहीं है।



## बारामुला के मलखाना कोर्ट परिसर में फटा ग्रेनेड,जम्मू-कश्मीर पुलिस का जवान घायल

जम्मू, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में मलखान कोर्ट परिसर में गुरुवार को गलती से ग्रेनेड फटने से जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब एक बजकर पांच मिनट पर बारामुला के मलखाना कोर्ट परिसर में गलती से ग्रेनेड फट गया, जिसमें ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारी ने कहा कि आम जनता से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।

## सड़क हादसे में दो की मौत, वॉक करते समय ईयर फोन लगाए युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा

शहडोल, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई है। पहली घटना में एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे लगे मील के पत्थर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई, दूसरी घटना में मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों ही मामलों पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वैसाखू पाव पिता सूरज पाव मोटरसाइकिल से बीती रात ससुराल जा रहा था, तभी देवरी के पास एक बाइक को युवक ने ओवरटेक किया, जिससे बैसाखु की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे मील के पत्थर से टकरा गई, युवक की बाइक काफी तेज रफ्तार में थी, पत्थर से टकराने के बाद युवक सड़क पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद ही युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी,

# कश्मीर में फिर आतंकी हमला

## त्राल में आतंकवादियों ने यूपी के मजदूर को गोली मारी



पुलवामा, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के एक मजदूर को गोली मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी। कुमार को गोली हाथ में लगी थी। उन्होंने बताया कि कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिछले एक हफ्ते में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। इससे पहले रविवार (20 अक्टूबर) को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय डॉक्टर की मौत हो गई थी। जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सेंट्रल कश्मीर के गंदेरबल जिले में एक मजदूर शिविर में सात मिनट तक अमेरिकी निर्मित एम44 कार्बाइन और एके-47 से लैस दो आतंकवादी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हुए हैं, जहां 20 अक्टूबर को सात लोगों की हत्या कर दी गई थी। मृतक एपीसीओ इंफ्राटेक में कार्यरत थे, जो श्रीनगर-सोनमर्ग हाईवे पर जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण में शामिल कंपनी है। 20 अक्टूबर को शाम करीब 7.25 बजे, जब कुछ कर्मचारी डायनिंग एरिया में बैठे थे और अन्य लोग रात के खाने के लिए जा रहे थे, तभी कैंप पर हमला हुआ।

**सीसीटीवी फुटेज में दिखा आतंकवादी**

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के गगनगीर में हुए आतंकवादी हमले में शामिल एक आतंकवादी का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें वह कश्मीरी पोशाक फेरन पहने और हाथ में एके-राइफल लिए हुए नजर आ रहा है। लेकिन जांचकर्ताओं ने कहा है कि उन्हें अभी इस बात की पुष्टि होनी है कि यह आतंकवादी 20 अक्टूबर को हुए हमले में शामिल था या नहीं। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर जिले में रविवार को सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादियों के हमले में एक डॉक्टर और छह मजदूरों की मौत हो गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी को एक झोपड़ी में एंट्री करते हुए देखा गया है। उन्होंने कहा कि माना जा रहा है कि यह वही झोपड़ी है जो गगनगीर सुरंग निर्माण स्थल के पास मौजूद है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी विभिन्न पहलुओं के आधारों पर फुटेज की प्रामाणिकता का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के ऊपर दाहिने कोने में 27 जनवरी दर्ज है, हालांकि यह सेटिंग या तकनीकी समस्या के कारण हो सकता है। उन्होंने बताया कि आतंकवादी के हाथ में जो राइफल दिख रही है, उसके अगले सिरे पर नीले रंग का निशान है। सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने पीर पंजाल क्षेत्र में सुरक्षाबलों पर किए गए हमलों में इस तरह की राइफल का इस्तेमाल किया था। पीर पंजाल गगनगीर से लगभग 200 किलोमीटर दूर है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज के बेटे कार्तिकेय बोले-पिता पद पर हैं तो शोभा नहीं देता कि मैं भी चुनाव लड़ूं



भोपाल, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। बुधनी में चुनावी बिगुल बजने के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान बुधवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र के गोपलापुर और भेरूंदा में कार्यकर्ताओं से मुलाकत कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, मैं राजनीतिक परिवार से हूं और आपके बीच लंबे समय से आ रहा हूं, मुझे पता है कि, पिता पद पर हैं तो ये शोभा नहीं देता कि, मैं भी चुनाव लड़ूं। मुझे टिकट मिलना उचित नहीं है और मैं टिकट की लालसा के साथ भारतीय जनता पार्टी के लिए काम नहीं करता हूं। कार्तिकेय ने कहा कि, क्षेत्र में भाजपा का विधायक होगा तो ही हम सभी का अस्तीत्व होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार हम सभी को एक माला में पिरोकर रखते हैं। अगर इस क्षेत्र से विरोधी दल के नेता जीतकर आते हैं तो विकास की एक ईट भी नहीं लगेगी। हमने बुधनी में ऐतिहासिक चुनाव लड़े हैं और जीते हैं। यहां व्यक्तिगत चुनाव नहीं होते हैं, यहां व्यक्ति जरूरी नहीं है बल्कि बुधनी की जनता और कार्यकर्ता जरूरी हैं।

## चाय की दुकान चलाता है, बाइक की डिक्की में मिले 7 लाख रुपये, आचार संहिता लगने के बाद नागपुर में पहली कार्रवाई

नागपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के ऐलान होते ही नागपुर पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर कड़ी नजर रख रही है। इसी बीच नागपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बाइक सवार युवक से सात लाख रुपये जब्त किए हैं। ये रुपये बाइक की डिक्की में छिपाकर रखे गए थे। चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लगने के बाद पुलिस बेहद सतर्क हो गई है और पहली कार्रवाई में ही पुलिस ने 7 लाख रुपये पकड़े है। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी उमेश रामसिंह ऐदबाने की चाय की दुकान नागपुर के मानेवाड़ा में है। नागपुर के विद्यापीठ वाचनालय के पास पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी।

# चक्रवाती तूफान दाना कहां करेगा लैंडफॉल और कितनी होगी रफ्तार



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। चक्रवाती तूफान दाना तेजी से ओडिशा और बंगाल तट की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक तूफान दाना 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तटीय इलाकों की ओर बढ़ रहा है। फिलहाल यह तूफान पारादीप से 280 और धामरा से 310 किमी दूर है।

**धामरा और भीतरकनिका के बीच लैंडफॉल**

इस तूफान का लैंडफॉल धामरा और भीतरकनिका के बीच होगा। लैंडफॉल के वक्त 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के बहने का अनुमान है। अनुमान के मुताबिक लैंडफॉल के समय समुद्र में सामान्य से 2 मीटर ऊंची लहरें उठेंगी। बताया जा रहा है कि साल 2021 में आए चक्रवाती तूफान 'यास' की तरह ही 'दाना' का भी प्रभाव होगा।

**प्रशासनिक अमला पूरी तरह से अलर्ट**

इस बीच चक्रवात 'दाना' को लेकर प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इंडियन कोस्ट गार्ड को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। कोस्ट गार्ड हालात पर बारीकी से नजर रख रहा है और चक्रवात के प्रभाव से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी सुनिश्चित करने को लेकर सक्रिय कदम उठाए गए हैं।

**कोस्टगार्ड ने भी संभाला मोर्चा**

कोस्टगार्ड को पश्चिम बंगाल और ओडिशा में जहाजों, विमानों और रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशन को मछुआरों और नाविकों को मौसम की नियमित चेतावनी और सुरक्षा सलाह प्रसारित करने का काम सौंपा है। ये अलर्ट सभी मछली पकड़ने वाले जहाजों को लगातार भेजे जा रहे हैं, और उनसे तुरंत किनारे पर लौटने और सुरक्षित आश्रय लेने का आग्रह किया जा रहा है।

**भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर उड़ानें बंद**

उधर, भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार शाम से उड़ानों का परिचालन 16 घंटों के लिए निलंबित कर दिया गया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच तट तक पहुंचने की आशंका है और इस दौरान 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बयान में कहा गया, ''चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण 25 अक्टूबर को सुबह नौ बजे तक हवाई अड्डे का परिचालन निलंबित रहेगा।'' अधिकारियों ने बताया कि भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर प्रतिदिन 100 से अधिक उड़ानें संचालित होती हैं, जिनमें लगभग 15 हजार लोग यात्रा करते हैं।

**190 ट्रेनों का परिचालन ठप**

क्रवाती तूफान 'दाना' के मद्देनजर पूर्वी रेलवे अपने सियालदह मंडल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेन का परिचालन नहीं करेगा। यह कदम रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में उठाया गया। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सियालदह दक्षिण और हसनाबाद खंड में 190 ट्रेन रद्द रहेंगी।

## दिल्ली के बस मार्शलों को मिला आतिशी सरकार का दिवाली गिफ्ट, सौरभ भारद्वाज ने किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार दिवाली से पहले बस मार्शलों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी जानकारी आज (24 अक्टूबर) दी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रदूषण से लड़ने के लिए चार महीनों के लिए बस मार्शलों को नौकरी दी जाएगी। सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो संदेश में कहा, "जितने भी बस मार्शल भाई बहन हैं, जो लड़ाई आपके लिए अरविंद केजरीवाल लड़ रहे थे, उसके नतीजे आने लगे हैं। आप सबको दिल्ली में प्रदूषण से लड़ने के लिए आने वाले चार महीनों के लिए नौकरी दी जाएगी।" मंत्री ने कहा कि बस मार्शलों का संघर्ष रंग लाया है कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था सभी को वापस रोजगार दिलवाएंगे।

# ड्रग्स डील करने आई पूर्व विधायक सत्कार कौर गिरफ्तार, हेरोइन और कैश बरामद



चंडीगढ, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने कांग्रेस की पूर्व विधायक और बीजेपी की नेता सत्कार कौर को ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार है। पूर्व विधायक का ड्राइवर भी गिरफ्तार हुआ। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद सत्कार कौर बीजेपी में शामिल हो गई थीं। पंजाब पुलिस के आईजी सुखचैन सिंह गिल के मुताबिक, एक नशे के आदी शख्स ने पुलिस को बताया था कि एक औरत उसे तस्करी के लिए भी मजबूर करती है। पुलिस ने उस शख्स को कस्टमर बनाकर भेजा और खरड़ के पास पूर्व विधायक और ड्राइवर को 100 ग्राम हेरोइन के साथ साथ गिरफ्तार किया। सत्कार कौर 2017 से 2022 तक फिरोजपुर ग्रामीण से विधायक रही हैं। पूर्व विधायक के घर पर सर्च में 28 ग्राम चिट्टा भी रिकवर हुआ है। सर्च में 1.56 लाख कैश भी रिकवर किया गया है। सुखचैन सिंह गिल ने कहा, मोहाली में हमारे एसएचओ को जानकारी मिली कि एक ड्रग एडिक्ट था, उसने कहा कि उसे ड्रग बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा। उसने एसएचओ को कुछ नंबर दिए। नंबर की जांच करने पर पता चला कि वह किसी पूर्व विधायक (सत्कार कौर) का नंबर है। उसने (सोर्स ने) कॉल रिकॉर्डिंग भी दी थी जिससे लग रहा था कि ड्रग खरीद-फ़रोख्त की बात चल रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, हमारे सोर्स ने उसी पूर्व विधायक के साथ ड्रग संबंधी एक डील कराई। पूर्व विधायक खुद डील करने पहुंची, हमारी टीम को देख पूर्व विधायक ने गाड़ी भगाने की कोशिश की। इसमें एक अधिकारी को चोट लगी। मौके से 100 ग्राम ड्रग की रिकवरी हुई है। हमारी टीम को हाउस सर्च में 28 ग्राम और नशीले पदार्थ मिले और एक लाख 56 हजार रुपए मिले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक रूप से लग रहा है कि यह पैसे ड्रग डील के हैं, चार गाड़ी मिली है, पांच नंबर प्लेट भी बरामद हुए हैं। गंभीरता से आगे की जांच चल रही है, इस मामले में आगे कई परतें खुलने की संभावना है।

## नुकीले और छोटे दांत, चूहे जैसी कद-काठी, दुर्लभ हिरण की हुई थी मौत, 25 साल के युवक पर एक्शन

ठाणे, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक दुर्लभ और संरक्षित प्रजाति के माउस डियर (चिवरोटेन) के शिकार का मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद शिकार करने के आरोपी 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस और वन विभाग की जांच-पड़ताल के बाद आरोपी की पहचान हुई। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एजेंसी के अनुसार, ठाणे जिले के अंबरनाथ क्षेत्र में बीते 23 सितंबर को वन विभाग के अधिकारियों ने घायल माउस डियर को बरामद किया था। अधिकारियों का कहना है कि हिरन को पेलेट गन से गोली मारी गई थी। घायल हिरन को विभाग के लोगों ने बचाने की पूरी कोशिश की। उसे तुरंत इलाज के लिए संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के वन्यजीव अस्पताल ले जाया गया,

# दलितों के मुद्दे पर भाजपा का कांग्रेस पर आरोप

## प्रियंका के नामांकन के दौरान खरगे को कमरे से निकाला

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रियंका गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसे लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। वहीं कांग्रेस ने भी भाजपा पर पलटवार किया है और इस मुद्दे को भाजपा की साजिश करार दिया। दरअसल भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर हैंडल पर एक वीडियो जारी की है। जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कमरे के बाहर इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं।

**क्या है भाजपा द्वारा साझा वीडियो में**

इस वीडियो के कैप्शन में भाजपा ने लिखा कि 'आज जिस तरह से मल्लिकार्जुन खरगे जी को प्रियंका वाड्रा के नामांकन के समय कमरे



से बाहर रखा गया, ठीक उसी तरह राहुल गांधी आरक्षण हटाने के बाद दलित समाज के लोगों को सम्मान और अवसरों से वंचित रखेंगे। अगर गांधी परिवार खरगे जी को ऐसे अपमानित कर सकता है तो दलित समाज के प्रति इनके मन में कितनी घृणा होगी, ये समझा जा सकता है।'

**'कांग्रेस बेनकाब हुई'**

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी इसे लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'हमने दलितों की कांग्रेस में स्थिति दिखाई है। बाहर से राहुल गांधी दिखाते हैं कि कांग्रेस पार्टी दलितों का समर्थन करती है और उन्हें बराबर के अधिकार देती है, लेकिन अंदर से दलितों का अपमान किया जाता है। मल्लिकार्जुन खरगे के साथ जो हुआ, उसके बाद कहने के लिए कुछ नहीं रह गया है। कांग्रेस बेनकाब हो गई है। कांग्रेस पार्टी में दलितों का अपमान किया जाता है और उन्हें तीसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है और छुआछूत भी की जाती है।'

**कांग्रेस का पलटवार**

भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेता प्रणव झा ने कहा कि 'ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जो लोग बीते 10 वर्षों से सत्ता में हैं, वो सरकार और उसके मंत्री अभी भी झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। वायनाड में जिलाधिकारी ने कहा था कि नियमों के तहत पांच से ज्यादा लोग कमरे में नहीं रह सकते। उस दौरान लोग कमरे से बाहर गए और उनमें कांग्रेस अध्यक्ष भी थे। उन्होंने पूरे धैर्य से बाहर इंतजार किया, जैसा आप वीडियो में देख सकते हैं। कुछ समय बाद मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल दोनों कमरे में आ गए थे, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस को बदनाम करने और लोगों का असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए झूठ की साजिश रची।'

# बीमा कंपनी की महिला अधिकारी की संदिग्ध हालत में मौत

## बंद कमरे में अर्धनग्न मिली लाश



भोपाल, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल की अवधपुरी में रहने वाली एक जनरल इंश्योरेंश कंपनी की महिला अधिकारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसकी लाश किराए के कमरे से बरामद हुई है। मृतका के मुंह से झाग निकले थे और कमरे में वह अर्धनग्न हालत में उल्टी पड़ी थी, लेकिन किसी प्रकार के जहर की शीशी अथवा रैपर मौके से नहीं मिला है। कोई सुसाइड नोट भी कमरे से नहीं बरामद हुआ है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार नेहा विजयवर्गीय (36) मूलतः राजगढ़ की रहने वाली थी। वह अवधपुरी स्थित निर्मल पैलेस में दूसरी मंजिल पर किराए से रहती थी और होशंगाबाद रोड स्थित एक निजी बीमा कंपनी में मैनेजर थी।

मंगलवार को नेहा परिजनों का फोन रिसीव नहीं कर रही थी। इसके बाद मां ने उसके मकान मालिक को फोन किया था। शाम को मकान मालिक कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। काफी प्रयास के भी जब दरवाज नहीं खुला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने बांस डालकर दरवाजे की कुंडी खोली तो अंदर बेड के पास फर्श पर नेहा का शव पड़ा हुआ था।

# मध्य प्रदेश: काले हिरण की कैसे हुई मौत ? पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा

भोपाल, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 40 किलोमीटर दूर बरखेड़ा सालम के एक खेत में मिले काले हिरण के शव की पोस्टमार्टम (पीएम) रिपोर्ट आ गई है। पीएम रिपोर्ट के अनुसार हिरण की मौत गोली लगने से हुई है। शिकारियों ने काले हिरण का शिकार शॉट गन से किया है । पीएम रिपोर्ट आने के बाद भोपाल वन मंडल की टॉस्क फोर्स ने इसकी जांच शुरू कर शिकारियों की तलाश तेज कर दी है। मंगलवार (22 अक्टूबर) की सुबह खजूरी सड़क के पास बरखेड़ा सालम के एक खेत में काले हिरण का शिव मिला था। हिरण का शव मिलने से वन विभाग में हडकंप मच गया। वन विभाग के रेस्क्यू क्रैक टीम ने शव को पीएम के लिए जेल पहाड़ी स्थित राज्य पशु अस्पताल पहुंचाया था। जिसके बाद अत्यधिक खून निकलने से उसकी मौत हो गई।



**'शिकारियों को पकड़ा जाएगा'**

भोपाल डीएफओ लोकप्रिय भारती के अनुसार राज्य पशु अस्पताल ने हिरण की मौत की पीएम रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में गन शॉट को मौत का कारण माना गया है। टॉस्क फोर्स ने जांच शुरू कर दी है। जल्द ही शिकाारियों को पकड़ लिया जाएगा। आरोपियों को पकड़ने के लिए वन विभाग की एक टास्क फोर्स टीम तैयार की गई है । जिसके तहत 5 सदस्य टीम शिकारियों की टीम लगाई है। आपको बता दें कि पिछले 7 महीने में काले हिरण के शिकार के लगभग 4 मामले सामने आए हैं ।

**कुत्ते भी बन रहे परेशानी**

बता दें बिशनखेड़ी स्थित भोज वेटलैंड में शिकारियों के अलावा कुत्ते हिरणों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। करीब 5 महीने पहले कुत्तों ने एक काले हिरण को मार डाला था। जबकि इसी क्षेत्र में दो महीने में दो हिरणों का शिकार हो चुका है। इसके बावजूद वन विभाग शिकार को रोकने और कुत्तों को खदेड़ने के लिए कोई विशेष प्लान नहीं बना रहा है।

# संजय सिंह ने फिर उठाया एसएमए टाइप-2 का मसला, 17 करोड़ के इंजेक्शन के लिए केंद्र से लगाई मदद की गुहार



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक बार फिर स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी का मसला उठाया है। उन्होंने इस बार एसपीए टाइप'2 से पीड़ित दो बच्चे और उनके माता-पिता को भी सामने लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिए जो इंजेक्शन लगता है, उसकी कीमत 17 करोड़ है। अगर केंद्र सरकार इससे पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों की मदद के लिए आगे नहीं आएगी तो कैसे होगा इनका इलाज? संजय सिंह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि दोनों बच्चे एक पिता की गोद में है और दूसरा मां की गोद में। दोनों गंभीर बीमारी से एसएमए टाइप-2 से पीड़ित हैं। मैंने संसद में मांग की थी कि जब तक केंद्र सरकार ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी, तब तक उन्हें बचाना मुश्किल होगा।

**अमीर माता-पिता भी नहीं लगवा सकते इंजेक्शन**

आप सांसद न कहा कि अगर किसी बच्चे को यह हो जाए तो एक इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपये है। टैक्स छूट के बाद इसकी कीमत करीब 10-11 करोड़ रुपये बैठता है। माता-पिता के लिए इसका खर्च वहन करना असंभव है, चाहे वे कितने भी अमीर क्यों न हों?

**केंद्र अमेरिकी कंपनी से करे बात**

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि सरकार को इस मसले पर हमारी बात सुननी होगा। मैं, केंद्र से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि वे इंजेक्शन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी नोवार्टिस के बारे में अमेरिकी सरकार से बात करें। केंद्र सरकार इस इंजेक्शन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने का प्रयास करें। इन दोनों बच्चों को टाइप 1 का सबसे गंभीर एसएमए है। उन्होंने देश के लोगों से अपील की है कि वो भी आगे आएं। 100 रुपये से लेकर जिसकी जितनी क्षमता हो, मदद करें।

**क्या होता है एसएमए ?**

स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) एक दुर्लभ और गंभीर बीमारी है। यह शरीर में न्यूरॉन्स की कमी की वजह से होता है। यह वंशानुगत न्यूरोमस्कुलर विकारों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करता है, जो कुछ मांसपेशियों को कमजोर और नष्ट करता है। एसएमए में आपकी रीढ़ की हड्डी में एक विशेष प्रकार की तंत्रिका कोशिका का नुकसान होता है, जिसे लोअर मोटर न्यूरॉन्स कहा जाता है।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 213 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.9 2081 शुक्रवार, 25 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## एक पत्रकार समेत तीन लोगों के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी, पुलिस भी मौजूद

कांकेर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा में एनआईए ने छापेमारी की है। आमाबेड़ा के एक स्थानीय पत्रकार निवास के साथ ही तीन लोगों के ठिकानों पर एनआईए ने छापा मारा है। जिले की पुलिस भी एनआईए के साथ मौजूद है। फिलहाल एनआईए द्वारा किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है। नक्सल मामलों में लगातार एनआईए छापेमारी कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सुबह में चार से छह जगहों पर छापेमारी की है।

# 'न्याय की देवी' की नई प्रतिमा पर विवाद

### > सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने शीर्ष अदालत के प्रतीक चिन्ह 'न्याय की देवी' की प्रतिमा में आमूलचूल बदलाव पर आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने इस बदलाव के खिलाफ सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है।




गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के पुस्तकालय में न्याय की देवी की छह फुट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में तलवार की जगह संविधान है। सफेद पारंपरिक पोशाक पहने 'न्याय की देवी' की नई प्रतिमा की आंखों पर पट्टी भी नहीं बंधी है और सिर पर मुकुट है। एससीबीए (सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन) के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और कार्यकारी समिति के अन्य सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव में उस स्थान पर प्रस्तावित संग्रहालय पर भी आपत्ति जताई गई है, जहां उन्होंने बार के सदस्यों के लिए कैफे-लाउंज बनाने की मांग की थी। प्रस्ताव में कहा गया है, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने पाया है कि हाल ही में न्यायालय ने बार से परामर्श किए बिना एकतरफा तरीके से अपने प्रतीक चिह्न और न्याय की देवी की प्रतिमा में कुछ आमूलचूल बदलाव किए हैं। न्याय व्यवस्था में हम समान रूप से हिस्सेदार हैं, लेकिन इन बदलावों के प्रस्ताव के बारे में हमसे कभी बात नहीं की गई। हम इन बदलावों से जुड़े तर्क से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं।

**आपत्ति के बावजूद शुरू हुआ संग्रहालय का काम :**

एससीबीए ने कहा कि वह उच्च सुरक्षा क्षेत्र में प्रस्तावित संग्रहालय का सर्वसम्मति से विरोध करता है तथा वहां एक पुस्तकालय और एक कैफे-लाउंज की मांग दोहराता है। प्रस्ताव में कहा गया है, एक संग्रहालय का प्रस्ताव पूर्व न्यायाधीशों के पुस्तकालय में किया गया है, जबकि हमने बार के सदस्यों के लिए एक पुस्तकालय, कैफे सह लाउंज की मांग की थी, क्योंकि वर्तमान कैफेटेरिया बार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। हम चिंतित हैं कि पूर्व न्यायाधीशों के पुस्तकालय में प्रस्तावित संग्रहालय के खिलाफ हमारी आपत्ति के बावजूद, संग्रहालय के लिए काम शुरू हो गया है।

## 'संघर्षों और तनावों को प्रभावी ढंग से सुलझाना आज की जरूरत'

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के कजान शहर में ब्रिक्स प्लस प्रारूप में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित हुए, विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने कहा, ब्रिक्स अपने आप में इस बात का बयान है कि पुरानी (विश्व) व्यवस्था कितनी गहराई से बदल रही है। साथ ही, अतीत की कई असमानताएं भी जारी हैं। वास्तव में, इसने नए रूप और अभिव्यक्तियां ग्रहण कर ली हैं। हम इसे विकासात्मक संसाधनों तक पहुंच और आधुनिक तकनीकों और दक्षताओं तक पहुंच में देखते हैं। आइए हम यह स्वीकार करें कि वैश्वीकरण के लाभ असमान रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने आगे कहा कि, हम एक अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं? सबसे पहले, स्वतंत्र प्रकृति के प्लेटफॉर्म को मजबूत और विस्तारित करके और कई डोमेन में विकल्पों को व्यापक बनाकर और उन पर अनावश्यक निर्भरता को कम करके, जिनका लाभ उठाया जा सकता है।




## चुनाव से पहले शरद पवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका अजित पवार के पास ही रहेगा 'घड़ी' का निशान

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट से गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा। दरअसल, कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का घड़ी चिह्न अजित पवार के पास ही रहेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यह फैसला आया है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि अजित पवार गुट को उसके पहले के आदेश का पलन करते हुए चुनाव प्रचार के दौरान 'डिस्क्लेमर' जोड़ना होगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि मामले पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भइयां की पीठ ने कहा, अगर हमें लगेगा कि जानबूझकर हमारे आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो हम खुद ही अवमानना की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। शरद पवार गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का यह अस्थायी फैसला आया है। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती थी, जिसमें पार्टी का नाम और चिह्न अजित पवार गुट को दे दिया गया था।

## कश्मीर में सेना के वाहन पर आतंकी हमला

श्रीनगर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग के नागिन इलाके में एलओसी के पास गुरुवार शाम 18 राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकियों ने हमला किया। आतंकियों की गोलीबारी में एक पोर्टर की मौत हुई।

पोर्टर सेना की मदद के लिए होते हैं, वे पहाड़ी इलाके और फ्रंट पोस्ट पर सामान पहुंचाने में मदद करते हैं। हमले में सेना के 4 जवान भी घायल हैं। सभी घायलों को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## डीएमके के भारत के नक्शे में अक्साई चीन-पीओके गायब

चेन्नई, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी पर देश की संप्रभुता के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया है। दरअसल डीएमके की एनआरआई विंग ने सोशल मीडिया पर भारत का नक्शा शेयर किया था, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन शामिल नहीं है। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद डीएमके ने इसे एक्स से हटा लिया है। इससे पहले भाजपा की तमिलनाडु यूनिट ने एक्स पर लिखा था, अलगाववाद को बढ़ावा देने से लेकर उत्तर-दक्षिण विभाजन से अशांति फैलाने और इसरो रॉकेट पर बेशर्मी से चीनी झंडा लगाने तक, हमने डीएमके की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में सब कुछ देख लिया है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा है कि ये नक्शा देश की जीडीपी में योगदान को दिखाता है, लेकिन भाजपा अपने खराब शासन को छिपाना चाहती है, इसलिए सिर्फ नक्शा देख रही। डीएमके ने यह भी आरोप लगाया कि यह नक्शा भारत सरकार ने ही बनाया है। डीएमके प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने विवादित नक्शे के लिए भारत सरकार को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। एलंगोवन बोले- यह तस्वीर राज्यों के देश की जीडीपी में योगदान को दिखाती है।



# यूपी उपचुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

लखनऊ, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजेपी ने यूपी विधानसभा उप चुनावों के लिए उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। बीजेपी ने गुरुवार को एक लिस्ट जारी की, जिसमें सात सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (अजा) से सुरेंद्र दिलेर को टिकट दिया गया है। कानपुर की सीसीमऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिर्जापुर की मझवां, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।

**करहल सीट**

मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट सपा का सबसे मजबूत गढ़ मानी जाती है। इस सीट पर वर्ष 2022 में अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल को हराया था। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में कन्नौज से सांसद बनने के बाद अखिलेश ने इस सीट से इस्तीफा दिया था। उपचुनाव के लिए सपा पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। तेज प्रताप मुलायम सिंह यादव के भाई के पौत्र और लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं।



**खैर सीट**

अलीगढ़ की खैर सीट जाट बाहुल्य है। इस सीट पर रालोद के मुखिया जयंत चौधरी का भी प्रभाव है। उनके बाबा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के समय से यह क्षेत्र परिवार से जुड़ा हुआ है। 2022 में भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की थी। लोकसभा चुनाव में वे हाथरस से जीते। उनके सांसद बनने के चलते खैर विधानसभा सीट रिक्त है।

**कुंदरकी सीट**

मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी विधानसभा सीट भाजपा के लिए चुनौती बनी हुई है। 2022 में चुने गए सपा विधायक जियाउर्रहमान बर्क के संभल से सांसद बनने के बाद रिक्त इस सीट पर अभी किसी पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की थी। क्षेत्र में 63 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। हालांकि हाल ही में हुए सर्वे में 22 हजार फर्जी मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनमें 15 हजार से अधिक मतदाता सपा समर्थित बताए गए हैं।

**मझवां सीट**

मीरजापुर की मझवां विधानसभा सीट कई दिग्गजों का अखाड़ा रह चुकी है। 2022 में निषाद पार्टी के टिकट पर भाजपा गठबंधन से डा। विनोद बिंद ने यहां से चुनाव जीता था। 2024 में भाजपा के टिकट पर डा। विनोद बिंद के भदोही से सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई है। मंझवा सीट से 2002, 2007, 2012 में लगातार तीन बार बसपा से चुनाव जीत चुके रमेश बिंद ने सपा में शामिल होने के बाद अपनी बेटी डा। ज्योति बिंद को पहली बार चुनावी मैदान में उतारा है। रमेश बिंद ने 2019 में भाजपा के टिकट पर भदोही से लोकसभा का चुनाव जीता था, हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर सपा में शामिल हो गए।

**सीसामऊ सीट**

वर्ष 2012 से लगातार तीन बार जीतने वाले इरफान सोलंकी को प्लाट कब्जाने के मामले में सात वर्ष की सजा होने पर खाली हुई सीसामऊ सीट पर 13 नवंबर को फिर घमासान होगा। 2009 में हुए परिसीमन से पहले तक सुरक्षित रही सीसामऊ सीट सामान्य होने के बाद से यहां भाजपा जीत के लिए तरस रही है। अब यहां 42 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं और सपा के इरफान सोलंकी पिछला चुनाव 50 प्रतिशत से अधिक मतों से जीते थे।

**कटेहरी सीट**

अंबेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट पर वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने जीत दर्ज की थी। बसपा छोड़कर आए लालजी वर्मा सपा से विधायक निर्वाचित हुए थे। सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दिया था। उपचुनाव के लिए सपा ने लालजी वर्मा की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शोभावती वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं बसपा ने अमित वर्मा को प्रत्याशी बनाया है।

**फूलपुर सीट**

प्रयागराज में फूलपुर विधानसभा सीट का उप चुनाव प्रवीण पटेल के सांसद बनने के बाद इस्तीफे की वजह से हो रहा है। वह 2022 में इस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीते थे। बीते विधानसभा चुनाव में मुज्तबा सिद्दीकी को 2,732 वोटों के अंतर से हराया था, वह फिर समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार हैं। सपा को पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक वोटरों पर भरोसा है। यह सीट भाजपा के लिए नाक की सीट बनी हुई है।

**मीरापुर सीट**

मीरापुर विधानसभा सीट वर्ष 2022 में राष्ट्रीय लोकदल की झोली में गई थी। तब रालोद-सपा का गठबंधन था। यहां से चंदन सिंह चौहान विधायक निर्वाचित हुए थे। लोकसभा चुनाव में चंदन को रालोद ने बिजनौर से चुनाव लड़ाया और उन्होंने जीत दर्ज की। उपचुनाव में एक तरफ भाजपा-रालोद गठबंधन है, तो दूसरी तरफ सपा-कांग्रेस गठबंधन है। इस सीट पर सर्वाधिक मतदाता मुस्लिम हैं। अनुसूचित जाति के साथ-साथ जाट बिरादरी का भी यहां खासा प्रभाव है।

**गाजियाबाद सीट**

गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से 2022 में विधायक चुने गए अतुल गर्ग को भाजपा ने लोकसभा चुनाव में केंद्रीय राज्यमंत्री और पूर्व सेनाध्यक्ष वीके सिंह का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाया था और वह इस सीट पर विजयी हुए।

## मोहल्ले के कुत्ते की हुई मौत तो ग्रामीणों ने किया अंतिम संस्कार, तेरहवीं, हवन और भोज भी कराया

शामली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के शामली जनपद में माजरा रोड नई बस्ती में लोगों ने कुत्ते की तेरहवीं मनाई। यह कुत्ता 12 साल से मोहल्ले में रह रहा था और लोग उसे लल्लू के नाम से पुकारते थे। कुत्ते की तीन दिन पहले मौत हो गई थी। जन्म के बाद से ही डेसी नस्ल का कुत्ता मोहल्ले में ही रहता था। वह सभी के घर पर आता जाता था और गली में चुपचाप बैठा रहता था। मोहल्लेवासियों का कहना है कि उसने कभी किसी को काटा नहीं था। सभी लोग उसे दुलार करते थे और सभी उसे खाना खिलाते थे।

जब कभी गांव वाले लल्लू को उदास देखते थे तो उसकी देखभाल भी करते थे। तीन दिन पहले बीमारी के चलते उसकी मौत हो गई। लोगों ने उसके शव का अंतिम संस्कार किया। बुधवार को उसकी तेरहवीं विधि विधान के साथ की गई। इस दौरान हवन का आयोजन किया गया और भोज की व्यवस्था की गई।

## अखिलेश यादव के ऐलान करते ही बीजेपी ने लिए मजे, उधर से कांग्रेस का भी आया जवाब

लखनऊ, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी उपचुनाव में सभी सीटों पर साइकिल चुनाव निशान पर लड़ने की घोषणा पर बीजेपी ने विपक्षी गठबंधन पर तंज कस है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि हाथ का पंजा खाली रह गया, कांग्रेस अब हाथ मलती रहे। सपा ने मुलायम सिंह वाला धोबी पछाड़ दांव कांग्रेस पर चल दिया है। भाजपा का 'कांग्रेस मुक्त' का नारा सपा ही साकार कर रही है। राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस अपनी दुर्दशा के लिए खुद जिम्मेदार है। सपा ने मध्य प्रदेश और हरियाणा विधानसभा चुनाव का बदला यूपी में लिया है। वहीं, अखिलेश



यादव के बयान पर कांग्रेस का भी बयान सामने आया है। पार्टी नेता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि इंडिया गठबंधन सभी 9 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। हमारे लिए चुनाव चिह्न महत्तवूर्ण नहीं है। हमारे लिए भाजपा के कुशासन का अंत महत्वपूर्ण है।

## मुजफ्फरपुर में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

मुजफ्फरपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत हुई है। मृतक व्यक्ति की पहचान हथौड़ी थाना क्षेत्र के डिहजीवर गांव के रहने वाला श्याम सहनी के रूप में हुई है। श्याम सहनी की मौत को लेकर कहा जा रहा है कि जहरीली शराब पीने से हुई है, लेकिन अब इस मामले में पुलिस का बड़ा बयान आया है। इस मामले में ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि जहरीली शराब पीने से मौत नहीं हुई है बल्कि थिनर (पेंट में मिलाया जाने वाला केमिकल) पीने से हुई है। मिली जानकारी के अनुसार श्याम सहनी टेंट हाउस के साथ-साथ कपड़ा दुकान भी चलाता था। श्याम के दो छोटे छोटे बेटे हैं। घटना को लेकर बताया जा जा रहा है कि हथौड़ी थाना क्षेत्र के डिहजीवर गांव में संदिग्ध पेय पदार्थ पीने से तीन लोग बीमार हो गए। इसमें श्याम सहनी की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य बीमार मनीष और विरोधी सहनी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इलेक्ट्रिक कार का रोड टैक्स वापस करने का आदेश

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- हाईब्रिड गाड़ी है, तो फिर वापस करें पैसे



प्रयागराज, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाईब्रिड इलेक्ट्रिक कार का रोड टैक्स वापस करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी शराफ व न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने द सनबीम एकेडमी एजुकेशनल सोसायटी की ओर दाखिल की गई याचिका पर दिया। याचिकाकर्ता ने टोयोटा इन्नोवा हाईक्रॉस कार खरीदी। इस पर उससे रोड टैक्स वसूल किया गया। याची ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के वकील ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग की ओर से 2 मार्च 2023 को जारी अधिसूचना के अनुसार हाईब्रिड इलेक्ट्रिक कारों पर रोड टैक्स माफ कर दिया गया है। एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल ने भी यह स्वीकार किया कि राज्य सरकार के 28 जून 2024 के आदेश के बाद से हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों पर रोड टैक्स नहीं लिया जा रहा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद याची को छह सप्ताह में रोड टैक्स वापस करने का आदेश देते हुए याचिका निस्तारित कर दी।

## मुंबई से बरामद लड़की संग अश्लीलता करने वाले कानपुर के दारोगा की पत्नी प्रिया भी बताने लगी इसके गंदे किस्से

कानपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। कानपुर में पुलिसकर्मियों की अश्लीलता की घटनाओं पर अब उनके अपने घरवाले ही आवाज उठाने लगे हैं। हाल ही में, रेलबाजार थाने के दारोगा गजेंद्र सिंह को एक महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया था। इस मामले में एक और नया मोड़ तब आया जब गजेंद्र सिंह की पत्नी प्रिया चौधरी खुद कानपुर के जॉइंट पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचीं और अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए। प्रिया ने अपने पति को चरित्रहीन बताया और कहा कि उसके कई महिलाओं के साथ अवैध संबंध हैं, जिनमें एक महिला दारोगा भी शामिल है।

## प्रेग्नेंट हुई सत्संग आश्रम में खेलने वाली बच्ची तो सामने आया बड़ा कांड ! प्रसाद में नशा देता था सेवादार



बुलंदशहर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के स्याना कोतवाली क्षेत्र स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास के परिसर में खेलने आती दो नाबालिग छात्राओं से रेप का मामला सामने आया है। वहां के 65 साल के सेवादार पर आरोप है कि उसने 8 माह तक प्रसाद देने के बहाने नशीली मीठी गोली खिला कर बच्चियों से रेप किया।एक नाबालिग बच्ची के चार माह की प्रेगनेंट हो जाने पर घटना का खुलासा हुआ। पीड़ित पक्ष के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बुलंदशहर जनपद के स्याना थाना क्षेत्र के एक गांव की दो छात्राएं जिनकी उम्र लगभग 14 वर्ष के आसपास है कक्षा 6 व 7 की छात्रा हैं। दोनों अलग-अलग परिवार से हैं।

वे रोज अपने गांव के पास स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास के परिसर में खेलने के लिए जाती थी। वहां पर एक सेवादार काम करता था जो कि इन बच्चियों को प्रसाद के नाम पर नशीली मीठी गोली खिला देता था और इनके साथ रेप किया करता था, आठ माह से सेवादार लगातार गंदी हरकत को अंजाम दे रहा था। मामला तब खुला, जब कक्षा सात की छात्रा के पेट में दर्द होना शुरू हुआ। परिजनों ने बेटी की डॉक्टर से जांच कराई तो पता चला कि वह चार माह की प्रेग्नेंट है। जब परिजनों ने बिटिया से इसके बारे में पूछा तो उसने परिवार वालों को सारी बात बताई।

इसके बाद बेटी ने यह भी बताया कि उसके साथ दूसरी उसकी सहेली भी आश्रम में जाती थी। ऐसे में उसके परिजनों से भी पूछताछ की गई।दूसरी छात्रा ने भी यही बात बताई। तब जाकर दोनों परिवारों ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और दोनों बच्चियों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## आगरा एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी, सीआईएसएफ ने शाहगंज थाने में दर्ज कराया मुकदमा

आगरा, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। आगरा एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। चार अक्टूबर को सीआईएसएफ आगरा एयरपोर्ट इकाई की ऑफिशियल मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश भेजा गया था। ईमेल की जानकारी गृह मंत्रालय को देने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बुधवार देर रात थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। धमकी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया है। साइबर सेल की टीम मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी कर रही है।

# 'नीतीश कुमार को बीजेपी ने हाईजैक कर लिया'

## तेजस्वी यादव के इस बयान पर जेडीयू का पलटवार

पटना, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर बिहार में सियासत शुरू हो गई है। तेजस्वी ने झारखंड के चतरा में कहा है कि बीजेपी ने उनके चाचा और बिहार के सीएम नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है। तेजस्वी के इस बयान पर अब जेडीयू ने पलटवार किया है। गुरुवार को जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि लालू यादव को किसने हाईजैक किया है? टिकट वितरण में कहा हैं लालू?

**'लालू को उनके बेटे ने मुस्कुराने लायक भी नहीं छोड़ा'**

जेडीयू नेता नीरज कुमार ने हमला बोलते हुए कहा, शिबू सोरेन को किसने हाईजैक कर लिया? मुलायम सिंह यादव को किसने हाईजैक किया था? परिवारवाद



की राजनीति करने वाले लोगों का यही हश्र होता है। आज लालू जी को मुस्कुराने लायक भी उनके बेटे ने नहीं छोड़ा है। इस मुद्दे पर जब गुरुवार को जेडीयू के एमएलसी खालिद अनवर से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार कोई नए लीडर नहीं हैं। नीतीश कुमार का सियासी सफर 45 साल का है। नीतीश कुमार ने कभी सिद्धांतों और उसूलों से समझौता नहीं किया।

**'तेजस्वी यादव को नहीं मिल सकती है सत्ता'**

खालिद अनवर ने कहा कि बीजेपी के बड़े नेताओं को भी उन्होंने (सीएम नीतीश कुमार) गिरफ्तार कराया और आरजेडी के बड़े नेताओं को भी गिरफ्तार कराया है। नीतीश कुमार पर हाईजैक का आरोप लगाकर तेजस्वी यादव यह बता रहे हैं कि वह सत्ता में आने के लिए व्याकुल हो गए हैं। तेजस्वी यादव समझ रहे हैं कि जब तक नीतीश कुमार हैं बिहार के 13 करोड़ बिहारी नीतीश कुमार से प्रेम को कम नहीं कर सकते। तेजस्वी यादव को सत्ता नहीं मिल सकती। बता दें कि झारखंड में विधानसभा का चुनाव है और तेजस्वी यादव बीते बुधवार को चतरा पहुंचे थे। यहां पार्टी (आरजेडी) की प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के पक्ष में आयोजित विशाल नामांकन सभा को उन्होंने संबोधित किया।

## सांसद के बयान के खिलाफ अररिया की सड़कों पर प्रदर्शन, तोड़फोड़ और आगजनी, 5 घंटे तक लगा जाम-

अररिया, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के अररिया में बीजेपी सांसद प्रदीप कुमार सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। सांसद के एक बयान पर विवाद हो गया है। इसके विरोध में गुरुवार को बड़ी संख्या में युवक हाथ में लाठी डंडे लेकर शहर के प्रमुख चौक पर जुट गए। उन्होंने रोड पर टायर जलाकर करीब 5 घंटे तक जाम लगा दिया। आक्रोशित युवक सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते रहे और सांसद से माफी मांगने की मांग करने लगे। सड़कों पर उतरे आक्रोशित युवकों ने बीजेपी सांसद के बैनर पोस्टर वाले गेट को तोड़ दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को हटाकर जाम खुलवाया। बीजेपी सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने विवादित बयान पर बुधवार को सफाई दी। सांसद ने कहा कि उन्होंने हिंदुओं को एकजुट होने को कहा था ना कि मुसलमानों को हिंदू बनाने की बात कही थी। आरजेडी ने उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है।

**तेजस्वी ने वीडियो जारी कर बीजेपी पर साधा निशाना**

प्रदीप सिंह के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने विरोध जताया है। आरजेडी नेता व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा,'इस देश की मिट्टी में सबकी महक और आजादी में सबका योगदान है। मैं हरेक व्यक्ति को भरोसा दिलाता हूं कि जब तक मेरी साँस है। मैं बिहार को बिहार को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने वाले हरेक व्यक्ति के सामने डट कर खड़ा रहूंगा।'

## नर्स से दुष्कर्म करने वाला झोलाछाप गिरफ्तार



कानपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नलगंज के फहीमाबाद में झोलाछाप ने नर्स से रेप किया। उसे नशे की मेडिसिन देकर क्लीनिक में दरिंदगी करता रहा। लडक़ी के विरोध करने पार जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता छह महीने पहले ही क्लीनिक में काम करने गई थी। लडक़ी के मामा ने बताया कि उनकी भांजी 17 साल की है। ट्यूजडे रात भांजी ने बताया कि वसीम उसके साथ रेप किया है। पता चला कि लडक़ी प्रेग्नेंट है। पीड़िता के मामा ने बताया कि हम रिश्तेदारों के साथ वसीम के घर पहुंचे तो उसके घर वालों ने धमकी दी और मारपीट की। वसीम के भाई ने पैसा लेकर मामला रफा-दफा कर देने का दबाव बनाया। इसके बाद रात करीब 2 बजे आरोपी वसीम को घसीटते हुए बाहर निकाला और बजरिया थाने ले गए। बजरिया पुलिस ने कर्नलगंज थाने भेजा। अब पुलिस ने आरोपी 50 साल के झोलाझाप वसीम अंसारी को अरेस्ट कर लिया है।

## बसपा ने यूपी उपचुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों की सूची जारी की

लखनऊ, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आठ प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से अमित वर्मा, प्रयागराज की फूलपुर सीट से जितेंद्र कुमार सिंह को, मुजफ्फरनगर के मीरापुर से शाहनजर को, कानपुर नगर की सीसामऊ सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह मैनपुरी की करहल सीट से डॉ. अवनीश कुमार शाक्य को, मुरादाबाद की कुंदरकी से रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा को, गाजियाबाद सीट पर परमानंद गर्ग और मिर्जापुर की मंझवा सीट पर दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। एक सीट पर प्रत्याशी की घोषणा अभी नहीं की गई है।

**घोषणा से पहले ही दाखिल किया नामांकन**

कटेहरी उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने भी मंगलवार को ही नामांकन दाखिल कर दिया था। कटेहरी से 2012 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके अमित इस बार बसपा से मैदान में हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद बसपा प्रत्याशी ने कहा था कि



उपचुनाव में बसपा की जीत तय है। बीजेपी प्रत्याशी ही घोषित नहीं कर पा रही है तो सपा में अंतर्कलह है।

**किसी के साथ गठबंधन न करने की पहले ही कर दी थी घोषणा**

हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पार्टी अब किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा था कि सभी राज्यों में और उपचुनाव में बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा था कि गठबंधन में बसपा का वोट तो ट्रांसफर हो जाता है पर अन्य दलों का वोट नहीं मिल पाता है।

## बालू के अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए नीतीश सरकार ने बनाया गजब का प्लान, अब जिलों को मिलेगी सुविधा

पटना, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। मानसून अवधि बीतने के बाद प्रदेश की नदियों से एक बार फिर बालू का खनन प्रारंभ हो गया है। फिलहाल ढ़ाई सौ से अधिक बालू घाटों से खनन प्रारंभ हुआ है, लेकिन इसके साथ ही नदियों से अवैध बालू खनन और परिवहन की घटनाएं भी बढ़ने की आशंका है। जिससे निपटने के लिए खान एवं भू-तत्व विभाग ने कमर कस ली है। बालू के अवैध खनन एवं परिवहन की वजह से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान होता है। हालांकि अवैध परिवहन और खनन पर कड़े अंकुश लगाने के लिए हाल ही में सरकार ने नए कानून भी बनाए हैं। बावजूद इस प्रकार की घटनाएं रुक नहीं रही। जिसे देखते हुए अब खान एवं भू-तत्व विभाग ने विशेष छापामारी और जांच अभियान चलाने के निर्णय लिए हैं। हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में विभाग के प्रधान सचिव के स्तर पर जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ जिलों में विशेष छापामारी अभियान चलाया जाए। इसके लिए जिलों को अतिरिक्त पुलिस फोर्स की सुविधा दी जाएगी ताकि छापामारी अभियान निरंतर चले।

## योगी सरकार के रडार पर यूपी के मदरसे एटीएस खंगालेगा कुंडली; लेटर मिलने से हड़कंप



बहराइच, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेपाल सीमा से सटे अवैध मदरसे सरकार के रडार पर हैं। एक वर्ष पूर्व कराए गए सत्यापन में 491 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मिलने के बाद एटीएस को उनकी जांच सौंप दी गई है। निदेशक का पत्र मिलने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है। एटीएस के जल्द जांच शुरू करने की उम्मीद है। नेपाल सीमा से सटे जिले में अल्पसंख्यक विभाग के पास मान्यता प्राप्त 290 और सहायता प्राप्त 11 मदरसों का ब्यौरा था। सितंबर 2023 में शासन के निर्देश पर गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सत्यापन शुरू किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र की अगुआई में सदर तहसील क्षेत्र में सत्यापन हुआ, जबकि कैसरगंज, महसी, पयागपुर, नानपारा और मिहींपुरवा में एसडीएम के नेतृत्व में टीमों ने मदरसों का सत्यापन किया। सत्यापन में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि लगभग 30 से 35 सालों से कई मदरसे अवैध रूप से चलते मिले। इन मदरसों को मिलने वाली फंडिंग का ब्यौरा मांगा गया तो आवामी चंदे की बात कहकर संचालकों ने किनारा कस लिया। इसके बाद शासन ने पूरे मामले की जांच एसआइटी को सौंपी थी। बीते दिनों दी गई रिपोर्ट में मदरसों की फंडिंग की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण इनको बंद करने की सिफारिश कर दी गई। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे। रीभा ने 21 अक्टूबर को जिला मुख्यालय को पत्र भेज कर बताया है कि एटीएस के एडीजी ने पत्र भेजते हुए सूची उपलब्ध कराई है। मकतब के संचालन और अब तक उनके पंजीकरण न होने समेत अन्य बिंदुओं की जांच में एटीएस के पुलिस महानिरीक्षक को सहयोग देने के निर्देश जारी किए गए हैं। यहां एटीएस का थाना पहले से स्थापित है। शासन का पत्र मिल गया है। अभी तक किसी टीम ने संपर्क नहीं किया है। आने पर सहयोग देते हुए हर स्तर पर गहनता से जांच कराई जाएगी। आदेश मिलने पर अग्रिम कार्रवाई के संबंध में पत्राचार किया जाएगा।

## ये किस ओर जा रहे हम? गाजियाबाद में उर्दू टीचर को देखा- 'जय श्री राम' बोलने को मजबूर किया, लिफ्ट से धक्के मारकर उतारा

गाजियाबाद, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। गाजियाबाद के क्रॉसिंग्स रिपब्लिक की एक सोसायटी में शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां एक उर्दू टीचर को वहां रहने वाले शख्स ने न सिर्फ गाली दी, उसे जबरन जय श्री राम बोलने को मजबूर तक किया गया। यहां तक की उसे जबरन धक्के मारकर लिफ्ट से उतार दिया गया। कहा गया कि इस सोसायटी में मुसलमान कब से आने लगे।। इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो उसने कार्रवाई करते हुए आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। दरअसल, मंगलवार को टीचर मोहम्मद आलमगीर पंचशील वेलिंगटन सोसायटी के एक फ्लैट में रोज की तरह उर्दू पढ़ाने आए थे। जब वे ग्राउंड फ्लोर पर खड़े थे तो मनोज कमार नामक शख्स ने उन्हें लिफ्ट का इंतजार करते देखा। आलमगीर ने बताया कि कुमार ने "पहले मुझे अजीब तरीके से देखा" और पूछा कि वह कहां जा रहा है। उन्होंने कुमार को बताया कि वे सोसायटी की 16वीं मंजिल पर एक फ्लैट में उर्दू पढ़ाते हैं, तो कुमार ने कथित तौर पर उनसे कहा कि "जय श्री राम" बोलो। आलमगीर ने कुमार की बात को अनसुना कर दिया,

सुविचार: अगर आप अपने प्रश्नों के हल ढूंढ रहे हैं तो आश्चर्यजनक उत्तरों के लिए तैयार रहिए

# दक्षिण मध्य रेलवे ने तेलंगाना और कर्नाटक के सांसदों के साथ बैठक की

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने गुरुवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में एससीआर क्षेत्राधिकार से संबंधित तेलंगाना और कर्नाटक राज्यों के सांसदों के साथ बैठक की। जी. किशन रेड्डी, केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री समेत तेलंगाना और कर्नाटक राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 10 सांसदों ने आयोजित बैठक में भाग लिया। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर भारतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल, लोकेश विश्नोई, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद मंडल, एससीआर के प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी बैठक में शामिल हुए।




महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और उन्हें यात्री सेवाओं, माल लदान, गुड्स शेड विकास, विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, डिजिटल पहल, नई ट्रेनों की शुरूआत के साथ बढ़ी हुई कनेक्टिविटी, विशेष ट्रेनों का संचालन, अतिरिक्त कोचों की संख्या में वृद्धि, स्टेशनों, ट्रेनों की सफाई, हरित पहल आदि से संबंधित दक्षिण मध्य रेलवे के प्रदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान दक्षिण मध्य रेलवे ने नई लाइनों, दोहरी लाइनों, गेज परिवर्तन आदि के रूप में 415 किलोमीटर का ट्रैक जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बड़े पैमाने पर स्टेशन पुनर्विकास किया गया है। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान, एससीआर ने 141 मिलियन टन माल लोड किया है जो स्थापना के बाद से सबसे अधिक है, जिससे 13,620 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक राजस्व उत्पन्न हुआ है। इसी तरह, जोन ने यात्री खंड से 5731 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक राजस्व और 20,339 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक सकल मूल राजस्व उत्पन्न किया है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 के दौरान, जोन ने सितंबर के अंत तक 67 मिलियन टन का माल लदान हासिल किया है, जिससे 6,610 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ है। अरुण कुमार जैन ने कहा कि तेलंगाना राज्य में पिछले 10 वर्षों के दौरान रेल संपर्क बढ़ाने के लिए, एससीआर ने 5 प्रतिष्ठित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित पूरे जोन में 67 नई ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, पिछले 10 वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में लगभग 268 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 40 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे सड़क और रेल सुरक्षा में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य में 29 स्टेशनों पर कुल 64 लिफ्ट और 8 स्टेशनों पर 27 एस्केलेटर उपलब्ध हैं। बैठक के दौरान सांसदों ने एससीआर की पहल की सराहना की और अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रेलवे विकास कार्यों/सेवाओं से संबंधित कई मुद्दे उठाए। सदस्यों द्वारा उठाई गई मांगों में नई रेलवे लाइनों का निर्माण, नई ट्रेनों की शुरूआत, मौजूदा ट्रेनों के लिए अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान, रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का निर्माण और बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान करना आदि शामिल थे। महाप्रबंधक ने कहा कि इस बैठक में विचार-विमर्श से रेलवे को इस क्षेत्र के लोगों के लिए रेलवे विकास योजनाओं को अंतिम रूप देने में काफी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि नए कार्यों/सेवाओं के प्रस्ताव तैयार करते समय सदस्यों द्वारा व्यक्त किए गए सुझावों और विचारों पर उचित ध्यान दिया जाएगा। बैठक में जी. किशन रेड्डी कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार, के.आर. सुरेश रेड्डी, संसद सदस्य, राज्य सभा, संसद सदस्य (लोकसभा) गोदाम नागेश, आदिलाबाद, आर. रघुराम रेड्डी, खम्मम, बलराम नाइक पोरिका, महबुबाबाद, डी.के.अरुणा, महबूबनगर, इटेला राजेंदर, मल्काजगिरि, रघुनंदन राव माधवनेनी, मेदक, डॉ. कडियम काव्य, वारंगल, सागर ईश्वर खंड्रे, बीदर और राधाकृष्ण डोड्डामणि, कलबुर्गी ने भाग लिया।

## अंशकालिक शिक्षकों ने की सहायक प्रोफेसर बनने की मांग

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना अखिल विश्वविद्यालय अंशकालिक शिक्षक संघ (टी-एयूपीटीए) ने कांग्रेस सरकार से अंशकालिक व्याख्याताओं को सहायक प्रोफेसर (अनुबंध) के रूप में परिवर्तित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अंशकालिक व्याख्याताओं और सहायक प्रोफेसरों (सी) दोनों का चयन चयन समिति के माध्यम से समान प्रक्रिया के तहत किया गया था। अंशकालिक व्याख्याताओं ने कहा कि उन्हें सहायक प्रोफेसरों (सी) के बराबर प्रति सप्ताह पूरा कार्यभार दिया जा रहा था, फिर भी उन्हें सबसे कम वेतन दिया जा रहा था।

एसोसिएशन ने कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों की सेवानिवृत्ति हो रही है और सेवानिवृत्त प्रोफेसरों का कार्यभार भी अंशकालिक व्याख्याताओं को सौंपा जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पूरा कार्यभार हो गया है।

# एईओ का निलंबन अपमानजनक

> केटीआर ने की सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने 165 कृषि विस्तार अधिकारियों (एईओ) और 20 कांस्टेबलों के निलंबन की निंदा करते हुए इसे अपमानजनक और अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने निलंबित कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की और राज्य सरकार से सरकारी कर्मचारियों के साथ बातचीत करके उनके मुद्दों को हल करने का आग्रह किया।

रामाराव ने कर्मचारियों के निलंबन और उन्हें अपनी चिंताओं को उठाने के अधिकार से वंचित करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों के बीच बढ़ते असंतोष को उजागर करते हुए कहा कि यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों को भी आम लोगों के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर नई नौकरियां देने के बजाय मौजूदा नौकरियां खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हर साल दो लाख नौकरियां देने का वादा किया था,



लेकिन रेवंत रेड्डी सरकार कर्मचारियों को हटा रही है और मौजूदा नौकरियां भी छीन रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की विफलताओं की तुलना बीआरएस की कर्मचारी कल्याण के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता से की। उन्होंने कहा कि बीआरएस हमेशा सरकारी कर्मचारियों के कल्याण के लिए खड़ा रहा है।

गुरुवार को आदिलाबाद जाते समय रामा राव ने डिचपल्ली में 7वीं बटालियन मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे पुलिस कांस्टेबलों के परिवारों से बातचीत की। उन्होंने उनकी पीड़ा सुनी और संबंधित पुलिस अधिकारियों से बात की, उनसे जल्द से जल्द परिवारों की शिकायतों का समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने पुलिस कांस्टेबलों के परिवारों को यह भी आश्वासन दिया कि अगर सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती है, तो बीआरएस विरोध प्रदर्शन में शामिल होगी और उनकी ओर से लड़ेगी।

# राइनलैंड ने तेलंगाना में निवेश करने में रुचि दिखाई : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जर्मनी के राइनलैंड राज्य ने तेलंगाना में निवेश करने और व्यावसायिक साझेदारी स्थापित करने में गहरी रुचि व्यक्त की है, तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री, दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने खुलासा किया। आर्थिक मामलों, परिवहन, कृषि और वाइनकल्चर मंत्री, डेनिएला स्मिट के नेतृत्व में राइनलैंड के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सचिवालय में श्रीधर बाबू से मुलाकात की। इस बैठक में चेन्नई में संघीय गणराज्य जर्मनी की महावाणिज्यदूत माइकेला कुचलर, हैदराबाद में जर्मनी की मानद वाणिज्यदूत अमिता देसाई और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। रसायन, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, टीके, पैकेजिंग, पोल्ट्री, कृषि, ऑटोमोबाइल और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में साझेदारी और निवेश के अवसरों की खोज पर चर्चा केंद्रित थी। इस अवसर पर, श्रीधर बाबू ने तेलंगाना के व्यापार-अनुकूल वातावरण और फास्ट-ट्रैक अनुमोदन प्रदान करने में नेतृत्व पर प्रकाश डाला, जिससे यह एक पसंदीदा निवेश गंतव्य बन



गया है। उन्होंने नवाचार, उन्नत विनिर्माण और अनुसंधान के लिए विश्व स्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और कहा कि तेलंगाना वैश्विक निवेश का समर्थन करने के लिए सक्रिय रूप से ऐसे ढांचे का निर्माण कर रहा है। श्रीधर बाबू ने कहा, दोनों क्षेत्रों के बीच महत्वपूर्ण समानताएं हैं और साथ मिलकर काम करके हम आपसी आर्थिक विकास हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कुशल मानव संसाधन और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ वैश्विक उद्योगों का ध्यान आकर्षित करते हुए जीवन विज्ञान और दवा निवेश के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में तेलंगाना की बढ़ती प्रतिष्ठा को भी रेखांकित किया। मंत्री ने राइनलैंड के प्रतिनिधिमंडल को बायोएशिया 2025 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया, जो तेलंगाना का प्रमुख कार्यक्रम है जो जीवन विज्ञान पर केंद्रित है। बदले में, प्रतिनिधिमंडल ने श्रीधर बाबू को राइनलैंड की अर्थव्यवस्था और उद्योगों का पता लगाने के लिए राइनलैंड आने का निमंत्रण दिया। दोनों पक्षों ने तेलंगाना और राइनलैंड के बीच एक सिस्टर स्टेट साझेदारी स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की, ताकि प्रमुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इस बैठक में टीजीआईआईसी (तेलंगाना इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन) के प्रबंध निदेशक विष्णु वर्धन रेड्डी और तेलंगाना लाइफ साइंसेज सेक्टर के सीईओ शक्ति नागप्पन ने भाग लिया। राइनलैंड प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा तेलंगाना के पसंदीदा वैश्विक निवेश गंतव्य बनने की यात्रा में एक और मील का पत्थर है। अपनी सक्रिय नीतियों, उन्नत बुनियादी ढांचे और नवाचार-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र के साथ, तेलंगाना खुद को एक औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, जो विभिन्न क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय निवेश आकर्षित कर रहा है।

## कुलपति ने शीर्ष 10 राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए किया सामूहिक प्रयास का आह्वान

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अलदास जनय्या ने विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष 10 कृषि विश्वविद्यालयों में से एक बनाने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। गुरुवार को यहां विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रो. जनय्या ने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय रैंकिंग को ऊपर उठाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, पीजेटीएयू 37वें स्थान पर है, अगले तीन वर्षों में शीर्ष दस में पहुंचने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर जनवरी तक नियुक्ति कर दी जाएगी तथा रिक्त पदों पर सरकारी नीतियों के अनुरूप नियुक्ति की जाएगी।

# एमएलसी ने दलबदल पर असंतोष व्यक्त किया

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एमएलसी जीवन रेड्डी ने तेलंगाना में चल रहे दलबदल पर अपनी निराशा व्यक्त की है, उन्होंने कहा कि वह पार्टी के भीतर की बेईमानी को पचा नहीं पा रहे हैं। गुरुवार को यहां मीडिया से बात करते हुए, जीवन रेड्डी ने कहा कि वह अपनी ही कांग्रेस पार्टी द्वारा बहुत अपमानित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को एक पत्र लिखकर अपनी चिंता व्यक्त की है। पत्र में, उन्होंने पार्टी द्वारा उनके साथ किए गए व्यवहार पर अपनी निराशा व्यक्त की और कहा कि उनका भविष्य का कदम पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने इस स्थिति की तुलना पिछले मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से की, जिन्होंने दलबदल से निपटने का तरीका अपनाया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा इस तरह के कृत्यों को बढ़ावा दिए जाने से लोग भी उतने ही हैरान हैं। कांग्रेस एमएलसी ने स्वीकार किया कि वह मानसिक परेशानी की स्थिति में पत्र लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में दलबदल करने वाले विधायकों को विशेष मान्यता दी जा रही है। उन्होंने नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया और पार्टी में शामिल होने वाले सदस्यों के बीच जवाबदेही की कमी की निंदा की। जीवन रेड्डी के अनुसार, तेलंगाना में कांग्रेस के पास संख्यात्मक ताकत होने के बावजूद, वह दलबदल की लहर को रोकने में असमर्थ रही है। उन्होंने दलबदल करने वालों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने के लिए पार्टी नेताओं की आलोचना की, खासकर पूर्व स्पीकर पोच्चाराम श्रीनिवास रेड्डी की ओर इशारा करते हुए, जिन्हें उन्होंने दलबदल के पीछे "गैंग लीडर" करार दिया। जीवन रेड्डी ने पोच्चारम पर अपने आवास पर बैठकें करने और पार्टी की परेशानियों के लिए दलबदल करने वालों को दोषी ठहराने का आरोप लगाया। वह हाल ही में हुई एक घटना से भी नाराज थे, जिसमें जगितियाल के एक विधायक (जो हाल ही में पार्टी में शामिल हुए थे) ने कथित तौर पर अपने एक करीबी सहयोगी की हत्या की साजिश रची थी। जीवन रेड्डी, जिन्होंने एक दशक तक बीआरएस नेता का विरोध किया था, ने पाया कि ऐसे व्यक्तियों का अब कांग्रेस में स्वागत किया जाना अस्वीकार्य है।

उन्होंने सवाल उठाया कि विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं पर हमला करने वाला कोई व्यक्ति अब पाला बदलने के बाद एक वफादार पार्टी सदस्य के रूप में कैसे पेश आ सकता है।

# सरकार ने सिंगरेणी के श्रमिकों के लिए 358 करोड़ रुपये के दिवाली बोनस की घोषणा की

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गुरुवार को सिंगरेणी के श्रमिकों के लिए बहुप्रतीक्षित दिवाली बोनस की घोषणा की। उत्पादन से जुड़ी पुरस्कार योजना (पीएलआरएस) के तहत, इस उद्देश्य के लिए कुल 358 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 50 करोड़ रुपये अधिक है। प्रत्येक श्रमिक को इस बोनस के हिस्से के रूप में 93,750 रुपये मिलेंगे, जो शुक्रवार दोपहर तक उनके खातों में जमा हो जाएंगे। इस बोनस से सिंगरेनी में कार्यरत लगभग 40,000 श्रमिकों को लाभ होगा, जिससे उन्हें त्योहारी सीजन से पहले वित्तीय राहत मिलेगी। यह पहल जेबीसीसीआई नीतियों के तहत प्रथाओं के अनुरूप है, जहां बोनस कंपनी द्वारा प्राप्त उत्पादन स्तरों से जुड़ा होता है। समय पर संवितरण सुनिश्चित करने के लिए उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, दिवाली के ठीक समय पर बोनस का भुगतान किया जाता है। दिवाली बोनस के अलावा, श्रमिकों को हाल ही में अन्य वित्तीय प्रोत्साहन भी मिले हैं, जिसमें 33 प्रतिशत लाभ-साझाकरण शामिल है, जो 796 करोड़ रुपये है। इस लाभ-साझाकरण योजना से प्रत्येक श्रमिक को औसतन 1.9 लाख रुपये मिले, जबकि आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रत्येक को 5,000 रुपये दिए गए। इसके अलावा, प्रत्येक श्रमिक को त्यौहारी अग्रिम के रूप में 25,000 रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया, जिससे केवल एक महीने के अंतराल में कुल वितरण लगभग 1,250 करोड़ रुपये हो गया।

# चुनावों के लिए तेलंगाना के संसाधनों का इस्तेमाल! आलोचनाओं के घेरे में कांग्रेस

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों में घिरी हुई है, जिसमें तेलंगाना केंद्र बिंदु बनकर उभरा है। संकेत मिल रहे हैं कि कांग्रेस महाराष्ट्र और झारखंड सहित अन्य राज्यों में चुनावों के साथ-साथ वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए तेलंगाना के संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है। विभिन्न पक्षों द्वारा लगाए गए ये आरोप नए नहीं हैं, लेकिन इनसे पार्टी के वित्तीय लेन-देन की बढ़ती जांच को बल मिलता है, विशेष रूप से मूसी नदी पुनरुद्धार परियोजना के मद्देनजर, जिस पर 1.5 लाख करोड़ रुपये की लागत से काम शुरू किया जा रहा है।

हाल ही में, शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से कर्नाटक और तेलंगाना के साथ महाराष्ट्र की सीमाओं को सील करने का आग्रह किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि इन कांग्रेस शासित राज्यों से महाराष्ट्र में सैकड़ों करोड़ रुपये आ रहे हैं। शिवसेना प्रवक्ता किरण पावस्कर ने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना के व्यक्तियों को कथित



तौर पर विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए महाराष्ट्र में बड़ी मात्रा में धन पहुंचाने का काम सौंपा गया हैं। यह तेलंगाना में कांग्रेस नेताओं पर कर्नाटक के वाल्मीकि घोटाले से जुड़े गंभीर आरोपों के बाद हुआ है, जिसमें कथित तौर पर एक कल्याण निगम से 89.62 करोड़ रुपये की राशि निकालकर कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस के अभियानों के लिए इस्तेमाल की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामले दर्ज किए हैं, जिसमें कहा गया है कि चुराई गई राशि का एक हिस्सा, लगभग 20 करोड़ रुपये, तेलंगाना और कर्नाटक में लोकसभा चुनावों के लिए शराब खरीदने में इस्तेमाल किया गया था।

केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार समेत भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि तेलंगाना से मिलने वाले फंड का इस्तेमाल हरियाणा, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर जैसे दूसरे राज्यों में होने वाले चुनावों में किया जा रहा है। संजय कुमार ने हाईड्रा सिस्टम को रियल एस्टेट से फंड जुटाने का एक अहम तरीका बताया है। हाईड्रा गरीबों और मध्यम वर्ग की संपत्तियों को निशाना बना रहा है, लेकिन बड़ी रियल एस्टेट फर्मों और कुलीन वर्ग की संपत्तियों को निशाना नहीं बना रहा है।

इस हफ़्ते, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेताओं का हेलीकॉप्टर से उतरते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विपक्षी दलों ने तुरंत इस ओर ध्यान दिलाया कि गांधी परिवार तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा किराए पर लिए गए उसी हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कई मंत्रियों के जिलों के दौरे समेत आधिकारिक उद्देश्यों के लिए कर रहा था।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि तेलंगाना कांग्रेस के लिए एटीएम बन गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावों के लिए आरआर टैक्स (रेवंत रेड्डी टैक्स) से धन जुटाया जा रहा है। बढ़ते दबाव के कारण, कांग्रेस के लिए अन्य राज्यों में राजनीतिक लाभ के लिए तेलंगाना के संसाधनों के दुरूपयोग के आरोपों को नजरअंदाज करना मुश्किल हो रहा है।



आईटी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू को पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद और महासचिव शेखर रेड्डी ने 6 नवंबर को हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा आयोजित वार्षिक साइबर सुरक्षा और जागरूकता सम्मेलन (एचसीएससी) में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

**पूर्व तट रेलवे**

01) निविदा सूचना सं. eT-BR-WAT-36-2024, दिनांक : 18.10.2024
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियंता/ ब्रिज/ वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन पलासा-विजयनगरम मुख्य लाइन, लड्डा-विजयनगरम RV लाइन और नौपाडा-गुनुपुर NG लाइन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ ब्रिज/विजयनगरम सेक्शन के अंतर्गत 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए पुल कार्यों के निष्पादन हेतु ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
कार्य की अनुमानित लागत (₹): 49,50,492.00, EMD (₹) : 99,000.00

02) निविदा सूचना सं. eT-BR-WAT-37-2024, दिनांक : 18.10.2024
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियंता/ ब्रिज/ वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरुकोंडा-विशाखापट्टनम-दुव्वाडा मुख्य लाइन और MYD यार्ड लाइन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ ब्रिज/वाल्टियर सेक्शन के अंतर्गत 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए पुल कार्यों के निष्पादन हेतु ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।
कार्य की अनुमानित लागत (₹): 49,21,389.91, EMD (₹) : 98,400.00

कार्य पुरा होने की अवधि : 09 (नौ) महीने (दोनों निविदा हेतु)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय (दोनों निविदा हेतु): दिनांक 12.11.2024 को 1500 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।
मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-661/P/24-25

**BEFORE THE DISTRICT CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION: RANGA REDDY DISTRICT : AT L.B.NAGAR**
C.C.No. 325 of 2024
Between :
Vinod Patil ...Complainant
And
M.D.Cars, used cars advisor, Rep.by. Ahmed Khan, And another ...Opposite Parties
NOTICE
To,
Mir Mohiuddin Ali Khan, S/o late Mir Tilawath Ali Khan, R/o. H.No. HIG-A-15, Near Police Station, Santosh Nagar Colony, Saidabad, Hyderabad-59.
Please take notice that the complainant herein had filed the above case against you and another, praying to pass judgment and decree/order against you and another party to repay amount of Rs.1,00,000/- taken from complainant in the form of advance amount on date 28.11.2023, to pay compensation of Rs.1,00,000/- to the complainant towards mental agony and suffering sustained by the complainant due to acts of sheer illegal acts, to pay to the complainant costs of Rs.10, 000/- towards litigation expenses and to pass such other order or orders against the opposite parties as the Hon'ble Forum may deem fit and proper in the circumstances of the case and in the interest of Justice and equity. Please take note that the Hon'ble Forum has ordered paper publication by allowing the petition while posting the above case to 25.11.2024. Please take notice that the above case will come up before the District Consumer Dispute Redressal Commission: Ranga Reddy: At L.B.Nagar on 25.11.2024 at 10:30 AM, you are required to be present on the said date either in person or be represented through an advocate duly instructed by you, failing which appropriate orders will be passed. Hence, this NOTICE.
[BY ORDER OF THE COURT]
Sd/- ANURAG COTIPALLY, Advocate
Hyderabad

**PUBLIC NOTICE**
The General Public hereby informed that my Client has agreed to purchase the Flat No.1-8-163/2/302 PTI No. 1180119580 in 3rd Floor in the building known as "INNOVATION APARTMENTS", having built up area of 1600 Sq.feet inlcuding common areas with Undivided share of land 31.2 Sq.yards out of 2300 Sq.yards & one car parking Slot No.23 in Stilt area having a built up area of 100 sq.feet with Undivided share of land 6.1 Sq.yards situated at Prenderghast Road, Secunderabad, Telangana, with its Owners (1) Mrs. MANVEEN KAUR ANAND W/o Vineet Singh Anand, (2) Mrs. PRAVEEN KAUR SETHI W/o Kavalpreet Singh Sethi and (3) Mrs. RAVNEET KAUR ARORA W/o Puneeth Singh Arora, all Daughters of Late Gurmeet Singh Kohli, and also paid substantial amount to them as an advance sale consideration.
If anybody is having any kind of right, title or interest in respect to the above said property then he/she/they may submit the objections in writing to the undersigned within 7 (Seven) Days from the date of publication of this notice, failling which my client will proceed with the sale transaction and no objection/s whatsoever will be entertained thereafter.
DATE: 24-10-2024
Sd/- SUJIT JAISWAL
Advocate,
C/o THAKUR ASSOCIATES, F.No.G1, 3-4-340/1, SARASWATI RESIDENCY, BARKATPURA, KACHIGUDA, HYDERABAD.T.S. Mobile No.7649999999

**पूर्व तट रेलवे**
नीलामी सूचना
01. नीलामी सूची सं. WAT-SL-Pod-01
विवरण : विशाखपट्टणम रेलवे स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड्स की स्थापना, संचालन और रखरखाव।
02. नीलामी सूची सं. WAT-Magazine-01
विवरण : 20833-34 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत, 22701-02 विशाखपट्टणम - गुंटूर - विशाखपट्टणम डबल डेकर और 08551-52 विशाखपट्टणम - किरन्दुल - विशाखपट्टणम एक्सप्रेस के विस्टाडोम कोच में यात्रियों के लिए ऑन-बोर्ड लाइफस्टाइल मैगजीन का वितरण।
ट्रिप्स/दिन : 1826 (क्र.सं. 01) एवं 1095 (क्र.सं. 02), लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 04.11.2024 को 1100 बजे (क्र.सं. 02) एवं 04.11.2024 को 1200 बजे (क्र.सं. 01), लॉट बंद होने की तिथि : 04.11.2024 को 1130 बजे (क्र.सं. 02) एवं 04.11.2024 को 1230 बजे (क्र.सं. 01), न्युनतम वृद्धि : 0.2% (क्र.सं. 01 एवं 02)
उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर
PR-662/P/24-25

**NOTICE FOR REGISTRATION OF NEW POLITICAL PARTY**
(Published as per the directions of Telangana State Election Commisssion)
Date: 24.10.2024
Notice is hereby given to the general public that Sri T. Shivaprasad President intends to register a political party without reserved symbol with the State Election Commission, Telangana, under the name and style of "Vidyarthi Sena" with location of its head office H.No: 3-4-608, Vidyarthi Bhavan, Narayanguda, Hyderabad-500029, Telangana. Under the Registration of Political parties and Allotment of Symbols Order, 2018. The Main office bearers of the Party are 1) Sri T.Shivaprasad (President); 2) Sri C.Balraj (Vice President) 3) Sri K.Ramu (General Secretary); 4) Sri G.Naresh (Treasurer). Objections, if any, for such registration from the general public, shall be sent to the Secretary, State Election Commission, Telangana, 1st Floor, DTCP Building, Opp: PTI Building, A.C. Guards, Hyderabad - 500 004 within 15 days from the date of publication of this notice. If no objections are received within the time stipulated, the Commission will process to register "Vidyarthi Sena" as a Political Party to contest elections to local Bodies (Sthanika Samsthalu) held on party basis in Telangana State.
T. Shivaprasad
President, Vidyarthi Sena.

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 25 अक्टूबर- 2024

# एमवीए का पेच सुलझा

महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी फिजा सिर चढ़कर बोल रही है। इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर ऐसा पेच फंसा कि गठबंधन के वजूद पर ही संकट छा गया था, लेकिन सियासत के दो महारथी शरद पवार और लालू प्रसाद यादव की चाल से बिगडी बात बन गई। महाराष्ट्र में महा विकास अखाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना और कांग्रेस आमने-सामने हो गई थी। यहां तक कि अकेले चुनाव लड़ने तक की बातें होने लगी थीं। यही हाल झारखंड में था। तेजस्वी यादव पार्टी के सम्मान के लिए अड गए थे। ऐसे में लालू प्रसाद एवं शरद पवार की इंट्री से उफनता ज्वारभाटा शांत हो गया। सीट शेयरिंग पर बात बन गई। 288 सीटों वाले महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग का पेच ऐसा फंसा था कि शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत बार-बार संकेत दे रहे थे कि सीटों पर बात नहीं बनी तो एकला चलेंगे। एकला चलो रे का राग महाराष्ट्र कांग्रेस के भीतर भी गूंजने लगा था। समझौते की सारी संभावनाएं खत्म होते देख राज्य कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से गुहार लगाई। आनन-फानन में हाई कमान ने राज्य के नेताओं को चर्चा के लिए दिल्ली तलब किया। खरगे ने कांग्रेस विधायक दल के नेता बाला साहेब थोराट को जिम्मेदारी दी कि मामले को सुलझाने के लिए वह शरद पवार और उद्धव ठाकरे से बात करें।थोराट ने पवार और ठाकरे दोनों से संक्षिप्त मुलाकात भी की लेकिन बात नहीं। शिवसेना यूबीटी पहले से ही सीट शेयरिंग पर अधीर हुए जा रही थी। ऐसे में शरद पवार की एंट्री होती है। उन्होंने मंत्र दिया कि यदि एमवीए बंटा तो कट जाएगा। महायुति के लिए पूरा मैदान साफ हो जाएगा। शरद पवार ने संजय राउत, थोराट और उद्धव ठाकरे से बात की। उसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, शिवसेना यूबीटी के संजय राउत, एनसीपी (एसपी) के जयंत पाटिल और कांग्रेस के विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट संग शरद पवार ने बैठक की। उनके हस्तक्षेप के बाद बिगड़ती दिख रही बात बन गई। 255 सीटों का मसला तो चुटकियों में सुलझ गया। तय हुआ कि गठबंधन की तीनों प्रमुख पार्टियां यानी कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी एसपी 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। 18 सीटें गठबंधन की अन्य पार्टियों के लिए छोड़ दी गईं। बाकी बचीं 15 सीटों का मसला हल नहीं हो पाया है। इनमें से 3 सीटें मुंबई और 12 विदर्भ की हैं। शरद पवार ने समझाया कि जिन पर सहमति बन गई, वहां उम्मीदवार तय करने, पर्चा दाखिल करने का काम चले। बाकी 15 सीटों को लेकर बातचीत चलती रहेगी। इसी तरह बिहार विभाजन के बाद बने झारखंड में 81 सीटें हैं। आरजेडी की कोई खास ताकत वहां नहीं है लेकिन उसका वजूद तो है ही। तेजस्वी यादव सम्मानजनक सीटें चाहते थे। जबकि कांग्रेस और जेएमएम अपना फायदा देख रही थी। दूसरी ओर आरजेडी के सांसद मनोज झा दावा कर रहे थे कि झारखंड में कम से कम 15 से 18 सीट ऐसी हैं जहां उनकी पार्टी अपने दम पर बीजेपी को पटखनी दे सकती है। ये और बात है कि पिछली बार उनकी पार्टी 7 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और सिर्फ एक ही सीट जीत पाई थी। सीटों के पेच से तेजस्वी यादव नाराज हो गए। अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान करने ही वाले थे कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव को भनक लग गई। गठबंधन को बिखरता देख लालू ने जेएमएम नेता और सीएम हेमंत सोरेन को फोन घुमा दिया। उनके दखल से ही बात बन गई। आरजेडी अब इंडिया गठबंधन के बैनर तले ही चुनाव लड़ेगी। उसके खाते में 6 सीटों पर उम्मीदवारी आई है।

# राष्ट्रहित में विदेशी नैरेटिव तोड़ने की घड़ी

अनिल धर्मदेश

इजराइल पर हमास और हिजबुल्ला के हमले के बाद छिड़े युद्ध में वार-प्रतिवार की नैतिकता पर संयुक्त राष्ट्र और विश्व के सशक्त देशों की चुप्पी आश्चर्यजनक है। यह भी निश्चित है कि युद्ध नीति की अनदेखी अनजाने में नहीं हो रही। हमास-हिजबुल्ला और ईरान ने इजराइल पर हजारों मिसाइलें दागीं जिसके जवाब में इजराइल की कठोर कार्रवाई से ये देश हिल गए। एक तरफ फ्रांस, टर्की और रूस सहित कई देश लेबनान में इजराइली हमलों के बाद से नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठा रहे हैं तो दूसरी तरफ भारत सहित विश्व के दर्जनों देशों ने बमबारी से ध्वस्त गाजा की दशा-दुर्दशा पर गंभीर चिंता जतायी है। युद्ध अपराध की चर्चाओं में इधर इजराइल पर अनेक सवाल खड़े किए गए हैं। जबकि वैश्विक मीडिया से लेकर संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख देशों ने इजराइल पर दागे गए करीब तीस हजार मिसाइलों के विषय में इस तथ्य को प्रमुखता से रेखांकित नहीं किया कि हमास-हिजबुल्ला और ईरान ने बिना पूर्व सूचना सीधा रिहायशी इलाकों पर हमले किए। इजराइल के पास मौजूद आयरन डोम जैसी मिसाइल रोधी तकनीक के कारण 90 प्रतिशत मिलाईलें अवश्य निष्क्रिय कर दी गयीं मगर यह नहीं सोचा गया कि यदि आयरन डोम न होता तो इतने व्यापक हमले के बाद दुनिया की एक वैश्विक अल्पसंख्यक आबादी का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। तथ्य यह है कि सभी देश इजराइल के साथ हो रहे युद्ध अपराध की अनदेखी अपने कूटनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं। देशों ने जैसी चुप्पी ईरानी कमांडर और हमास-हिजबुल्ला प्रमुखों की हत्या पर साधी है, ठीक वैसा ही मौन इजराइल पर अनैतिक आक्रमण को लेकर भी कायम रखा है।

स्पष्ट है कि वैश्विक पटल पर उचित-अनुचित के बजाय हित-अहित के आधार पर समर्थन-विरोध या मौन नीति अपनायी जाती है। यह भारत के लिए भी गहरी सीख का अवसर है। अमेरिका लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मार सकता है। अमेरिका द्वारा घोषित आतंकियों की हत्या के लिए उसकी सेनाएं इराक, सीरिया, अफगानिस्तान, और यमन में बड़े-बड़े ऑपरेशन चलाती आयी हैं जिनमें कई बार निर्दोश नागरिक भी मारे जाते हैं। वही अमेरिका आज भारत की सुरक्षा के लिए चुनौती बने विदेशी आतंकवादियों को अपना नागरिक बताकर उनका संरक्षण ही नहीं कर रहा, ऐसे तत्वों के विरुद्ध भारत की कार्रवाई को घटघरे में खड़ा कर रहा है। ठीक यही स्थिति कनाडा की भी है। वहां की ट्रूडो सरकार ने एक खालिस्तानी आतंकी की हत्या पर भारत के साथ रिश्तों को ताक पर रख दिया है। अमेरिका और कनाडा का प्रयास वैश्विक पटल पर भारत की निर्वाचित सरकार को एक अपराधी जैसा चित्रित करने का है। यही कारण है कि गुरपतवंत पन्नू जैसे खालिस्तानी आतंकी को अमेरिकी एजेंसियां कोर्ट में एक सामान्य वकील के रूप में प्रस्तुत करती हैं जबकि भारतीय एजेंसियाँ दशकों से पन्नू और खालिस्तानी आतंकी संगठनों के विरुद्ध ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों को नियमित साक्ष्य देती आयी हैं। बीते दशकों में हुई कई घटनाओं में खालिस्तान समर्थित समूहों की संलिप्तता साबित होने के बाद भी पश्चिमी देश आतंकवाद पर दोहरा चरित्र दिखा रहे हैं। कनाडा और अमेरिका में बैठकर पन्नू जैसे आतंकी खुलेआम भारत के विरुद्ध हिंसा के वीडियो प्रसारित करते हैं, जिसे ये देश अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बताते हैं।

# जेनेरिक दवाओं का गोरखधंधा, एक सॉल्ट 5 दुकान, 5 नाम, 5 भाव



अशोक भाटिया

हाल ही में मुझे खुद को एक अनुभव मिला जब मैंने डॉक्टर की लिखी दवा PANAM D अपने मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसे छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ओन लाइन TRUE MAD से मंगवाई तो 51 % कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी । इसके बाद मैंने तय किया कि इसके बारे में मैं विस्तार से तपशील करूँगा . मैं एक ही दवा को लेकर अलग – अलग जेनेरिक दवाइयों की दुकान पर गया . मैंने पाया कि एक ही दवा अलग – अलग दुकान पर अलग – अलग नामों से व भावों से बिक रही है . 20 रुपये की दवा की कीमत भी 80 रूपया लिखा होता है . और पता करने पर पाया कि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है। आईएमए के सदस्य और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत जैन के एक लेख के अनुसार ब्रांडेड मेडिसिन पर फार्मासिस्ट को 5 से 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, पर जेनेरिक मेडिसिन की प्रिंट रेट और रीटेलर की खरीद कीमत में 50 गुना से 350 गुना तक का अंतर होता है। 10 पैसे की बी कॉम्प्लेक्स 35 रुपए तक में बिकती है। इसका आम जनता या मरीजों को उतना फायदा नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। ऐसे में सरकार को जेनेरिक मेडिसिन के प्रिंट रेट पर भी लगाम लगाने की जरूरत है, वरना जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का \₹केमिकल सॉल्ट\' होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे- दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे- क्रोसिन के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है। गौरतलब है कि देश में जेनरिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर केंद्र सरकार ने डॉक्टरों को सख्त निर्देश जारी किया था । सरकार ने आदेश जारी कर सभी डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं पेशेंट्स के लिए लिखने को कहा था । सरकार ने सख्त होते हुए कहा कि अगर डॉक्टर पर्ची में जेनरिक दवा नहीं लिखी जाती तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवा के डायरेक्टर जनरल ने आदेश जारी करते हुए इस बात की वार्निंग दी थी कि जो कोई भी डॉक्टर जेनरिक दवाओं को अपने पर्ची में शामिल नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है।केंद्र सरकार ने सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों के डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं ही लिखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने की चेतावनी जारी की थी ।पर न जाने क्यों यह आदेश समय के अनुसार धुंधला पड़ गया । बताया जाता है कि सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी करती रहती है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की।ऐसा लगभग 10 साल से सुनते आ रहे हैं पर कानून अमली जामा कब पहनेगा मालूम नहीं ? इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है । लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने और सरकारी नीतियों में बदलाव को लेकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य अभियान के डॉ. इंद्रनील मुखोपाध्याय बताते हैं- जेनेरिक दवाओं को लेकर भारत और विदेशों में काफी अंतर है। 2007 के बाद से पेटेंट कानून में कोई प्रभावी संशोधन नहीं हुआ। दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की कीमतों में भी भारी अंतर होता है। खास तौर पर इनकी प्रिंट रेट और खरीद कीमत में भारी अंतर होता है। ऐसे में सरकार को इन दवाओं की एवरेज प्राइसिंग करनी चाहिए। इससे दवाओं की कीमतों में बड़ा फर्क आ जाएगा। अभी किसी भी मरीज का दवाओं पर औसत खर्च 180% ज्यादा है। दवा कीमतों पर नियंत्रण के बाद इसमें भारी कमी आ जाएगी। डॉ. मुखोपाध्याय बताते हैं कि जेनेरिक दवा ब्रांडेड भी होती है। एक ही कंपनी जेनेरिक और ब्रांडेड, दोनों दवाएं बनाती है, लेकिन उनकी कीमतों में काफी अंतर होता है। ऐसे में अगर सरकार लोगों को या मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाना चाहती है तो उनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। जेनेरिक दवाओं के मामले में भी बड़ा खेल होता है, खासतौर पर सरकारी खरीद या अस्पतालों में खरीदी जाने वाली दवाओं के मामलों में। ऐसे में इनकी कीमतों पर नियंत्रण ही मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने का रास्ता खोल सकता है। कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे- एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज़ की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपए है, जबकि जेनरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपए महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं।- नोवार्टिस की कैंसर की दवा ग्लीवियो- इमेटिनिब मिसाइलेट का एक महीने का खर्च 2,158 डॉलर यानी करीब 1.51 लाख रुपए पड़ता है, जबकि जेनरिक रूप में इसी दवा का खर्च 174 डॉलर प्रति माह (12,180 रुपए) है, यानी 12 गुना या 92% से भी कम। - ऐसे ही बेयर की कैंसर ड्रग सोराफेनिब टोसाइलेट, जिसे वह नेक्सावर के नाम से बेचती है, उसका एक महीने का खर्च करीब 5,030 डॉलर है, जबकि जेनरिक दवा लेने पर यही खर्च महज 122 डॉलर प्रति माह रह जाता है। जर्नल ऑफ हेल्थ इकोनॉमिक्स के मुताबिक, एक पेटेंट इनोवेटर को उस उत्पाद पर रिसर्च के दौरान किए गए खर्च या लागत को वसूलने और उससे लाभ हासिल करने की अनुमति देता है। जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी दवा के इनोवेटर या कंपनी उस दवा को बनाने से लेकर बाजार में उतारने और उसके बाद के 10-15 साल के दौरान करीब 80 करोड़ डॉलर यानी करीब 5,600 करोड़ रुपए खर्च करती है। ऐसे में पेटेंट के 20 साल के दौरान उसे इस खर्च को वसूलने और मुनाफा कमाने का मौका मिल जाता है। डॉ. हेमंत जैन और डॉ. मुखोपाध्याय का कहना है कि अगर जेनेरिक दवा लिखना अनिवार्य होता है तो इसके साथ-साथ फार्मा सेक्टर में हजारों नौकरियों पर भी खतरा पैदा हो जाएगा। इनके मुताबिक, एक दवा को कई कंपनियां बनाती हैं। उनके प्रचार-प्रसार या उन्हें प्रमोट करने के लिए भारी भरकम स्टाफ रखती है। इनमें सबसे ज्यादा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) हैं, जो डॉक्टर्स के पास विजिट कर उन्हें अपनी कंपनी की दवा लिखने को कहते हैं।

कई डॉक्टर्स को इसके लिए बाकायदा कमीशन या महंगे-महंगे गिफ्ट तक दिए जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर जब सिर्फ जेनेरिक दवा लिखेंगे, तो यह सब करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका दूसरा असर यह होगा कि ब्रांडिंग खत्म हो जाएगी तो दवा कंपनियों को प्रचार-प्रसार के लिए स्टाफ भी कम रखना पड़ेगा। कई लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्ज़ की नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। फार्मा और मेडिकल सेक्टर से जुड़ी डॉकप्लेक्सस के मुताबिक, बड़ी कंपनियों में से प्रत्येक अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए 5 हजार से ज्यादा फील्ड स्टाफ रखती है। इसके अलावा फार्मा कंपनियां कुल बजट का 20% फील्ड स्टाफ की भर्ती और खर्च का 60% फील्ड स्टाफ और उनसे जुड़ी गतिविधियों पर खर्च करती हैं। इसका दूसरा पहलू भी है। ज्यादातर डॉक्टर्स सरकार की इस योजना का विरोध कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि ऐसे किसी कानून के लागू होने के बाद दवा से जुड़ी सभी शक्तियां केमिस्ट के हाथों में चली जाएंगी। उनकी दलील है कि डॉक्टर के जेनेरिक दवा लिखने के बाद केमिस्ट तय करेगा कि मरीज को कौन-सी दवा देनी है।

# सरकार की नाक के नीचे त्योहारी सुरक्षा को चुनौती!



मनोज कुमार अग्रवाल

देश की सबसे संवेदनशील व सुरक्षित समझी जाने वाली राजधानी दिल्ली में करवा चौथ के दिन और दीपावली त्योहार के दस दिन पहले विस्फोट की वारदात ने तमाम सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है तमाम एजेंसिया जांच में जुटी है। प्रशांत विहार इलाके में रविवार को सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए ब्लास्ट में कई एंगल से तफ्तीश हो रही है। सोमवार को सीआरपीएफ की टीम ने जांच की, दूसरी एजेंसी ने मौका मुआयना किया। जांच स्पेशल सेल या फिर केंद्रीय जांच एंजेसी को भी ट्रांसफर हो सकती है। अभी तक जो सामने आया, उसमें शक है कहीं ये किसी पाकिस्तानी आंतकी लिंक से लेकर लोकल ग्रुप का काम तो नहीं। वहीं ये बात भी सामने आ रही है कि ब्लास्ट करने वाला कोई केमिकल मेन है, जिसे केमिकल की अच्छी जानकारी थी। जांच एजेंसी मान रही है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का रिहर्सल छिपा हो सकता है ? शायद दहशतगर्द या अलगाववादी संगठन ये देखना चाहते हों कि विस्फोट की घटना पर दिल्ली की जांच एजेंसी कितना सक्रियता दिखाती हैं ? यह भी हो सकता है कि वो हमारी जांच एजेंसियों की जांच को भी परखना चाहते हों? ऐसी आंशका इसलिए जग रही है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने भी किसी बड़ी साजिश से फिलहाल इनकार नहीं किया है।

सबसे ज्यादा चिंताजनक यह है कि दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास बम विस्फोट के बाद अब देशभर के अन्य राज्यों में सीआरपीएफ स्कूलों में बम विस्फोट को लेकर धमकी दी गई है। खबर है कि देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों को ईमेल के जरिये यह धमकी दी गई है। इनमें से दो स्कूल दिल्ली और एक हैदराबाद में हैं। हालांकि ईमेल के फर्जी होने का संदेह है। इसके बावजूद ताजा धमकी ने दिल्ली समेत सभी स्कूलों में दहशत फैला दी है। माना जा रहा है कि यह ईमेल किसी ने दहशत फैलाने के लिए किया है। इनमें से दो स्कूल दिल्ली और एक हैदराबाद में हैं।मेल भेजने वालों ने मेल को लिस्टेड स्कूल के कमरों में नाइट्रेट आधारित आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही है। ईमेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे से पहले सभी स्कूलों को खाली करने के लिए भी कहा है। दिल्ली के रोहिणी में सी.आर.पी.एफ. स्कूल में पहले ही धमाका हो चुका है। इस धमाके को लेकर अभी भी सुरक्षा एजेंसिया अभी भी कुछ ठोस जानकारी नहीं हासिल कर पाई हैं। इसे अब भी रहस्यमय विस्फोट बताया जा रहा है। इस मामले में आरोपी अभी भी फरार हैं। आपको बता दें कि दिल्ली में पहले भी कई बार बम ब्लास्ट और आतंकी घटनाएं हुई हैं। पर.उनमें और इस घटना में कुछ फर्क है। 20 अक्टूबर को सुबह फटे बम के बाद दूर-दूर तक घुआ ही धुआं फैल गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कते हुई। तेज बदबू इलाके में फैल गई। आसपास के घरों की नीव भूकंप की भांति हिल गई। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसी आईबी के पास इस तरह के इनपुट थे कि त्योहारों के वक्त दिल्ली- एनसीआर में कहीं न कहीं कोई अतिंकी घटना घटने की आशंका है। कमोबेश वैसा होता भी दिखाई दिया। खुफिया इनपुट के बावजूद अगर ऐसी घटना घटती है ती कानून तंत्र, खुफिया विभाग, एंटी टेरर विंग पर सवालिया निशान उठना लाजिमी हो जाता है। अगर वह गहरी नींद में न सोते, ती ये हादसा शायद नहीं होता। पर, अकसर होता यही है जिम्मेदार एजेंसियां इस तरह की नाकामी कभी अपने पर नहीं लेतीं। । दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है। फिलहाल, ऐसी बातों पर गौर न कर, मौजूदा घटना की जड़ तक पहुंचने की आवश्यकता है।

दिल्ली के रोहिणी में ब्लास्ट के बाद देर रात पाकिस्तान से चलने वाले टेलीग्राम चैनल पर बम धमाकों के पीछे खालिस्तानी आतंकियों के हाथ होने का दावा किया जा रहा है, देर रात पाकिस्तान से चलने वाले टेलीग्राम चैनल पर इस धमाके में खालिस्तानी उग्रवादियों के शामिल होने का दावा किया गया है, टेलीग्राम चैनल 'जस्टिस लीग इंडिया' पर सीसीटीवी फुटेज डालकर बम धमाके का दावा किया गया है, उसके बाद इस मैसेज को पाकिस्तान से चलने वाले कई टेलीग्राम चैनल पर सर्कुलेट किया गया है, दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने टेलीग्राम मैसेंजर को पत्र लिखकर टेलीग्राम चैनल जस्टिस लीग इंडिया के बारे में जानकारी मांगी है। पुलिस अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी जानकारी मांग रही है। टेलीग्राम ने अभी तक दिल्ली पुलिस को कोई जवाब नहीं दिया है। जांच जारी है, धमाके के सिलसिले में अभी तक किसी संगठन का नाम सामने नहीं आया है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही हैएफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसके सैंपल लिए। मौके से सफेद पाउडर और कुछ तारनुमा चीजें भी बरामद हुई हैं। इसी बीच मौके पर दमकल की गाड़ियां भी पहुंची। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि धमाके में हाई इंटेंसिव एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल किया गया है। छोटा क्रूड बम भी हो सकता है। आतंकी हमला होने की आशंका को देखते हुए एनएसजी की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पहुंचने के बाद एनएसजी ने घटनास्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी। रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह हुए धमाके ने एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बीते 13 साल बाद इस तरह का धमाका हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने पांच घंटे तक घटनास्थल की जांच की।

इससे पहले सितंबर 2011 में दिल्ली हाईकोर्ट में धमाका हुआ था जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। वहीं जनवरी 2022 में गाजीपुर फूल मंडी के गेट पर बैग में आईईडी विस्फोटक बरामद हुआ था। जिसे एनएसजी की बम निरोधक दस्ता की टीम एक बड़ा गड्ढा कर उसमें बम को निष्क्रिय कर दिया था। जांच में सामने आया था कि बम को बनाने में आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट के साथ ही छर्रे का इस्तेमाल किया गया था। वहीं दिसंबर 2023 में इजराइली दूतावास के बाहर भी धमाका हुआ था, लेकिन उसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दिल्ली पुलिस ने सीआरपीएफ स्कूल विस्फोट जांच के सिलसिले में आसपास और सामने के बाजार के सभी सीसीटीवी डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया है।

# चीन से पुनः दोस्ती के वैश्विक मायने

कमलेश पांडेय

सियासत की तरह वैश्विक कूटनीति में भी न तो कोई किसी का स्थायी दोस्त होता है और न ही चिरस्थायी दुश्मन, कुछेक अपवादों को छोड़कर। शायद यही सोचकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से एक बार फिर हाथ मिलाने की रस्म पूरी कर ली। वो भी मित्र देश रूस के उस कजान शहर में जहां ब्रिक्स देशों की समिट हुई। इससे हमारे प्राकृतिक मित्र और स्थायी शुभचिंतक देश रूस को सबसे ज्यादा खुशी हुई क्योंकि इस स्थिति को पैदा करने का अहम सूत्रधार वही है। आज दुनिया जिस विकट स्थिति से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी भारत-चीन का निकट आना अहम है, क्योंकि इससे दोनों देशों के बीच युद्ध की संभावनाएं निर्मूल साबित होंगे। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत-चीन की दोस्ती के वैश्विक मायने अहम हैं।यह शांति, स्थिरता और विकास की गारंटी है। वैसे तमाम ऐतिहासिक सम्बन्धों, पंचशील सिद्धांतों और मोदी-चिनफिंग मित्रता के बावजूद कभी भारत चीन युद्ध 1962, तो कभी लद्दाख में गलवान घाटी हिंसक झड़प की जो नौबत आई, वैसी स्थिति निकट भविष्य में पैदा न हो, और यदि हो भी तो भारत अपनी ओर से पुख्ता प्रतिरक्षात्मक तैयारी रखे, इसी रणनीति के साथ भारत-चीन सम्बन्धों को आगे बढ़ाने में कोई हर्ज नहीं है। हां, उससे इस बात की गारंटी लेनी होगी कि सिर्फ भारत-चीन सीमा पर ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी देशों यथा पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव के अलावा ईरान में भी उसे भारतीय हितों के आगे नहीं जाना होगा, अन्यथा स्थायी मित्रता मुश्किल है! आज जिस तरह से रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध को पश्चिमी देशों द्वारा हवा दी जा रही है, भारत-कनाडा के तल्ख होते रिश्तों और भारत-अमेरिका और भारत-ब्रिटेन के दांवपेंच भरे रिश्तों को नियंत्रित करने के लिए भी भारत-चीन के मधुर सम्बन्ध बेहद अहम साबित हो सकते हैं। इसके अलावा, बेकाबू हो रहे इस्लामिक देशों जैसे पाकिस्तान-बंगलादेश आदि को नियंत्रित करने के लिहाज से भी भारत-चीन एक दूसरे के काम आ सकते हैं। आज जिस तरीके से कहीं ईसाइयत तो कहीं इस्लाम हावी होते जा रहे हैं, उसके दृष्टिगत भी हिन्दू मिजाज वाला देश हिंदुस्तान और बौद्ध मिजाज वाला देश चीन परस्पर मिलकर बहुत कुछ उम्दा कर सकते हैं। शायद यही सोच दोनों देशों का नेतृत्व थोड़ा झुका और दोस्ती की बात आगे बढ़ाई जा सकी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है कि भारत-चीन के सम्बन्धों का महत्व सिर्फ हमारे लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी अहम हैं।

# मणिपुर की जातीय हिंसा अधिकारियों की अग्नि परीक्षा



प्रियंका सौरभ

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को भड़क उठी। इस संघर्ष में 200 से अधिक मौतें हुईं और 60, 000 लोग विस्थापित हुए। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष की जड़ें मणिपुर के जातीय और ऐतिहासिक संदर्भ में गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्य रूप से घाटी क्षेत्रों में रहने वाले मेइतेई और पहाड़ी जिलों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक और भूमि सम्बंधी विवाद हैं। राजनीतिक सत्ता, भूमि और सरकारी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा ने इन समुदायों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। आरक्षण, भूमि स्वामित्व और स्वायत्तता से सम्बंधित नीतियाँ इस टकराव के केंद्र में हैं। आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों को वर्गीकृत करने की ब्रिटिश काल की नीतियों ने विभाजन पैदा किया जो आज भी गूंजता है। कानून-व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और हिंसक घटनाएँ सामने आईं। सांप्रदायिक विभाजन ने अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) अधिकारियों के कामकाज को गहराई से प्रभावित किया, जिससे उनके बीच भौगोलिक और मनोवैज्ञानिक बाधाएँ पैदा हुईं, संघर्ष के कारण पहाड़ी और घाटी जिले दुर्गम हो गए। वर्तमान स्थिति सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा परिकल्पित स्टील फ्रेम के लिए ख़तरा है, जिसमें अखिल भारतीय सेवाएँ भारत की प्रशासनिक मशीनरी की रीढ़ हैं।

हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफ़रत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है। मनोवैज्ञानिक युद्ध, दुष्प्रचार और आर्थिक व्यवधान जैसे गैर-गतिशील तत्वों ने मणिपुर में तनाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइब्रिड युद्ध के हिस्से के रूप में इन युक्तियों ने जनता के मनोबल और शासन में विश्वास को कम कर दिया है, जिससे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार आईएएस और अन्य सेवाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती पैदा हो गई है। विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के सिविल सेवकों को अपनी जातीय पहचान के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को संतुलित करने में दुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक अपेक्षाओं और वफादारी का दबाव बनाम प्रशासनिक तटस्थता बनाए रखने की आवश्यकता एक महत्त्वपूर्ण नैतिक चुनौती प्रस्तुत करती है। कई अधिकारियों को उनकी जातीयता के कारण व्यक्तिगत सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है।

सरकारी अधिकारियों को भीड़ द्वारा निशाना बनाए जाने और सुरक्षा की आवश्यकता की रिपोर्टें उनके सामने आने वाले गंभीर खतरों को रेखांकित करती हैं। इससे मनोवैज्ञानिक तनाव पैदा हो गया है और उनके कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है। दुष्प्रचार, घृणास्पद भाषण और भड़काऊ सामग्री फैलाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की भूमिका ने संघर्ष को बढ़ा दिया है। हिंसा और भड़काऊ भाषणों के वीडियो ने समुदायों को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे नागरिक अधिकारियों के लिए कहानी को प्रबंधित करना मुश्किल हो गया है। चुनौतियों के बावजूद, मणिपुर संघर्ष को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) जैसे संस्थानों द्वारा अनुसंधान और दस्तावेज़ीकरण के अवसर के रूप में देखा जा सकता है। इस मामले के आधार पर संघर्ष प्रबंधन, सुलह और प्रशासनिक तटस्थता पर प्रशिक्षण मॉड्यूल और क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ विकसित की जा सकती हैं। इस तरह के केस अध्ययन लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर जातीय केंद्रित संघर्षों से निपटने में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे, जो संघर्ष क्षेत्रों में शासन की शैक्षणिक और व्यावहारिक समझ में योगदान देंगे। वेबर द्वारा प्रतिपादित नौकरशाही की अवैयक्तिक प्रकृति का लाभ संघर्षग्रस्त राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए किया जा सकता है। बैचमेट्स के बीच पेशेवर टीम भावना और राष्ट्रीय एकीकरण के एजेंट के रूप में एआईएस अधिकारियों की तटस्थ भूमिका संघर्षों को हल करने के लिए एक लचीला ढांचा प्रदान करती है।

# दिवाली में दीपक का होता है बड़ा महत्व इस दिशा में जलाने से होती है धनवर्षा



दिवाली का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। हर साल दिवाली का त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को आता है, और इस वर्ष दिवाली 1 नवंबर 2024 को मनाई जाएगी। इस दिन मुख्य रूप से भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। यह मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने और अच्छे कर्म करने से माता लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है, जिससे घर में धन और समृद्धि आती है।

**दिवाली पर दीपक जलाने का महत्व**

उत्तराखंड के ऋषिकेश में स्थित श्री सच्चा अखिलेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी शुभम तिवारी ने बताया कि दीवाली भारत का प्रसिद्ध त्योहार है, जिसे दीपों का त्योहार भी कहते हैं। दीवाली पर माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है, जिससे घर में सुख, समृद्धि और शांति आती है। दीपक जलाने का विशेष महत्व है, क्योंकि यह अंधकार को दूर कर प्रकाश का प्रतीक होता है। माना जाता है कि दीपक जलाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है, जिससे घर में धन-धान्य की वर्षा होती है।वास्तु के अनुसार, दीपावली पर दीपक जलाने का विशेष महत्व है। सबसे पहले एक दीपक घर के मंदिर में जलाकर रखना चाहिए। इसके बाद सूर्यास्त के बाद, प्रदोष काल के समय दीपक जलाना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

**वास्तु अनुसार इन दिशाओं में जलाएं दीपक**

वहीं रसोईघर में दीपक जलाने के लिए रसोई के दक्षिण-पूर्व कोने को चुना जाना चाहिए। ऐसा करने से घर के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके साथ ही, रसोई के अलावा लिविंग रूम में भी दीपक जरूर जलाएं। लिविंग रूम में दीपक जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और वातावरण में शांति बनी रहती है। दीपावली पर इन छोटे-छोटे उपायों का पालन करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है, और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# दीपावली पर कितने दीये जलाने चाहिए... क्या है हर दीये का मतलब



**दिवाली पर जलाए जाने वाले 13 दीयों का महत्व**

1. पूरे परिवार की उपस्थिति में दीया जलाएं और मृत्यु से बचने के लिए घर के बाहर कूड़ेदान के पास दक्षिण की ओर मुंह करके रखें।
2. दीपावली की रात को एक घी का दीया जलाएं और मंदिर में रखें। इससे भाग्य जागता है।
3. लक्ष्मी के सामने धन, समृद्धि और सफलता के लिए दीया जलाए और उनका आशीर्वाद लें।
4. चौथा मिट्टी का दीपक पवित्र तुलसी के पौधे के सामने रखा जाना चाहिए। इससे आपके घर में रहने वाले परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।
5. पांचवां दीया आपके सामने के प्रवेश द्वार के सामने रखा जाना चाहिए। यह आपके घर से बुरी आत्माओं को दूर रखने में मदद करता है और खुशियां और प्यार फैलाता है।
6. छठा दीया, जिसे भाग्यशाली माना जाता है और जिसे सरसों के तेल से जलाया जाना चाहिए, आमतौर पर एक पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित किया जाता है। यह मौद्रिक और शारीरिक दोनों कठिनाइयों पर काबू पाने में सफलता का प्रतिनिधित्व करता है।
7. स्थान की परवाह किए बिना, आप जो भी मंदिर चुनते हैं, उस पर सातवां दीया जलाना चाहिए।
8. नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं को दूर भगाने के लिए आठवें दीया को कूड़ेदान के पास जलाना चाहिए।
9. अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाने के लिए नौवां दीया घर के वाशरूम के बाहर रखें।
10. दसवां दीया, जो किसी भी नकारात्मक ऊर्जा से सुरक्षा का प्रतीक है को अपने घर की छत पर जलाना चाहिए।
11.आपके घर की किसी भी खिड़की में ग्यारहवां दीया रखा जा सकता है, जो बुरी ऊर्जा से लड़ने का काम करता है।
12. बारहवां दीया आपके घर की सबसे ऊपरी मंजिल पर रखा जाता है जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।
13. अंत में, तेरहवां दीया आपके घर के चौराहे को सजाने के लिए है जो आपके जीवन में अच्छे वाइब्स लाने में मदद करेगा।

# धनतेरस पर नमक खरीदने का धार्मिक महत्व



धनतेरस का पर्व 29 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा। लोगों के लिए यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि इस पर्व पर क्या खरीदने से घर में धन और समृद्धि का आगमन होगा। पंडित ऋषि द्विवेदी के अनुसार, धनतेरस के दिन से दीपावली के रोशनी के त्योहार की शुरुआत होती है। धनतेरस पर सोना, चांदी, विभिन्न शुभ धातुओं जैसे पीतल, तांबा आदि के बर्तन, धनिया, झाड़ू, गोमती चक्र आदि खरीदना शुभ माना जाता है। हालांकि, बहुत से लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इस दिन नमक भी अवश्य खरीदना चाहिए।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार, धनतेरस के दिन नमक खरीदने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नमक को पवित्रता, शुद्धता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यह मान्यता है कि इस दिन नमक खरीदने से घर में धन की वृद्धि होती है और दरिद्रता का नाश होता है। कहा जाता है कि जैसे नमक भोजन में स्वाद बढ़ाता है, वैसे ही यह जीवन में सुख, शांति और आनंद का संचार करता है।

**नमक को शुभ क्यों माना जाता है?**

**सकारात्मक ऊर्जा का संचार:** नमक को घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने वाला माना जाता है। धनतेरस पर इसे खरीदने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, जो परिवार के लिए शुभ होता है।

**दरिद्रता से मुक्ति:** यह भी कहा जाता है कि धनतेरस पर नमक खरीदने से दरिद्रता का नाश होता है। लक्ष्मी माता की कृपा से घर में सुख और समृद्धि बनी रहती है।

**स्वास्थ्य के लाभ:** नमक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। आयुर्वेद में इसके कई फायदों का उल्लेख किया गया है।

# दीपावली पर दूर करें आर्थिक तंगी

दीपावली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश की विजय के रूप में मानते है तिथि के अनुसार दीपावली अमावस्या तिथि को मनाया है।

**गन्ना-** माता लक्ष्मी के पूजन करते समय गन्ना चढ़ाना बहुत शुभ होता है। माना जाता है धन लक्ष्मी कुबेर को गन्ना बहुत पसंद है इनके पूजन में गन्ना चढ़ाने से धन में कई गुना वृद्धि होता है तथा आर्थिक स्थिति से राहत मिलता है ।

**लक्ष्मी यंत्र-** दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजन करते समय माता लक्ष्मी का नई मूर्ति के साथ गणेश लक्ष्मी यंत्र का स्थापना करने से धन की वृद्धि होगी भगवान गणेश सुख समृद्धि के देवता माने जाते है माता लक्ष्मी धन और ऐश्वर्य और भाग्य की देवी होती है इसलिए दीपावली के दिन धन लक्ष्मी यंत्र के स्थापित करके पूजन से धन का लाभ होता है आय ठीक होता है ।

**महालक्ष्मी मंत्र का जाप करें**

दीपावली के दिन मां लक्ष्मी तथा गणेश की पूजन विधिवत रूप से करे तथा मां लक्ष्मी का पूजन करते समय भोग दूध से बने वस्तु का भोग लगाए धन का लाभ होता है इस दिन महालक्ष्मी के मंत्र का 108 बार जाप करे इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है ,घर में कभी पैसों की कमी नहीं होगी।

**सफेद कौड़ी-** माता लक्ष्मी के पूजन करते समय सफेद कौड़ी का पूजन करे इनके पूजन से आपको कभी भी धन की कमी नहीं होती है। दीपावली के पहले बाजार से 21 कौड़ी का खरीदारी करे उसे लाल रंग के कपडे में बांध दे दीपावली के पूजन के समय कौड़ी को पूजा स्थल के पास रखकर उनका पूजन करे फिर इसे तिजोरी य गल्ला में उतर या पश्चिम दिशा में रखने से माता की कृपा बनी रहती है धन कुबेर भी प्रसन्न होते है होते है ।



# घर में इस जगह पर रखें फिटकरी का टुकड़ा

## हर तरह के दोष से होंगे दूर



वास्तु दोष होने पर घर के सारे काम बिगड़ जाते हैं और कोई भी काम ठीक से नहीं हो पाता। ऐसे में वास्तु दोष दूर करने के लिए घर में तोड़फोड़ तो नहीं की जा सकती, लेकिन आप छोटे-छोटे उपाय करके बड़े वास्तु दोष को कम कर सकते हैं। हम आपको इन उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**घर या दुकान में जरूर रखें फिटकरी**

अगर आपके घर या दुकान में वास्तु दोष है तो आपको वहां 50 ग्राम फिटकरी का टुकड़ा रखना चाहिए। इससे वास्तु दोष दूर करने में मदद मिल सकती है। ध्यान रखें कि इस फिटकरी को हर महीने बदलना चाहिए।

**काले कपड़ें में बांध कर टांगे फिटकरी**

अगर आपकी दुकान है तो फिटकरी को काले कपड़े में बांधकर दुकान के मेन गेट पर टांग दें। इससे आपकी दुकान में बरकत आएगी। यह आपको बुरी नजर से भी बचाएगा।

**बाथरूम में रखें फिटकरी**

अगर घर में नकारात्मक ऊर्जा है तो आपको बाथरूम में फिटकरी से भरा कटोरा रखना चाहिए। ऐसा करने से सारी नकारात्मक ऊर्जा कम हो जाएगी। हर महीने फिटकरी बदलना न भूलें।

**सफर के दौरान नीले फूल के साथ रखें**

आप सफर के दौरान फिटकरी के 5 टुकड़ों को 6 नीले फूल के साथ काले कपड़े में बांधकर अपनी जेब में हमेशा रखें। ऐसा करने से आप रास्ते में पड़ने वाली प्रेत बाधाओं से भी बचे रहेंगे और आपकी जेब भी सदा पैसों से भरी रहेगी। फिटकरी को पान के पत्ते में बांधकर भी जेब में रखना बहुत ही श्रेष्ठ माना जाता है।

# धनतेरस के दिन मुख्य द्वार पर रखें ये चीजें

धनतेरस के अवसर पर घर के मुख्य द्वार से लेकर मंदिर तक की सजावट में वास्तु के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक होता है, जिससे घर में समृद्धि बनी रहे। इस दिन के लिए पीला और नारंगी रंग सबसे शुभ माने जाते हैं, और इन्हीं रंगों से घर को सजाने की सलाह दी जाती है। यह मान्यता है कि धनतेरस के दिन सही वस्तुओं की खरीदारी, शुभ मुहूर्त में पूजा और वास्तु के नियमों का पालन करने से आपके जीवन में समृद्धि का संचार होता है।

यदि आप धनतेरस के दिन मुख्य द्वार पर स्वास्तिक जैसे शुभ चिह्न बनाते हैं और वहां कुछ सजावटी पौधे लगाते हैं, तो इससे आपके घर में समृद्धि का वास होता है। मुख्य द्वार को किसी भी प्रकार की बाधाओं से मुक्त रखें और सकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश की अनुमति दें।

यदि आप मुख्य द्वार पर जूते या चप्पलें रखती हैं, तो उन्हें तुरंत हटा दें। इस स्थान पर पानी से भरा एक कांच का कटोरा रखें, जिसमें ताजे फूल हों। इससे घर के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह निरंतर बना रहता है।

धनतेरस के अवसर पर घर के मुख्य द्वार से लेकर मंदिर तक की सजावट में वास्तु के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक होता है, जिससे घर में समृद्धि बनी रहे। इस दिन के लिए पीला और नारंगी रंग सबसे शुभ माने जाते हैं, और इन्हीं रंगों से घर को सजाने की सलाह दी जाती है। यह मान्यता है कि धनतेरस के दिन सही वस्तुओं की खरीदारी, शुभ मुहूर्त में पूजा और वास्तु के नियमों का पालन करने से आपके जीवन में समृद्धि का संचार होता है।

यदि आप धनतेरस के दिन मुख्य द्वार पर स्वास्तिक जैसे शुभ चिह्न बनाते हैं और वहां कुछ सजावटी पौधे लगाते हैं, तो इससे आपके घर में समृद्धि का वास होता है। मुख्य द्वार को किसी भी प्रकार की बाधाओं से मुक्त रखें और सकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश की अनुमति दें।

यदि आप मुख्य द्वार पर जूते या चप्पलें रखती हैं, तो उन्हें तुरंत हटा दें। इस स्थान पर पानी से भरा एक कांच का कटोरा रखें, जिसमें ताजे फूल हों। इससे घर के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह निरंतर बना रहता है।



# प्रभास ने जन्मदिन पर शुरू की 'सलार 2-शौर्यंगा पर्वम'

## प्रशांत नील के साथ फिर मचाएंगे धमाल



पैन इंडिया स्टार प्रभास बुधवार को अपना 45वां जन्मदिन मना चुके हैं। इस खास दिन पर उन्होंने 2023 की अपनी फिल्म 'सलारः पार्ट 1 - सीजफायर' के अगले भाग की शूटिंग शुरू कर दी है। बुधवार को 'सलारः पार्ट 2 - शौर्यंगा पर्वम' के सेट पर कैमरे लगने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं, जो ब्लॉकबस्टर 'केजीएफ' फिल्म फ्रेंचाइजी और 'सलारः पार्ट 1 - सीजफायर' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

**20 दिन का होगा शूटिंग शेड्यूल**

'सलारः पार्ट 2 - शौर्यंगा पर्वम' एक्शन से भरपूर फिल्म होगी। प्रभास पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ सीक्वल में अपनी मुख्य भूमिका को फिर से निभाएंगे। वर्तमान शूटिंग शेड्यूल 20 दिनों के लिए निर्धारित है, जिसके दौरान टीम का लक्ष्य हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस को कैप्चर करना है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

'सलारः भाग 2 - शौर्यंगा पर्वम' वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। पहली फिल्म की कहानी में सत्ता संघर्ष, बदला और मुक्ति की दुनिया दिखाई गई है। यह खानसार के एक काल्पनिक शहर-राज्य की कहानी है, जहां राजशाही अभी भी मौजूद है। खानसार के निर्वासित राजकुमार देवा (प्रभास) और खानसार के वर्तमान राजकुमार वरदा (पृथ्वीराज सुकुमारन) के बीच की दोस्ती फिल्म का सार है। जब उसके पिता के मंत्रियों और उसके रिश्तेदारों द्वारा तख्तापलट की योजना बनाई जाती है तो वरदा खानसार का निर्विवाद शासक बनने के लिए देवा की मदद लेता है।

**प्रभास की आने वाली फिल्में**

प्रभास 'सलारः पार्ट 2 - शौर्यंगा पर्व' की शूटिंग में पूरी तरह से डूबे हुए हैं, लेकिन उनके पास आगे भी बहुत कुछ है। उनके पास 'द राजा साब' और 'कल्कि 2898 ई.: पार्ट 2' के साथ-साथ 'स्पिरिट' भी है। 'सलारः पार्ट 2 - शौर्यंगा पर्वम' का निर्माण होम्बले फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है, जिसके पास 'कांताराः चैप्टर 1' भी है। कथित तौर पर, फिल्म को आठ महीने की अवधि में शूट किया जाएगा और फिर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# बहन नूपुर के साथ पनी तुलना को कृति ने बताया गलत, बोलीं- हमारी भावनाएं एक-दूसरे के लिए कभी नहीं बदली



'लुका छुपी', 'बरेली की बर्फी', 'मिमी' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी फिल्मों की सफलता के साथ कृति सेनन ने खुद को बॉलीवुड में एक ए-लिस्टर अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। पिछले कुछ वर्षों में, अभिनेत्री ने अपना खुद का कपड़ों और मेकअप ब्रांड भी खोला है और अब 'दो पत्ती' के साथ अभिनेत्री एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब हाल ही में, कृति ने बहन के साथ अपनी तुलना किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है और बताया है कि रिश्तेदार अक्सर ऐसा करते हैं।

हाल ही में, एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने दोनों बहनों के बीच की गई तुलना के बारे में बात की। उन्होंने न्यूज 18 शोशा से बात करते हुए कहा, कुछ भी ऐसा नहीं हुआ है कि एक-दूसरे के प्रति हमारी भावनाएं बदल गई हों। मुझे नहीं लगता कि मैं इससे गुजरी हूं। कम से कम अभी तक तो नहीं। जब मैं इंडस्ट्री में आई थी, तब नूपुर बहुत छोटी थी और वह उस समय मुंबई में नहीं थी और तभी मैंने देखा कि कुछ रिश्तेदार हमारे साथ अलग व्यवहार कर रहे थे और इससे मुझे गुस्सा आया।

अभिनेत्री ने आगे कहा, नूपुर इस बात से बेपरवाह रहीं, जब हम उनके घर जाते थे, तो वे हमारे साथ अलग व्यवहार करते थे। वे मुझे और नूपुर को हमारे जन्मदिन पर अलग-अलग तरह से बधाई देते थे। यह कुछ ऐसा था जो मुझे गलत लगता था। यही नहीं, कृति ने आगे कहा, वह मेरी छोटी बहन होने के बावजूद बहुत मजबूत और बहुत शांत है। वह चीजों को अच्छी तरह से संभालती है और अगर कोई चीज उसे चोट पहुंचाती है या परेशान करती है, तो वह कभी भी इसे अपने सामने नहीं आने देती।

दूसरी ओर, उनकी छोटी बहन नूपुर सेनन ने हाल ही में 'पॉप कौन?' और टाइगर नागेश्वर राव जैसी परियोजनाओं के साथ एक अभिनेत्री के रूप में अपना करियर शुरू किया। दोनों सेनन बहनें एक ही इंडस्ट्री में हैं, इस वजह से अक्सर दोनों के बीच तुलना होती है, जो अब कृति सेनन को

# लॉरेन्स बिश्नोई के भाई का दावा, 'सलमान ने हमारे समुदाय के सामने चेकबुक रखी और पैसों का लालच दिया'



गैंगस्टर लॉरेन्स बिश्नोई लगातार बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकियां दे रहा है। काला हिरण शिकार मामले पर लॉरेन्स बिश्नोई और उसके गैंग की तरफ से कथित रूप से कई बार सलमान को धमकियां मिल चुकी हैं। अब हाल ही में गैंगस्टर के चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने सलमान खान पर गंभीर आरोप लगाया है। रमेश बिश्नोई ने ऐसा दावा किया है कि सलमान खान ने इस मामले में बिश्नोई समाज को पैसों की पेशकश की थी।

जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेन्स के भाई रमेश बिश्नोई ने मीडिया बातचीत में यह कहा है कि सलमान खान से जुड़े काले हिरण मामले में पूरा बिश्नोई समुदाय जेल में बंद गैंगस्टर के साथ खड़ा है। रमेश ने आरोप लगाया कि सलमान खान ने बिश्नोई समुदाय को पैसे की पेशकश की थी, लेकिन समुदाय ने यह पेशकश ठुकरा दी।

**'हम पैसे के भूखे नहीं'**

लॉरेंस बिश्नोई के कजिन रमेश बिश्नोई ने इस मामले पर कहा कि सलमान खान ने पहले बिश्नोई समुदाय को पैसे की पेशकश की थी। गैंगस्टर के चचेरे भाई का कहना है, 'सलमान खान के पिता सलीम खान ने कहा कि लॉरेंस गिरोह पैसे के लिए ऐसा कर रहा है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उनका बेटा समुदाय के सामने एक चेकबुक लाया था और कहा था कि आंकड़े भर लो और इसे ले लें। अगर हम पैसे के भूखे होते तो हम उसे उसी समय ले लेते'।

**पुख्ता की गई है सलमान खान की सुरक्षा**

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर कई आरोप हैं। वह फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। लॉरेंस बिश्नोई से लगातार मिली जान कि धमकियों के कारण सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों अभिनेता बिग बॉस 18 को होस्ट कर रहे हैं। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्म 'सिकंदर' है।

# केबीसी 16 के मंच पर बोमन ने खोले फराह के कई राज

कौन बनेगा करोड़पति 16 शुरू हो चुका है। बॉलीवुड के कई सितारें शो पर नजर आ चुके हैं। वहीं लेटेस्ट प्रोमो में बोमन ईरानी और फराह खान अपनी दोस्ती के बारे में एक ऐसा खुलासा करते नजर आएंगे, जिसे देखकर और सुनकर अमिताभ बच्चन भी हंस पड़ते हैं।

**केबीसी 16 में होगा हंसी-मजाक**

चैनल द्वारा पोस्ट किए गए प्रोमो के अनुसार, पता चलता है कि फराह किस शब्द का सबसे अधिक यूज करती हैं। बिग बी ने दोनों से कहा कि वह उनकी गहरी दोस्ती के बारे में कुछ सारे बीप।ं बार-बार बीप कहने से बोमन का मतलब था कि फराह अक्सर गाली देती हैं और यह उनकी आदत का एक हिस्सा है।

**अमिताभ के प्रशंसक हैं इस शो के लिए उत्साहित**

कौन बनेगा करोड़पति 16 का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। अमिताभ बच्चन द्वारा किए गए इस शो को दर्शक इसलिए भी देखना पसंद करते हैं क्योंकि इस शो में बिग बी हैं। अमिताभ की बातें और उनके साथ लोगों का हंसी-मजाक अक्सर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेता है।



सवाल पूछेंगे। अमिताभ ने सवाल किया, ये जो आप दोनों की दोस्ती है, इसका हम एक इम्तिहान लेना चाह रहे हैं। फिर, वह बोमन ईरानी की ओर मुड़ते हैं और उनसे पूछते हैं, कौन सा ऐसा शब्द है जो फराह हमेशा कहती रहती हैं?

बोमन ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, बीप, बीप, बीप... और वह लगातार इसे कई बार दोहराते नजर आए। उनके जवाब से अमिताभ बच्चन हैरान रह गए और दर्शक हंसने लगे। फिर अमिताभ ने चुटकी लेते हुए कहा, इतने

**मजेदार प्रोमो हुआ जारी**

बोमन के इस जवाब के बाद फराह खान ने चुटकी लेते हुए कहा, एक अबला नारी का पूरा चरित्र खबार कर रहे हैं आप लोग" प्रोमो के कैप्शन में लिखा है, फराह खान को बोमन ईरानी से बेहतर कोई नहीं जानता! देखिए #कौन बनेगा करोड़पति, 25 अक्टूबर रात 9 बजे सिर्फ #सोनीएंटरटेनमेंटटेलीविजन पर। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# पुलिस वाली की भूमिका निभाने के लिए काजोल ने नहीं ली पति से कोई मदद



**काजोल और अजय** देवगन बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं। कपल की तरह उनके बच्चे भी काफी लोकप्रिय हैं। लाइमलाइट से दूर होने के बाद भी किसी न किसी इवेंट में काजोल अपने परिवार के साथ स्पॉट हो ही जाती हैं। काजोल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। फिल्म में वह पुलिस की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में, काजोल से पूछा कि क्या उन्होंने अपने पति, अभिनेता अजय देवगन से पुलिस की भूमिका निभाने के लिए कुछ टिप्स मांगे हैं, और काजोल ने इस पर शानदार जवाब दिया।

अजय देवगन अपनी सिंघम फिल्मों में पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए जाने जाते हैं और वे जल्द ही अगली पुलिस यूनिवर्स फिल्म सिंघम अगेन में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। जब कपिल ने काजोल से पूछा कि क्या उन्होंने अजय से कुछ टिप्स मांगे हैं, तो उन्होंने कहा, बिलकुल नहीं पूछा। क्योंकि पूरी ट्रेनिंग मैंने दी है उनको सिंघम के लिए। भूल गए?

काजोल और कृति को स्टेज पर बुलाकर कपिल भी खूब मस्ती करते दिखे। उन्होंने घोषणा की, " एक वो है जिनको मैं कॉलेज टाइम से पसंद करता हूं। और दूसरी वो हैं जो अपने कॉलेज के समय से मुझे पसंद करती हैं। टीवी एक्टर शहीर शेख भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। 'दो पत्ती' के जरिए वे फिल्मों में डेब्यू कर रहे हैं। काजोल, कृति और शहीर अभिनीत यह फिल्म 25 अक्टूबर 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फैंस एक बार फिर काजोल को अलग अवतार में देखने के लिए बेकरार हैं। वहीं, शहीर शेख के फैंस भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। काजोल अगली बार दो पत्ती के अलावा महारानी और सरजमीन में नजर आएंगी। उन्हें आखिरी बार द ट्रायल और नेटफ्लिक्स इंडिया पर एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 के एक सेगमेंट में देखा गया था।

# कब स्क्रीन पर आएगी 'मुन्ना भाई 3'? संजय दत्त ने दिया दिलचस्प जवाब




**अभिनेता संजय** दत्त बॉलीवुड के टॉप अभिनेताओं की लिस्ट में शुमार हैं। संजय दत्त की 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फ्रैंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त पिछले कुछ समय से हलचल मचा रही है। अब, फिल्म के मुख्य अभिनेता संजय दत्त ने खुलासा किया है कि वह राजकुमार हिरानी से बार-बार यह पूछते-पूछते थक गए हैं कि यह फिल्म आखिरकार कब स्क्रीन पर आएगी। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है।

हाल ही में संजय दत्त ने 'मुन्ना भाई 3' की सिनेमाघरों में वापसी के बारे में बात की है, उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशंसकों को फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी से अपने सवाल पूछने चाहिए, उन्होंने खुलासा किया कि वह भी यह पूछ-पूछ कर थक गए हैं कि उनका पसंदीदा किरदार कब वापसी करेगा।

संजय दत्त ने काम को लेकर अपने विचारों को साझा किया। अभिनेता का मानना है कि अभिनय के प्रति उनका जुनून आज भी उनकी प्रेरणा को बढ़ाता है। 65 साल की उम्र में, वे व्यस्त शूटिंग शेड्यूल का दावा करते हैं और इस बात पर जोर देते हैं कि अपने काम के प्रति प्यार ही उन्हें आगे बढ़ाता है, उन्होंने कहा कि एक अभिनेता का जुनून कभी कम नहीं होता। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में फिल्म निर्माण में किस तरह बदलाव आया है।

अभिनेता ने कहा कि यह अब अधिक प्रोफेशनल हो गया है। पहले, कलाकारों और क्रू के बीच बहुत ज्यादा भाईचारा था, और प्रोडक्शन प्रक्रिया के दौरान ज्यादा बातचीत और जुड़ाव होता था। माहौल अलग लगता था, क्योंकि हर कोई ज्यादा जुड़ा हुआ था।

संजय दत्त ने बताया कि आजकल, अभिनेता अपने सीन की शूटिंग के बाद अपनी वैनिटी वैन में चले जाते हैं, लेकिन संजय आधुनिक तरीकों को अपनाने की आवश्यकता को स्वीकार करते हैं। इस बदलाव के बावजूद, उन्हें पुराने दिनों की याद आती है, अभिनेता कहते हैं कि उस समय हर कोई अपने काम में कितना जुनूनी और समर्पित था।

# पिता के साथ रिश्ते को लेकर सामंथा ने तोड़ी चुप्पी

साउथ अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान सामंथा ने बताया कि उनका रिश्ता उनके पिता के साथ कैसा है।

**सिटाडेलः हनी बनी में नजर आएंगी सामंथा**

सामंथा रूथ प्रभु आगामी एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन भी नजर आएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सामंथा ने अपने ऑन-स्क्रीन किरदार को अपने वास्तविक जीवन से जोड़ते हुए कई समानताएं बताईं। इतना ही नहीं, सामंथा ने अपने पिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी खुलकर बात की।

**पिता के साथ रिश्ते को लेकर कही खास बात-सामंथा**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने कहा, हे भगवान! क्या मुझे ऐसा करना चाहिए? क्या मैं ऐसा कर सकती हूं? सबसे पहले, मेरे पिता के साथ मेरा रिश्ता बहुत मुश्किल था। वेब सीरीज में अपने किरदार की तरह ही, सामंथा को भी मुश्किल चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन उसने लगातार इससे उबरने की ताकत पाई है।

**मजबूरी में शुरू किया था अभिनय**



हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब सामंथा ने अपने पिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है। कॉफी विद करण में आने के दौरान भी उन्होंने अपने पिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। इस एपिसोड में सामंथा से करण ने पूछा कि क्या वह हमेशा से फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनने की ख्वाहिश रखती थीं। अपने जवाब में उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह से उनकी पसंद नहीं थी। सामंथा ने कहा कि घर पर हालात तब मुश्किल हो गए, जब उनके पिता ने उन्हें बताया कि वह उनका कोई भी लोन नहीं चुकाएंगे।

**पढ़ाई के लिए नहीं थे पैसे**

सामंथा के परिवार के साथ अपनी आगे की पढ़ाई का खर्च उठाने में असमर्थ होने की वजह से उनके पास फिल्म इंडस्ट्री में अभिनय करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं था। सामंथा ने कहा, नहीं, ऐसा नहीं था। मेरे पास वाकई में कोई दूसरा विकल्प नहीं था क्योंकि घर पर हालात कठिन थे। हमारे पास आगे की पढ़ाई के लिए ज्यादा पैसे नहीं थे, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं। जब मेरे पिता ने कहा, 'नहीं, मैं आपका लोन नहीं चुका सकता,' तो इसने मेरी जिंदगी बदल दी। काम की बात करें तो सामंथा सिटाडेल हनी बनी के अलावा बंगाराम नाम की फिल्म में नजर आएंगी।

## रोहिंग्या मुसलमानों को इंडोनेशिया में घुसने से लोगों ने रोका, नाव से उतरने तक नहीं दिया



जकार्ता, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुसलमानों का एक ग्रुप नाव के जरिए इंडोनेशिया में घुसने की कोशिश कर रहा जिसे रोक दिया गया। रोहिंग्या मुसलमानों नाव से उतरने तक नहीं दिया गया। बता दें कि लगभग 140 की संख्या में रोहिंग्या मुसलमान इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत से 1 मील दूर उतरने की कोशिश कर रहे थे। इन 140 लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इस संबंध में स्थानीय पुलिस ने बताया कि बांग्लादेश के कॉक्स बाजार से दक्षिण आचे जिले के लाबुहान हाजी के तट पर करीब दो सप्ताह की यात्रा के दौरान तीन रोहिंग्याओं की मौत हो गई। फिलहाल, अधिकारियों ने 11 रोहिंग्या मुसलमानों के बीमार पड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। 140 रोहिंग्या मुसलमानों के दक्षिण आचे पहुंचने पर मछुआरा समाज ने रोहिंग्याओं का जमकर विरोध किया। मछुआरा समुदाय के प्रमुख मोहम्मद जबल ने इसपर कहा, "हमारे मछुआरों ने किसी रोहिंग्या को यहां उतरने नहीं दिया क्योंकि हम यह बिल्कुल नहीं चाहते हैं कि जो रोहिंग्याओं के जाने पर अन्य स्थानों पर हुआ है, वो यहां हो।। क्योंकि वो जहां भी गए हैं वहां सिर्फ और सिर्फ अशांति ही पैदा हुई है।" बता दें कि दक्षिण आचे बंदरगाह पर लटके एक बैनर में लिखा है कि, "साउथ आचे रीजेंसी के लोग इस क्षेत्र में रोहिंग्या शरणार्थियों के आगमन को अस्वीकार करते हैं।" पुलिस ने अनुसार, यह नांव 216 लोगों को लेकर बांग्लादेश से चली थी। जिसमें से 50 लोग कथित तौर पर इंडोनेशिया के रियाउ प्रांत में उतरे थे। वहीं, आचे पुलिस ने कथित तौर पर लोगों की तस्करी करने के लिए तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

## महाराष्ट्र चुनाव के बीच अनिल देशमुख का 'बुक बम' डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर लगाए गंभीर आरोप



मुंबई, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। एनसीपी नेता अनिल देशमुख अपनी आत्मकथा लॉन्च करने वाले हैं। नई किताब एक नया विवाद पैदा कर सकती है, क्योंकि इस किताब के कवर पेज का अनावरण महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के वोटिंग से ठीक पहले किया गया है। अनिल देशमुख ने इसमें डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाए हैं तो वहीं एंटीलिया प्रकरण, ईडी केस और विरोधियों के आरोपों पर भी कई बातें लिखी हैं। अनिल देशमुख ने तत्कालीन गृह मंत्री रहते हुए पर्दे के पीछे की कहानी इस किताब के माध्यम से बताई है, जिसका नाम 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' रखा गया है। अनिल देशमुख ने 'एक्स' पर किताब का कवर पेज जारी करते हुए लिखा, "हर सुर्खी के पीछे एक गहरी कहानी छिपी होती है- मेरी रोमांचक राजनीतिक आत्मकथा में छुपे चौंकाने वाले सच को जानिए। मेरे किताब का कवर पेज साझा कर रहा हूं।"

**कवर पेज पर सनसनीखेज आरोप**

कवर पेज के डिस्क्रिप्शन में लिखा हुआ है, "डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर एक रोमांचक आत्मकथा है, जिसमें वरिष्ठ राजनीतिक नेता अनिल देशमुख ने अपने जीवन के सबसे चुनौतिपूर्ण दौर का खुलासा किया है। इस संघर्षगाथा की शुरुआत उस वक्त होती है, जब कोविड काल में मुकेश अंबानी के घर के सामने विस्फोटक से भरी गाड़ी मिलने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था।"किताब में आगे लिखा गया है, "महाराष्ट्र के गृह मंत्री के रूप में देशमुख ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, लेकिन उन्हें एक ऐसी राजनीतिक साजिश में फंसाया गया। जहां भ्रष्ट पुलिसकर्मी, विपक्षी दल और केंद्रीय एजेंसियों ने उन्हें निशाना बनाया।"

**देशमुख ने फडणवीस पर लगाए गंभीर आरोप**

किताब में अनिल देशमुख ने देवेंद्र फडणवीस पर बड़ा आरोप लगाते हुए दावा किया है, "मुझ पर उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे, अजित पवार और अनिल परब के खिलाफ फर्जी हलफनामा दाखिल करने का दबाव बनाया गया। मुझे इस बात का अहसास हुआ कि फडणवीस विपक्षी नेताओं का करियर खत्म करने और फर्जी हलफनामा दाखिल करने के लिए मेरा इस्तेमाल करना चाहते हैं।" अनिल देशमुख ने अपनी किताब में लिखा है, "मैंने देवेंद्र फडणवीस के मेसेंजर से कहा कि जाकर उन्हें बता दो कि मैं किसी के खिलाफ झूठे आरोप नहीं लगाऊंगा। मैं बाकी बची जिंदगी जेल में बिता लूंगा, लेकिन मैं ऐसे फर्जी आरोप लगाने के लिए नहीं गिरूंगा।" पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख जल्द ही अपनी नई किताब प्रकाशित करने जा रहे हैं। इस किताब के हिंदी, मराठी और अंग्रेजी संस्करण के कवर पेज सामने आ चुके हैं, इस किताब के कुछ पन्ने हाथ लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ पन्ने उन 20 मामलों में से एक के हैं जिनमें देशमुख ने एक अधिकारी के हवाले से केंद्रीय एजेंसी ईडी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले का शीर्षक है: ईडी - ऊपर से दबाव, जिसमें देशमुख ने उल्लेख किया है कि दिवाली 2021 पर ईडी कार्यालय में पेश होने के बाद उन्हें कैसे गिरफ्तार किया गया था।

## भगौड़े नीरव मोदी की एक और प्रॉपर्टी नीलाम हाथ लगे 48 करोड़, कैसे चुकेगा कर्ज



मुंबई, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। घोटालेबाज और भगोड़े नीरव मोदी का नाम फिर सुर्खियों में आया है। भारतीय बैंक को 14000 करोड़ की चपत लगाने वाला नीरव मोदी ब्रिटेन में सजा काट रहा है। इस भगोड़े से घोटाले की रकम की पाई-पाई वसूली जा रही है। भारत में प्रॉपर्टीज जब्त होने के बाद नीरव मोदी की हालात खस्ताहाल हो गई है। इसी कड़ी में इस घोटालेबाज कारोबारी की एक और संपत्ति बिक गई। खास बात है कि मुंबई स्थित इस आलीशान प्रॉपर्टी को बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा की कंपनी की ने खरीदा है। भाने ग्रुप ने नीरव मोदी के रिदम हाउस को खरीद लिया है। रिदम हाउस मुंबई का आइकॉनिक म्यूजिक स्टोर है जिसकी कीमत 48 करोड़ रुपये है। 3600 स्क्वैर फुट की आलीशान एरिया में फैला रिदम हाउस 2018 से नीरव मोदी के देश छोड़ के भाग जाने के बाद से बंद था। आइये आपको बताते हैं रिदम हाउस का यह पैसा कहां जाएगा और नीरव मोदी पर बैंकों का कितना कर्ज है। भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी का मुंबई स्थित रिदम स्टोर, इंडियन बैंकरप्सी कोर्ट की देखरेख में था। ब्लूमबर्ग को कोर्ट ने इस डील के कन्फर्म होने की बात बताई है। फायरस्टार प्रॉपर्टीज की देखरेख करने वाले अधिकारी शांतनु टी रे ने कहा, 'स्टेकहोल्डर कमिटी ने 4,784 लाख रुपए में रिदम हाउस की बिक्री को मंजूरी दे दी है'। नीरव मोदी, एक मशहूर हीरा कारोबारी रहा है। 2017 की फोर्ब्स की लिस्ट में उसे अरबपतियों की सूची में 57वां स्थान मिला था। लेकिन, बैंक घोटाले को अंजाम देने के बाद वह रोड पर आ गया।

## महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव में किस पार्टी के लिए प्रचार करेंगे अरविंद केजरीवाल? इन दलों ने किया संपर्क



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल महाराष्ट्र और झारखंड में सहयोगी पार्टियों के लिए प्रचार करेंगे। सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल विशेष रूप से उद्धव ठाकरे शिवसेना-यूबीटी और शरद पवार की एनसीपी के लिए प्रचार करेंगे।

शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी-एसपी ने महाराष्ट्र में प्रचार के लिए अरविंद केजरीवाल से संपर्क किया है। केजरीवाल उन विधानसभा सीटों पर प्रचार कर सकते हैं, जहां आप का संगठन मजबूत स्थिति में है। साथ ही उन सीटों पर भी अरविंद केजरीवाल प्रचार करेंगे, जहां एमवीए उम्मीदवारों की कोई विवादास्पद पृष्ठभूमि भी न हो। अरविंद केजरीवाल के अलावा आप के दूसरे बड़े नेता भी इंडिया गठबंधन के घटक दलों शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी-एसपी के लिए प्रचार कर सकते हैं।

**झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी के लिए करेंगे प्रचार**

सूत्र बताते हैं कि अरविंद केजरीवाल झारखंड में भी प्रचार करेंगे। केजरीवाल झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने की संभावना है। केजरीवाल झारखंड की उन सीटों पर प्रचार कर सकते हैं जो शहरी इलाके में आते हैं। बता दें कि जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ अरविंद केजरीवाल के आवास गए थे और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की थी।

**कांग्रेस के लिए प्रचार नहीं करेंगे केजरीवाल?**

हालांकि यह साफ नहीं है कि केजरीवाल महाराष्ट्र या झारखंड में कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगे या नहीं, जिसके साथ उसका हाल ही में हरियाणा में गठबंधन नहीं हो पाया था। हरियाणा में कांग्रेस को मिली हार के बाद आप ने इशारों-इशारों में तंज भी किया था। महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को और झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को चुनाव होंगे। दोनों ही राज्यों में नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। उधर, पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होना है, जिसके लिए आप ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। अरविंद केजरीवाल आप के प्रत्याशियों के लिए भी पंजाब में प्रचार करते हुए दिखेंगे।

## पुणे में पानी की टंकी गिरने से तीन मजदूरों की मौत, 7 घायल, नहाने के दौरान हुआ हादसा

पुणे, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे जिले में आज एक बड़ा हादसा हो गया। पिंपरी चिंचवड़ के भोसारी इलाके में पानी की टंकी गिरने से तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और सात घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए सभी मजदूर बिहार और झारखंड के रहने वाले है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेशी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के लेबर कैंप में घटना हुई है। वसंत परदेशी ने बताया कि सुबह छह बजे के करीब के सभी मजदूर पानी की टंकी के पास नहा रहे थे। तभी अचानक पानी के दबाव के कारण टंकी ढह गई। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि जमीन से करीब 12 फीट की ऊंचाई पर पानी की टंकी बनाई गई थी।

## प्रियंका गांधी और नाव्या हरिदास में कौन ज्यादा पढ़ी लिखी? दोनों प्रत्याशियों के बीच है टक्कर



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के खिलाफ भाजपा ने नाव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर 13 नवंबर को वोटिंग होगी। प्रियंका गांधी ने नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामे में अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया था। हालांकि, आइए आज पढ़ते हैं कि प्रियंका गांधी और नाव्या हरिदास में ज्यादा पढ़ी लिखी कौन हैं। हलफनामे के मुताबिक, प्रियंका गांधी पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने कॉन्वेंट ऑफ जेसस एंडी मैरी स्कूल से प्राथमिक शिक्षा हासिल की। इसके बाद उन्होंने साइकोलॉजी से बीए ऑनर्स किया। उन्होंने जेसस एंड मैरी कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन किया। इसके बाद उन्हें वर्ष 2010 में बौद्ध अध्ययन में एमए की डिग्री हासिल की। वहीं, बात करें नाव्या हरिदास की पढ़ाई लिखाई की तो उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। वो सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने साल 2007 में बीटेक की पढ़ाई की है। उन्होंने केएमसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज, कालीकट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। उनके पति मैकनेनिकल इंजीनियर हैं। नाव्या के लिए राजनीतिक सफर नई नहीं है। वो कोझिकोड नगर निगम की दो बार पार्षद रह चुकी हैं। साल 2021 में उन्होंने कोझिकोड विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, वो चुनाव हार गई थीं। उनका परिवार आरएसएस से जुड़ा हुआ है। प्रियंका गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा,मैं वायनाड को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और महिला मोर्चा के राज्य महासचिव के रूप में मैंने कई बार वायनाड का दौरा किया है। मैं कई बार वायनाड की समस्याओं से जुड़ी रही हूं। मैंने वायनाड के लोगों के साथ काम किया। वायनाड का कोई भी मुद्दा संसद में नहीं उठाया गया। उन्होंने (राहुल गांधी) कभी भी वायनाड की वास्तविक जरूरतों की परवाह नहीं की। वायनाड में 10 प्रतिशत आदिवासी आबादी है, उनके उत्थान पर कभी भी सांसदों ने विचार नहीं किया।

**13 नवंबर को होगा उपचुनाव**

बता दें कि 13 नवंबर को वायनाड में उपचुनाव होना है। वहीं, 23 नवंबर को मतगणना होगी।बताते चलें कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड के अलावा रायबरेली से भी चुनाव लड़ा था। दोनों सीटों से चुनाव जीतने के बाद उन्होंने वायनाड सीट

## लॉरेंस की साजिश: सिद्धू की हत्या के लिए दो इंच के चाइनीज फोन से आदेश, फिर गोल्डी-अनमोल ने कुछ यूं बिछाया जाल

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई किसी भी सूरत में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या करना चाहता था। पूर्वी दिल्ली से भेजे गए गैंगस्टर हाशिम बाबा के शूटरों ने मूसेवाला की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखकर हत्या करने से मना कर दिया था। ऐसे में उसने तिहाड़ से दो इंच के चाइनीज फोन के जरिये कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ और भाई अनमोल को मूसेवाला की हत्या करवाने का आदेश दिया था। वहीं, दिल्ली समेत पूरे देश के गैंगस्टर दो गुटों में बंट गए हैं। एक गिरोह लॉरेंस का है तो दूसरा देवेंद्र बंबीहा का है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की पूछताछ में लॉरेंस ने खुद स्वीकार किया था कि वह नवबंर, 2021 में तिहाड़ में बंद था। मार्च 2022 में उसे हाई सिक्योरिटी जेल नंबर 8 में शिफ्ट कर दिया गया।

## बॉम्बे हाईकोर्ट परिसर के लिए जमीन का अगला भाग दिसंबर तक दे देंगे, राज्य सरकार ने एससी को दिया भरोसा



मुंबई, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह मुंबई के बांद्रा क्षेत्र में बॉम्बे हाईकोर्ट के नए भवन परिसर के निर्माण के लिए जमीन की अगली किश्त दिसंबर तक सौंप देगी। राज्य सरकार ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई और जेबी पारदीवाला की विशेष अदालत को यह सूचित किया कि उन्हें अभी तक दक्षिण मुंबई में एयर इंडिया भवन का कब्जा नहीं मिला है , जहां बॉम्बे हाई कोर्ट शिफ्ट करने का प्रस्ताव दिया गया था। राज्य सरकार ने कहा कि 30.16 एकड़ जमीन का अधिकार चरणबद्ध तरीके से सौप दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 4.39 एकड़ की किश्त पहले ही दी जा चुकी है। दिसंबर तक अगली किश्त सौंप दी जाएगी। राज्य सरकार के एडवोकेट जनरल बीरेंद्र सर्राफ ने कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली जजों की समिति ने इस मुद्दे से निपटने के लिए राज्य के अधिकारियों के साथ अगली बैठक 12-13 नवंबर को तय की है। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग प्रोजेक्ट के लिए मीटिंग कंसल्टेंट की भर्ती भी की जा रही है। पीडब्ल्यूडी इमारत की मरम्मत पर उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चरल ऑडिट कराना होगा। पीठ ने राज्य सरकार से ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा और अगले साल जनवरी के पहले सप्ताह में सुनवाई तय की। बता दें कि पीठ बॉम्बे हाईकोर्ट की हेरिटेज बिल्डिंग और हाई कोर्ट के लिए अतिरिक्त जमीन आवंटन शीर्षक वाले स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी। बॉम्बे हाईकोर्ट की स्थापना 16अगस्त 1982 में की गई थी।

## वीडी शर्मा के बाद अब किसे मिलेगी मध्यप्रदेश भाजपा की कमान?



भोपाल, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन के चुनाव शुरु हो चुके है। ग्वालियर के पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने बतौर प्रदेश चुनाव प्रभारी बुधवार को पार्टी के प्रदेश दफ्तर में अपना कामकाज संभाल लिया है। मध्यप्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा इस पर भी अब अटकलों का दौर शुरु हो गया है। देश में भाजपा के सबसे मजबूत संगठन वाले राज्य में पार्टी की जिम्मेदारी किस चेहरे के मिलेगी इस पर अब सबकी निगाहें लग गई है, इसके साथ ही यह सवाल भी सियासी गलियारों में चर्चा के केंद्र में है कि क्या मध्यप्रदेश की कमान क्या अब किसी महिला चेहरे के हाथ में होगी। वीडी शर्मा का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा-मध्यप्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष के सामने संगठन को नई ऊंचाईयों पर ले जाने होगा। वर्तमान भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का उपलब्धियों से भरा हुआ है। वीडी शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने मध्यप्रदेश में जीत की नई इबारत लिखी है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जहां अब तक अपना सर्वेश्रष्ठ प्रदर्शन किया वहीं लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें जीतकर नया इतिहास रच दिया है। बतौर भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है। वीडी शर्मा की मजबूत संगठनात्मक क्षमता की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके है। नए प्रदेश अध्यक्ष के दावेदार?- भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्त में जातीय समीकरण को साधा जा सकता है। ऐसे में जब मुख्यमंत्री ओबीसी कोटे से आते है तब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पद सामान्य श्रेणी में आ सकता है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष के संभावित नामों में पार्टी की ज्वाइनिंग टोली के संयोजक नरोत्तम मिश्रा, सीनियर नेता गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, सांसद गणेश सिंह, बंशीलाल गुर्जर, भगवान दास सबनानी जैसे नाम शामिल है। सूबे के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भले ही विधानसभा चुनाव दतिया से हार गए हो लेकिन वह भोपाल से लेकर दिल्ली तक सक्रिय है। इसके साथ ही सामान्य वर्ग से आने वाले वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव का नाम भी प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल है। हलांकि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व अब 2028 और 2029 को लेकर नई पीढ़ी के नेताओं को कमान सौंपने की तैयारी में है इसलिए गोपाल भार्गव की दावेदारी थोड़ी कमजोर पड़ती है। इसके साथ सतना से पांचवीं बार सांसद चुने गए गणेश सिंह और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भी प्रदेश अध्यक्ष के दावेदार में है। पांच बार के सांसद गणेश सिंह पिछड़ा वर्ग के बड़े चेहरे माने जाते हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा को शिकस्त देकर लगातार पांचवीं बार सांसद बने। गणेश सिंह ने सियासी कॅरियर की शुरुआत जिला पंचायत से की थी । एक बार जिला पंचायत सदस्य और दूसरी बार अध्यक्ष बने। वहीं बंशीलाल गुर्जर की पहचान बड़े किसान नेता के रुप में होती है। मंदसौर से आने वाले बंशीलाल गुर्जर पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है। वे भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा कृषि उपज मंडी मंदसौर में लगातार 15 साल तक अध्यक्ष पद पर काबिज रहे। उनकी पत्नी भी जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुकी है।

## गांजा भरी बीड़ी को जलाने के लिए एक्साइज ऑफिस में माचिस मांगने पहुंचे छात्र, अधिकारियों ने पकड़ा



इडुक्की, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के इडुक्की में एक अनोखा मामला सामने आया है। मुन्नार के मनोरम हिल स्टेशन की स्कूल यात्रा पर आए छात्रों को गांजा पीना मंहगा पड़ गया। बता दें कि छात्रों ने बीड़ी में पहले ही गांजा भर लिया था। लेकिन उनके पास इसे जलाने के लिए माचिस नहीं थी। बस, यही उनके लिए मुसीबत लेकर आया।

बिना सोचे-समझे लड़के एक्साइज ऑफिस में घुस गए और माचिस मांगने लगे। फिर क्या था, अधिकारियों ने इनको दबोच लिया। दो छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना सोमवार को आदिमाली में घटी, जहां त्रिशूर के एक सहायता प्राप्त स्कूल के छात्र अपने शिक्षकों के साथ स्कूल भ्रमण के लिए आए थे। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर का खाना खाने के बाद, समूह के कुछ लड़कों ने गांजा पीने का फैसला किया और गांजा भर कर बीड़ी बनाई।

इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके पास बीड़ी जलाने के लिए माचिस नहीं है। धूल से सनी गाड़ियों से भरी एक इमारत को देखकर लड़कों ने गलती से सोचा कि यह एक वर्कशॉप है और लापरवाही से वह इस इमारत के अंदर चले गए। उन्हें पता नहीं था कि वे गलती से स्थानीय आबकारी कार्यालय में चले गए थे-वही प्राधिकरण जो अवैध पदार्थों पर नकेल कसता है। लड़कों में से एक ने अंदर बैठे एक आदमी के पास जाकर विनम्रता से माचिस मांगी। अधिकारी को लड़कों पर शक हुआ और अधिकारी ने लड़कों के इरादे को भांप लिया था। जब लड़के जल्दी से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तो अफरा-तफरी मच गई, लेकिन उन्हें तुरंत पकड़ लिया गया।

## 350 के करीब पहुंचा दिल्ली का औसत एक्यूआई आनंद विहार-जहांगीरपुरी की हालत सबसे खराब



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में लोगों का दम घुट रहा है। यहां की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। गुरुवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 340 पहुंच गया। सामान्य स्थिति में यह 50 के आसपास रहता है। 50 से ज्यादा एक्यूआई वाली हवा सेहत के लिए नुकसानदेह होती है। 300 एक्यूआई वाली हवा बेहद खतरनाक होती है। इससे लोगों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। डॉक्टर ऐसी हवा में कम से कम रहने और काम करने की सलाह देते हैं। सबसे खराब हाल आनंद विहार और जहांगीरपुरी की है। इन दोनों जगहों का एक्यूआई 400 पहुंच चुका है। इस बीच कृत्रिम बारिश की मांग की जा रही है। बारिश होने पर हवा साफ होगी और दिल्ली का प्रदूषण कम होगा। दिल्ली एनसीआर में पॉल्यूशन का सबसे बुरा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इंडिया गेट में लोग बड़ी संख्या में मॉर्निंग वॉक, एक्सरसाइज और साइकिलिंग के लिए सुबह-सुबह आते हैं, लेकिन हवा में प्रदूषण के कारण इंडिया गेट इस समय पूरा खाली है। कुछ गिने-चुने लोग ही यहां एक्सरसाइज के लिए आ रहे हैं। इन हालातों को लेकर एक साइकलिस्ट का कहना है कि पॉल्यूशन से उन्हें साइकिलिंग करने में मुश्किल हो रही है। वह ज्यादा देर तक साइकिल नहीं चला पा रहे हैं, सांस फूलने लग रही है और आंखों में भी जलन हो रही है। दिल्ली के अस्पतालों में श्वास संबंधी मामलों में 30 से 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। श्वास रोग विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चे और बुजुर्ग प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। उन्होंने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने और धूल के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी।

## दिवाली समारोह के दौरान झड़प का मामला, जामिया प्रशासन ने जारी किया बयान, क्या कहा?

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया में दिवाली समारोह के दौरान झड़प का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. इस बीच यूनिवर्सिटी की छवि को खराब करने के प्रयास को गंभीरता से लेते हुए जामिया ने परिसर में दीपावली समारोह में बाधा डालने के लिए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. जामिया मिल्लिया इस्लामिया के जनसंपर्क विभाग की ओर से कहा गया कि यह पता चला है कि 22 अक्टूबर, 2024 की शाम को यूनिवर्सिटी के छात्रों की ओर से आयोजित दीपावली समारोह में बाधा डालने के लिए कुछ अज्ञात व्यक्ति परिसर में घुस आए थे.

जामिया के छात्रों ने दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता और दीपक जलाने का समारोह आयोजित किया था. यह कार्यक्रम सभी समुदायों और धर्मों के छात्रों की ओर से पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा था, लेकिन बाहरी तत्वों ने यूनिवर्सिटी परिसर में प्रचलित सद्भाव को खत्म करने के मकसद से अनुचित नारेबाजी के रूप में बाधा डाला. इसमें कहा गया है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया जो अपने 104वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने के करीब है, भारत सरकार के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के अनुसार देश में तीसरा शीर्ष रैंक वाला यूनिवर्सिटी है जामिया की ओर से आगे कहा गया, "यूनिवर्सिटी प्रशासन ने संस्थान को बदनाम करने के लिए कुछ क्षेत्रों में हो रहे प्रयासों को बहुत गंभीरता से लिया है. यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और शोध प्रदान करने में अग्रणी रहा है,

## चुनाव मंच: एमवीए में कितने सीटों पर बन गई सहमति? प्रियंका चतुर्वेदी ने बताया




मुंबई, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव मंच में शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे से ज्यादा बड़ा सवाल ये है कि महाराष्ट्र के हित की बात कौन कह रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महाराष्ट्र से इंडस्ट्री का जाना ज्यादा बड़ा मुद्दा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने आगे कहा कि आप कोई भी सर्वे देखें उससे स्पष्ट हो जाएगा कि जनता की सहानूभूति किसके साथ है। उन्होंने कहा कि पापुलरिटी में उद्धव ठाकरे कहां खड़े हैं और बाकी नेता कहां खड़े हैं वह सब को पता है। प्रियंका ने कहा कि हम 3 पक्ष एक साथ लड़ रहे हैं। सीटों को लेकर कोई खींचतान नहीं है। महा विकास अघाड़ी में सीटों को लेकर जारी खींचतान को लेकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हम 3 पक्ष एक साथ लड़ रहे हैं। सीटों को लेकर कोई खींचतान नहीं है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हम गठबंधन के दलों का सम्मान करते हैं। एमवीए में 270 सीटों पर सहमति बन गई है। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को लेकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हमने माहिम से अपना उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। माहिम हमारी पारंपरिक सीट रही है। हम अपनी पूरी मेहनत से चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में हमारी पार्टी को तोड़ने का काम नहीं हुआ था। यहां एक अलग परिस्थिति है। प्रियंका ने कहा कि मनसे ने शिवसेना, एनसीपी की टूट को लेकर कुछ भी नहीं कहा। सीधी लड़ाई में कांग्रेस कमजोर पड़ जाती है अपने इस बयान को लेकर प्रियंका ने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा के जो नतीजे रहे उसे लेकर कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत है। डायरेक्ट फाइट में उन्हें कहां समस्या आ रही इसे लेकर कांग्रेस को आत्मचिंतन करना चाहिए।



# अमेरिका हो या चीन कोई भी भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता

## वॉशिंगटन में बोली सीतारमण

वॉशिंगटन,24 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वॉशिंगटन में कहा कि भारत की प्राथमिकता प्रभुत्व स्थापित करना नहीं बल्कि अपने प्रभाव को बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या चीन कोई भी देश आज भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। सीतारमण ने यहां सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित ब्रेटन वुड्स एट 80: प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डेकेड के दौरान ये बात कही है।

**ऐसे बढ़ रहा है भारत का प्रभाव**

सीतारमण ब्रेटन वुड्स संस्थाओं की वार्षिक बैठकों में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंची थीं। उन्होंने कहा, भारत की प्राथमिकता यह दिखाकर अपना प्रभुत्व स्थापित करना नहीं है कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, हमारी जनसंख्या सबसे अधिक है। बल्कि हमारा लक्ष्य अपना प्रभाव बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में हर छह में से एक व्यक्ति भारतीय है, आप हमारी अर्थव्यवस्था और जिस तरह से यह बढ़ रही है, उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

**भारत मार्गदर्शन की स्थिति में**

भारत क्या मार्गदर्शन की स्थिति में है, इस सवाल पर उन्होंने प्रौद्योगिकी में देश की अग्रणी भूमिका का जिक्र किया और कहा कि भारतीयों के पास जटिल कॉरपोरेट व्यवस्था को चलाने के लिए एक प्रणाली है।

उन्होंने कहा, आप वास्तव में इसे अनदेखा नहीं कर सकते। अमेरिका जैसा दूर स्थित देश हो या चीन जैसा पड़ोसी, कोई भी देश हमें अनदेखा नहीं कर सकता।

**वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष से मुलाकात**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की और अन्य मुद्दों के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की।



विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों ने यहां वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से संबंधित मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार में पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स अकाउंट पर लिखा, वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया।

# सेबी चीफ माधबी पुरी बुच संसदीय समिति के सामने नहीं हुई पेश



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को आज संसदीय समिति (पब्लिक अकाउंट कमिटी) यानी पीएसी के सामने पेश होना था लेकिन उन्होंने आने में असमर्थता जताई। सेबी प्रमुख संसदीय समिति के सामने पेश नहीं हुई हैं और उन्होंने एक पत्र लिखकर ना आने की जानकारी दी है।

**सेबी चीफ ने आने में जताई असमर्थता**

बीते दिनों सेबी प्रमुख के ऊपर लगे आरोपों के सिलसिले में माधबी पुरी की पेशी पीएसी के सामने होनी थी लेकिन उन्होंने आने से इंकार कर दिया। इसके बाद कांग्रेस सांसद और संसदीय समिति के प्रमुख केसी वेणुगोपाल ने सुझाव दिया कि सेबी चीफ को पेश होने के लिए अगली तारीख दे दी जाए और इस बैठक को अगली बार के लिए टाल दिया जाए। इस सुझाव का पीएसी में शामिल बाकी बीजेपी सदस्यों ने विरोध किया है। गुरुवार की बैठक में आज सेबी जैसे नियामक या मार्केट रेगुलेटर के कामकाज की समीक्षा की जानी थी। इसी के तहत सेबी चीफ माधबी पुरी बुच को पेशी के लिए सम्मन किया गया था। संसदीय कमिटी के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सेबी प्रमुख के पीएसी के सामने पेश ना होने के चलते इसकी बैठक को स्थगित करने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं बीजेपी सदस्यों ने इसका विरोध करते हुए संसद के लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला से शिकायत की।

ध्यान रहे कि पहले भी बीजेपी सदस्यों ने केसी वेणुगोपाल के खिलाफ आवाज उठाई थी कि विपक्षी पार्टी के नेता राजनीतिक हितों के असर के चलते सेबी चीफ को सम्मन कर रहे हैं। आज टेलीकम्यूनिकेशन मिनिस्ट्री के रिप्रेजेंटेटिव और टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राई के प्रतिनिधियों से भी इसमें मौखिक सबूतों को लेने के लिए कोशिशें की जानी थीं। सेबी के कामकाज को लेकर भी इस मीटिंग में जो चर्चा होनी थी वो नहीं हो पाई।

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

सोना 531 रुपए गिरकर 78,161 रुपए पर आया, चांदी 97,420 रुपए प्रति किलो बिक रही



सोना और चांदी के दाम में आज यानी 24 अक्टूबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 531 रुपए गिरकर 78,161 रुपए पर आ गया है। इससे एक दिन पहले सोना 78,692 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी की कीमत में भी 1,442 रुपए की गिरावट रही और यह 97,420 रुपए प्रति किलो के भाव पर आ गई है। इससे एक दिन पहले चांदी 98,862 रुपए पर बंद हुई थी। 23 अक्टूबर को बाजार ओपन होने पर सोने ने 78,703 रुपए और चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

महानगरों सोने की कीमत

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,620 रुपए है।

**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,470 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,850 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 79,470 रुपए है।

**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,470 रुपए है।

**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपए है।

**हैदराबाद:** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,850 रुपये है।

**साल के आखिर तक 79 हजार तक जा सकता है सोना**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार जियोपॉलिटिकल टेंशन और फेस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

# कांच की बोतल और 10 रुपये में कोल्ड ड्रिंक, मुकेश अंबानी से निपटने के लिए पेप्सी और कोका-कोला का नया प्लान



नई दिल्ली,24 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस ने जब से कैम्पा कोला मार्केट में उतारी है, प्रतिद्वंदी कंपनियों पेप्सी और कोका-कोला की नींद उड़ गई है। कैम्पा कोला मार्केट में धीरे-धीरे अपनी पकड़ बना रही है। ये दोनों मल्टीनेशनल कंपनियां (पेप्सी और कोका-कोला) तरह-तरह से मुकेश अंबानी के इस प्रोडक्ट को मात देने में लगी हैं। ये कंपनियां इससे निपटने के लिए पुराने पैंतरे को भी आजमाने पर विचार कर रही हैं। पेप्सी और कोका-कोला इस तरह की कोल्ड ड्रिंक्स मार्केट में पेश करने की तैयारी में हैं जो बजट फ्रेंडली हो। इस मामले से अवगत सॉफ्ट ड्रिंक्स इंडस्ट्री के अधिकारियों ने इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि पेप्सिको और कोका-कोला अपने मुख्य ब्रांडों की तुलना में 15-20% सस्ते सॉफ्ट ड्रिंक्स लॉन्च करने की तैयारी में हैं। इन दोनों कंपनियों का उद्देश्य है कि इन सस्ते प्रोडक्ट को मार्केट में बेचकर रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के कैम्पा-कोला से बढ़ते खतरे का मुकाबला किया जा सके।

**क्या है पेप्सी का प्लान?**

मार्केट में पकड़ बनाने के लिए रिलायंस कई तरीके आजमा रही है। वह कैम्पा कोला को ग्राहक तक पहुंचाने के लिए प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में रिटेलर्स को ज्यादा मार्जिन दे रही है। रिलायंस कंज्यूमर रिटेलर्स को 6-8% मार्जिन दे रही है, जबकि अन्य सॉफ्ट ड्रिंक कंपनियां 3.5-5% मार्जिन दे रही हैं। ऐसे में पेप्सी और कोका-कोला या तो अपने सस्ते प्रोडक्ट मार्केट में उतारने का सोच रही हैं या बी-ब्रांड लॉन्च करना चाहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये कंपनियां अपने मुख्य ब्रांड की इमेज और मार्जिन को भी कमजोर नहीं करना चाहतीं।

भारत में पेप्सिको के सबसे बड़े बॉटलिंग पार्टनर वरुण बेवरेजेज के चेयरमैन रवि जयपुरिया बताते हैं, 'अगर जरूरत पड़ी तो हम एक ऐसी रेंज बनाएंगे जो उनके प्राइस से मुकाबला करेगी।' हालांकि उन्होंने कहा कि पेप्सिको कैम्पा की प्राइस स्ट्रेटेजी से प्रभावित नहीं है। उन्होंने रिलायंस की रणनीति को अलग बताया। क्या है कोका-कोला का प्लान?कैम्पा कोला से निपटने के लिए कोका-कोला ने भी प्लान बनाया है। कोका-कोला की योजनाओं से अवगत दो अधिकारियों ने बताया कि कंपनी विशेष रूप से टियर-2 मार्केट के लिए नई रणनीति बना रही है। यहां के लिए कंपनी कांच की बोतल में मात्र 10 रुपये में कोल्ड ड्रिंक बेचने पर विचार कर रही है। कंपनी पहले भी यह इस कीमत पर कांच की बोतल में कोल्ड ड्रिंक्स बेच चुकी है।इसके अलावा कंपनी क्षेत्रीय ब्रांडों को लॉन्च करने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है। कंपनी ने इसी तरह एक ब्रांड रिमझिम जीरा है। इसे कंपनी ने कम समय के लिए लॉन्च किया था। अब इसकी आपूर्ति बहुत सीमित पैमाने पर ही की जाती है। एक अधिकारी ने कहा कि इससे कंपनी के मुख्य ब्रांडों के मार्जिन पर असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि कोका-कोला मार्जिन पर कोई समझौता नहीं करना चाहती।


**क्या है अभी कीमत?**

रिलायंस कंज्यूमर 200 मिलीलीटर की कैम्पा कोला की बोतल 10 रुपये में बेच रही है। वहीं कोका-कोला और पेप्सिको 250 मिलीलीटर की बोतल 20 रुपये में बेच रहे हैं।

कैम्पा कोला की 500 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 20 रुपये है जबकि कोक की बोतल 30 रुपये और पेप्सी की 40 रुपये है।

# टाटा ग्रुप को टक्कर देने की राह पर अडानी

दोनों के पास बड़ी-बड़ी कंपनियां, इनमें से दुधारू गाय कौन?




नई दिल्ली,24 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के जब भी बड़े कारोबारी ग्रुप की बात आती है तो इसमें टाटा ग्रुप और अडानी ग्रुप का भी नाम आता है। दोनों ग्रुप की कई कंपनियां बाजार में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। टाटा ग्रुप 150 साल से ज्यादा पुराना है। वहीं अडानी ग्रुप 50 साल पुराना भी नहीं है। लेकिन अडानी ग्रुप की ग्रोथ देखें तो शानदार है। हालांकि अडानी ग्रुप की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ी है, वह टाटा ग्रुप को टक्कर देता नजर आ रहा है। टाटा ग्रुप कई तरह के कारोबार से जुड़ा हुआ है। इसमें आईटी, फैशन, मोटर, स्टील आदि शामिल हैं। वहीं बात अगर अडानी ग्रुप की करें तो इसने खुद को अभी तक गिने-चुने कारोबार तक ही सीमित रखा है। इसमें एयरपोर्ट, पोर्ट्स, ग्रीन एनर्जी, सीमेंट आदि हैं। इसके अलावा टाटा ग्रुप का कारोबार दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। वहीं अडानी ग्रुप अपनी दुनियाभर में अपने पैर जमा रहा है और तेजी से फैल रहा है।

**टाटा ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी कौन?**

टाटा ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) है। इसका मार्केट कैप 14.88 लाख करोड़ रुपये है। यह ग्रुप की किसी भी कंपनी के मुकाबले सबसे ज्यादा मार्केट कैप वाली कंपनी है। टीसीएस एक मल्टीनेशनल टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो आईटी सेक्टर से जुड़ी है। यह कंपनी 46 देशों में काम करती है। इसके इन देशों में करीब 150 ऑफिस हैं। साल 2024 में इस कंपनी को फॉर्च्यून इंडिया 500 लिस्ट में 7वां स्थान मिला था।

**कैसी है शेयर की स्थिति?**

टीसीएस शेयर मार्केट में लिस्ट कंपनी है। यह अगस्त 2004 में लिस्ट हुई थी। इसने अभी तक निवेशकों को करीब 3250 फीसदी रिटर्न दिया है। अभी इसके शेयर की कीमत करीब 4031 रुपये है। पिछले एक साल में इसने करीब 19 फीसदी का रिटर्न दिया है।

**अडानी ग्रुप की बड़ी कंपनी कौन?**

अडानी ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज है। इस कंपनी का मार्केट कैप 3.47 लाख करोड़ रुपये है। यह भी मल्टीनेशनल कंपनी है। शुरुआत में यह माइनिंग और कोयला व लोह अयस्क की ट्रेडिंग करती थी। इसके अलावा अब यह एयरपोर्ट संचालन, खाद्य तेल, रेल एंड वाट इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर आदि सेक्टर से जुड़ी है। इसके अंतर्गत कई सब्सिडियरी कंपनी हैं।

**कैसी है शेयर की स्थिति?**

अडानी ग्रुप की यह कंपनी (अडानी एंटरप्राइजेज) भी शेयर मार्केट में लिस्टेड है। यह जनवरी 1999 में लिस्ट हुई थी। तब से लेकर अब तक इसने निवेशकों को 46800 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है।

# दो ऐलान और अनिल अंबानी की दो कंपनियों के शेयर बन गए रॉकेट, आज दोनों में लगा अपर सर्किट

नई दिल्ली,24 अक्टूबर (एजेंसियां)। अनिल अंबानी के लिए गुरुवार को शेयर मार्केट में खुशी का दिन रहा। गुरुवार को इनकी दो प्रमुख कंपनियों रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में तेजी आई। एक तरफ जहां सेंसेक्स में गिरावट दर्ज की गई तो अनिल अंबानी की इन दोनों कंपनियों के शेयर में 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। एक दिन पहले यानी बुधवार को भी रिलायंस इंफ्रा के शेयर में अपर सर्किट लगा था। वहीं रिलायंस पावर के शेयर में 3 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई थी। अंबानी की रिलायंस पावर कर्ज मुक्त हो चुकी है। वहीं रिलायंस इंफ्रा ने भी अपने कर्ज को 85 फीसदी तक कम कर दिया है।

**क्यों लगा अपर सर्किट?**

दोनों कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट का कारण दो फैसले रहे। बात अगर रिलायंस पावर की करें तो कंपनी को गुरुवार को तरजीही शेयर इश्यू करने के लिए, करीब 1525 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी शेयरहोल्डर्स से मिली है। वहीं एक दिन पहले यानी बुधवार को रिलायंस इंफ्रा की तरफ से ऐलान किया गया कि कंपनी विस्फोटक, गोला-बारूद और छोटे हथियार बनाने के लिए




इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट लगाएगी। यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र के रत्नागिरी में लगाया जाएगा। कंपनी ने कहा था कि इस प्रोजेक्ट के 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

**कितने का हुआ रिलायंस पावर का शेयर?**

रिलायंस पावर का शेयर गुरुवार को 5 फीसदी की तेजी के साथ 42.36 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में 3 अक्टूबर से गिरावट आई थी। इससे पहले कंपनी के शेयरों में पिछले कई दिनों से लगातार अपर सर्किट लग रहा था। अब फिर से अपर सर्किट ने निवेशकों के चेहरे पर खुशी ला दी है।

**रिलायंस इंफ्रा के शेयर की क्या स्थिति?**

रिलायंस इंफ्रा के शेयर में भी गुरुवार को 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। इस तेजी के साथ शेयर की कीमत 280.60 रुपये हो गई है। इस कंपनी के शेयर में ताजा गिरावट एक अक्टूबर से शुरू हुई थी।

# सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद

एचयूएल-नेस्ले के शेयरों में बिकवाली के चलते एफएमसीजी इंडेक्स में 1700 अंक लुढ़का

नई दिल्ली,24 अक्टूबर (एजेंसियां)।भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 के कारोबार सत्र में भी उठापटक देखने को मिली है। सेंसेक्स-निफ्टी इस उठापटक के चलते फ्लैट क्लोज हुआ है। लेकिन आज के सत्र में एफएमसीजी शेयरों की जमकर पिटाई हुई है। एचयूएल के कमजोर नतीजों का असर बाजार पर पड़ा है। मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स भी गिरकर बंद हुआ। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 17 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 80065 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36 अंकों की गिरावट के साथ 24,399 अंकों पर क्लोज हुआ है।

आज के कारोबार में बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 443.98 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सेशन में 445.31 लाख करोड़ रुपये रहा था। बाजार में गिरावट की बड़ी वजह रही एफएमसीजी स्टॉक्स रही है। बुधवार को एचयूएल के निराश करने वाले नतीजों के चलते निफ्टी के एफएमसीजी इंडेक्स में 1700 अंकों की गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा ऑटो, आईटी, मेटल्स, रियल एस्टेट, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। तेजी वाले सेक्टर्स में बैंकिंग, हेल्थकेयर, फार्मा सेक्टर शामिल है। आज के कारोबारी सत्र में फिर से मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट आ गई। बीएसई पर 4033 स्टॉक्स में ट्रेडिंग हुई जिसमें 1589 शेयर्स तेजी के साथ और 2344 स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए। 104 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है। बीएसई के 30 शेयरों में 19 शेयर तेजी के साथ और 11 गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में 26 तेजी के साथ और 24 गिरकर बंद हुए। तेजी वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट 2.77 फीसदी, टाइटन 1.37 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.35 फीसदी, एसबीआई 1.15 फीसदी, आईटीसी 1.02 फीसदी, पावर ग्रिड 0.85 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.83 फीसदी, सन फार्मा 0.78 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है। गिरने वाले शेयरों में एचयूएल 5.83 फीसदी, नेस्ले 2.88 फीसदी, आईसीआईसीआई 1.81 फीसदी, मारुति 1.61 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

# पट गया बाजार दिवाली की फैंसी लाइट और सजावट के सामानों से

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। चाहे कोई भी त्योहार हो, उसमें क्या ट्रेंड चल रहा है इसका अंदाजा लेना हो तो आप दिल्ली के सदर बाजार पहुंचिए। वहां आपको दिख जाएगा कि क्या ट्रेंड में है। इस साल भी दीपावली से पहले दिल्ली में सजावटी सामानों का बाजार गरम हो गया है। दिल्ली ही नहीं, उत्तर भारत के सबसे बड़े होलसेल मार्केट सदर बाजार में थोक और रिटेल में सजावटी सामान बिक रहा है। दुकानें सजी हुई हैं। ग्राहकों की भीड़ लग रही है। सदर बाजार में डेकोरेशन आइटम बेच रहे रायदीप सिंह ने बताया कि देसी सामान की मांग बढ़ रही है। तोरन, बंदनवार, हैंगिंग दीये, पानी वाले दीये, मेटल के दीये खूब डिमांड में हैं। ग्राहकों को वैरायटी चाहिए, जिसके लिए कितना भी खर्च करने को तैयार हैं। सदर बाजार में सभी तरह का माल किफायती दामों में



दिवाली पर नए बंदनवार

उपलब्ध है। ऐसे में सदर का क्रेज दिल्ली समेत दूसरे शहरों तक है। सिर्तबर से सजावटी सामान बेचना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि इस बार राजकोट, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई जैसे शहरों से माल मंगवा रहे हैं। वहीं रंग-बिरंगे आर्टिफिशियल फूलों की लड़ी, बंदनवार, कपड़े की माला आदि दिल्ली में ही बनवाया जा रहा है। हर साल डिजाइन में कुछ न कुछ बदलाव होता है। लोगों में पारंपरिक सजावटी सामान खरीदने का रुझ बढ़ा है।रायदीप ने बताया कि अब सदर बाजार में भीड़ हो गई है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2550,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-15 सूर्यास्त- 17-44
भोग कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | तुला- | 05-42 बजे |
| चंद्र- | कर्क | वृश्चिक- | 07-52 बजे |
| मंगल | कर्क | धनु- | 10-05 बजे |
| बुध- | तुला | मकर- | 12-11 बजे |
| गुरु- | वृष | कुम्भ- | 14-02 बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मीन- | 15-40 बजे |
| शनि- | कुंभ | मेष- | 17-16 बजे |
| राहु- | मीन | वृष- | 19-01 बजे |
| केतु- | कन्या | मिथुन- | 21-02 बजे |
| | | कर्क- | 23-13 बजे |
| | | सिंह- | 01-26 बजे |
| | | कन्या- | 03-33 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 03-22 तक उपरान्त दशमी
मास - कार्तिक कृष्ण , शुक्रवार 25 October
नक्षत्र- पुष्य 07-39 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - शुभ 05-25 अहोरात्र
करण- तैतिल 14-35 तक उप गर
विशेष:- शुक्र पुष्य योग
व्रत -त्योहार -

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:33 से 11:59 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:15 - 07:40 | शुभ | रोग | 17:44 - 19:20 | अशुभ |
| लाभ | 07:40 - 09:07 | शुभ | काल | 19:20 - 20:53 | अशुभ |
| अमृत | 09:07 - 10:33 | शुभ | लाभ | 20:53 - 22:27 | शुभ |
| काल | 10:33 - 11:59 | अशुभ | उत्पात | 22:27 - 00:00 | अशुभ |
| शुभ | 11:59 - 13:27 | शुभ | शुभ | 00:00 - 01:33 | शुभ |
| रोग | 13:27 - 14:53 | अशुभ | अमृत | 01:33 - 03:07 | शुभ |
| उत्पात | 14:53 - 16:20 | अशुभ | चंचल | 03:07 - 04:40 | शुभ |
| चंचल | 16:20 - 17:44 | शुभ | रोग | 04:40 - 06:15 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज पैसे को संभलकर खर्च करें । सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं । अगर आप ध्यान नहीं देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है । आज विवादों और टकराव से बचना ही बेहतर होगा । स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नहीं होगी और आप बाहर घूमने का आनंद ले सकते हैं ।

**वृष** ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो,
आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा और बहुत से लोग आपको आपकी दयनीय स्थिति से निकालने के लिए हाथ बढ़ाएंगे । लेकिन आप इस स्थिति में किसी और की गलती की वजह से फंसे हैं,अबकी बार ऐसे लोगों से सावधान रहें ।आज आपको अपनी जीत का जश्न मनाना चाहिए ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,
कोई लगातार पूरी वफादारी,सहायता और समर्थन से आपके साथ बना हुआ है ,आज आपके पास इसका बदला उतारने और उसका साथ देने का एक मौका आएगा । आपको उसका साथ देने में एक मुश्किल स्थिति से भी गुजरना पड़ सकता है,पर अंतत इससे आपका रिश्ता मजबूत ही होगा । आपको दया और कृतज्ञता दिखानी हुए बहादुर बने रहना होगा।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा, डी, डू, डे, डो,
यह आपके लिए अपने आप से किये हुए वादों और अपनी योजनाओं को अमल में लाने का बहुत अच्छा समय है । नयी योजनाये भी जल्दी ही कामयाब होंगी । हालांकि, दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है । इसलिए आप सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल होने की योजना बना सकते हैं । अफवाहों से बचें और आनंद उठायें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू , टे,
आपने किसी परियोजना में अपना काफी समय और प्रयास लगाये हैं और आपको अब इसका फल मिलना शुरू हो जाएगा । दूरदृष्टि के साथ साथ आपके दृढ़ संकल्प और प्रयास भी रंग लाये हैं । आप कुछ नए बदलाव करना चाह रहे हैं ,लेकिन वित्तीय बाधाएं हैं । आज आप सीमित साधनों से ही इन कामों को पूरा करने के सृजनात्मक तरीके खोज लेंगे ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप पायेंगे कि आप कितने ही अच्छे और सही सुझाव दें,कोई आपकी बात मानने को तैयार नहीं है । इससे आप काफी निराश अनुभव करेंगे लेकिन आपको यह अनुभव करने की जरूरत है कि आपके सुझाव तो बेशक अच्छे हैं , लेकिन आपका रवैया ऐसा है कि जैसे आप किसी पर कृपा कर रहे हैं । इसलिए लोग आपकी सलाह का उल्टा कर रहे हैं ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप प्रेरणा से भरे हैं और काफी अच्छी स्थिति में भी हैं । आपका दिमाग सक्रिय है और इसमें नए नए विचार और नीतियां आती रहती हैं । आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा । हालाँकि अगर आपने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दिया तो यह सब उल्टा -पुल्टा भी हो सकता है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप अपने घर की साज सज्जा ,कपड़ों और सौंदर्य प्रसाधनों पर काफी खर्च कर सकते हैं । हालाँकि आप अपने खर्च की फ़िज़ूलखर्ची की सीमा तक पहुंचने से पहले नियंत्रित कर पायेंगे । अपने किसी खास को कोई कीमती उपहार दे सकते हैं, जो उसे बहुत अच्छा लगेगा ।हालांकि अपनी भावनाओं को बोलकर व्यक्त करने से आपकी बात अधिक सार्थक लगेगी ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज बोलने में सावधानी रखें । आप जिसे अपना करीबी समझते हैं,वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है । बोलने से पहले सोच लें,अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें । किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें । किसी दूसरे शहर की यात्रा और इसके दौरान किसी पुराने दोस्त से मुलाकात की सम्भावना है,पुराने पलों को याद करेंगे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपके आस पास कोई आपको व्यर्थ के पचड़े में उलझाने की कोशिश करेगा । इससे बचने का रास्ता यही है कि आप खुद पर नियंत्रण रखकर ठंडे दिमाग से काम लें और किसी और की चालों का शिकार न बनें । इससे आप व्यर्थ की परेशानियों से भी बच जायेंगे । अगर आप सावधान रहेंगे तो बहुत सुंदर और चिंतामुक्त दिन गुजार सकते हैं ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपको अपनी आरामदायक स्थिति से बाहर आकर कुछ गंभीर प्रयास करने हैं । सावधान रहें कि बिलकुल परम्पराओं के अनुसार चलने से आपको कुछ हासिल नहीं होगा । गंभीर होकर प्रयास करने से ही आपको बहाव के साथ बहते रहने के स्थान पर जीवन जीने की सही भावना आएगी ।

**मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज के दिन आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं रहेंगी ।आप अपने वर्तमान पद या नौकरी में बदलाव का फैसला ले सकते हैं । कशमकश में न रहें , बदलाव होना अच्छा ही रहेगा । आपको किसी ऐसे आदमी से बात करके आध्यात्मिक सहायता मिल सकती है जो चुपचाप आपकी भलाई चाहता रहा है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# डॉक्टर ने ठगे 200 करोड़

## रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी, व्यापारी-डॉक्टर बने टारगेट, अधिक ब्याज का दिया लालच, आलीशान बंगला बनवाया, महंगी कारें खरीदी





भिलाई, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में अपोलो बीएसआर अस्पताल की शुरुआत करने वाले नामी शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. एमके खंडूजा ने करीब 200 करोड़ की ठगी की है। वो और उनकी टीम रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारियों को टारगेट करते थे। रिटायरमेंट के बाद एकमुश्त पैसा आता, तो अधिक ब्याज का लालच देकर उनसे बीएसआर हेल्थ वेंचर में लाखों रुपए इन्वेस्ट कराते थे। पैसों से आरोपी ने नेहरू नगर में आलीशान बंगला बनवाया, महंगी कारें खरीदी।

डॉ. एमके खंडूजा ने भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के 304 कर्मचारियों से 80 करोड़, रुंगटा ग्रुप से करीब 20 करोड़, दुर्ग, राजनांदगांव और रायपुर समेत कई जिलों में व्यापारियों और डॉक्टरों से करीब 100 करोड़ की ठगी कर चुका है। रुंगटा से धोखाधड़ी केस में आरोपी एमके खंडूजा अभी जेल में बंद है।

डॉ. एमके खंडूजा ने बीएसपी से ही नौकरी की शुरुआत की थी। इस दौरान उसने बीएसपी में अच्छी पकड़ बना ली। इसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी और पॉवर हाउस में छोटा सा क्लीनिक खोल लिया। खंडूजा बीएसपी से सांठगांठ कर ली। पीड़ितों के मुताबिक फर्जीवाड़े में बीएसपी प्रबंधन के कुछ अफसर भी शामिल थे। वे उन लोगों का नाम और पता डॉ खंडूजा को दे देते थे, जो कुछ समय में रिटायर होने वाले होते थे। ऐसे में डॉ खंडूजा उनसे संपर्क करता था। उन्हें बीएसआर में निवेश करने पर ज्यादा ब्याज का लालच देकर रकम ऐंठ लेता था। बताया जा रहा है कि, डॉ. खंडूजा पर बैंक का भारी भरकम कर्ज था। इस कर्ज को चुकाने के लिए उसने लोगों को झांसे में लेकर उनसे पैसे लिए। इससे बाद उसने बैंक का कर्ज चुकाया और फिर उसने पूरा अस्पताल किसी और को बेच दिया। दरअसल, बुधवार को 27 रिटायर्ड बीएसपी कर्मी और उनके परिजन स्मृति नगर चौकी पहुंचे। उन्होंने पुलिस से मांग की डॉ. खंडूजा से उनका पैसा दिलाया जाए। क्योंकि इस मामले में अभी तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। रिसाली मैत्री नगर निवासी धरम कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि, पैसे ऐंठने के लिए डॉ. एमके खंडूजा ने कई एजेंट रखे थे। साल 2015 में जब पिता बीएसपी से रिटायर होने वाले थे, तो डॉ. खंडूजा का एजेंट राजेश सहाय उनके घर आया। उसने बताया कि अपोलो बीएसआर के मालिक ने एक ग्रुप बनाया है।

डॉ. खंडूजा बी.एस.आर अपोलो हॉस्पिटल स्मृति नगर के पूर्व संचालक बीएसआर स्कैन सेंटर भिलाई- दुर्ग- नागपुर के डायरेक्टर थे। वो नेहरू नगर पूर्व में रहते थे। पिछले कुछ सालों से वो शहर के लोगों से करोड़ों की धोखाधड़ी कर फरार थे। एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर उप निरीक्षक वरुण देवता और प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम को वहां भेजा गया। छावनी पुलिस की टीम ने कोलकाता जाकर शनिवार को डॉ. खंडूजा को गिरफ्तार किया और उन्हें लेकर भिलाई पहुंची। इसके बाद उन्हें जेल भेजा गया।

ठगी का शिकार हुए रिटायर्ड बीएसपी कर्मियों ने बताया कि डॉ. खंडूजा की बीएसपी के अकाउंट डिपार्टमेंट में पकड़ थी। उन्हें पहले से लिस्ट मिल जाती थी कौन कर्मचारी कब रिटायर होने वाला है। इसके बाद उसी लिस्ट के सहारे उसके एजेंट उन लोगों से संपर्क करते थे और अधिक ब्याज का लालच देकर उनकी मेहनत की कमाई को बीएसआर हेल्थ वेंचर में जमा करवाते थे।

डॉ. मनमोहन खंडूजा ने दुर्ग निवासी आरपीएस 1 के संचालक सोनल रूंगटा (42) से 19 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी की थी।

सोनल ने अपनी शिकायत में छावनी पुलिस को बताया कि, उन्होंने डॉ. खंडूजा से 50,000 वर्गफीट कुल रकबा 3.50 एकड़ जुनवानी रोड स्मृति नगर स्थित जमीन का सौदा किया था। उस जमीन पर अपोलो हॉस्पिटल बना था, जिसका सौदा 96 करोड़ रुपए में हुआ था।

सोनल ने बतौर एडवांस खंडूजा को 19 करोड़ 14 लाख रुपए दिए थे। एडवांस लेने के बाद खंडूजा ने उस जमीन को विपिन कुमार अग्रवाल को बेच दिया। सोनल का एडवांस भी नहीं लौटाया। इसी मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

### मातम में बदली बारात जाने की खुशी

**बिहार के गया से पलामू आ रही थी बारात, पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, चार मरे**

पलामू, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। पलामू में हुए सड़क हादसे में चार बारातियों की मौत हो गई। जबकि तीन बाराती जख्मी हैं। हादसा मनातू थानाक्षेत्र के उरुर जंगल में बुधवार की रात हुआ। बारातियों से भरा स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। बारात बिहार के गया जिले में स्थित छकरबंधा से पलामू के लेसलीगंज आ रहा था। हादसे में तरहसी थानाक्षेत्र के अरका गांव निवासी मुस्तकीम मियां (54) और तरहसी के तिरौंधा गांव के रहने वाले मो मुस्तकीम (65) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि मो जावेद और मो यासीन का मौत इलाज के दौरान स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमॉर्टम और जख्मी को इलाज के लिए एमएमसीएच भेजा। जानकारी के मुताबिक मुस्तकीम मियां और मो मुस्तकीम का शव रात में ही हॉस्पिटल आ गया था। जबकि मो जावेद और मो यासीन का शव गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए मनातू से भेजा गया।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव, बैज ने नहीं थामा भूपेश का हाथ

## आकाश के प्रचार वाहन पर बघेल ने महंत को हाथ पकड़कर चढ़ाया, दीपक का इनकार




रायपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने गाजे-बाजे और बड़ी रैली के बाद गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान एक वीडियो चर्चा में आ गया। प्रचार वाहन पर चढ़ने के लिए भूपेश बघेल ने जब हाथ बढ़ाया तो दीपक बैज ने इनकार कर दिया। इससे पहले भूपेश ने महंत को भी हाथ देकर ऊपर चढ़ाया था। हालांकि, मीडिया से बातचीत में भूपेश बघेल ने हंसते हुए कहा कि, दीपक बैज मेरे छोटे भाई हैं लेकिन मेरे अध्यक्ष भी हैं। अध्यक्ष होने के नाते उनका सम्मान करता हूं। साथ ही बीजेपी और तंज कसते हुए कहा कि, क्या बृजमोहन के साथ विष्णु की बनती है, ओपी की बनती है क्या, अरुण साव के साथ बनती है क्या? सब मिलकर बृजमोहन को दिल्ली भेज दिए हैं। इससे पहले भूपेश ने मंच से कहा था कि भाजपा ने बृजमोहन अग्रवाल को किसी के लायक नहीं समझा। बृजमोहन को आप लोगों ने मंत्री बनाया था, लेकिन उन्हें हटाकर सुनील सोनी को टिकट दे दी गई। अब बृजमोहन अग्रवाल आकाश शर्मा को बाहरी कह रहे हैं, इससे बड़ा मजाक क्या हो सकता है। गांधी मैदान में सभा के दौरान आकाश शर्मा बोले बीजेपी मुझे बाहरी बताती है, जबकि भाजपा के ही अजय चंद्राकर सुनील सोनी को हराने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में पिछले 10 महीनों से अपराध बेलगाम है। रायपुर दक्षिण में बुनियादी सुविधाएं नहीं है, जबकि भाजपा इसे अपना गढ़ कहती है, यह चुनाव एक सामान्य घर के लड़के का है। भूपेश बघेल ने कहा कि, एक बच्चे को हमने खड़ा किया, जिसने एनएसयूआई से अपनी राजनीति की शुरुआत की। जहां जहां रमन सिंह जाते थे उसके पीछे पीछे आकाश शर्मा पहुंच जाता था। जो लोग इसे दामाद बता रहे हैं तो उनको बता दूं, आकाश शर्मा राजेश तिवारी के दामाद हैं लेकिन उससे पहले एनएसयूआई के कार्यकर्ता हैं। ये लड़ाई आकाश शर्मा की नहीं बल्कि युवा, बुजुर्ग और महिलाओं की है। भले बीजेपी 8 बार चुनाव जीती है लेकिन अगर इज्जत की बात आएगी तो हम 8 बार नहीं बल्कि 80 बार जीतेंगे।

# सड़कों पर मवेशियों की मौत पर हाईकोर्ट नाराज

## चीफ जस्टिस बोले- अफसर कुछ नहीं कर पा रहे, तो बच्चों से मांग रहे आइडिया



बिलासपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़कों पर लगातार हो रही मवेशियों की मौत पर चिंता जाहिर की है। अफसरों की कार्यप्रणाली और अव्यवस्था से नाराज चीफ जस्टिस ने एडवोकेट जनरल प्रफुल्ल एन भारत से पूछा है कि, क्या दिक्कतें आ रही है। आखिर समस्या का समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है। इस विषय पर डिवीजन बेंच ने बिलासपुर कलेक्टर की ओर से बच्चों से आइडिया लेने और उन्हें शामिल करने पर हैरानी जताई। कहा कि बड़े-बड़े अफसरों का आइडिया फेल हो रहा है। करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ऐसे में खुद से काम नहीं हो रहा है, तो बच्चों से आइडिया ले रहे हैं। बच्चों को इसमें शामिल करने के बजाए, उन्हें पढ़ने दीजिए। जब वो साइंटिस्ट बन जाएंगे फिर उनसे आइडिया लेंगे तो बेहतर होगा। दरअसल, मवेशियों के कारण लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों और लोगों की मौत को लेकर चल रही जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने प्रशासनिक अफसरों के रवैए पर कड़ी नाराजगी जताई। एडवोकेट रमाकांत पांडेय ने हस्तक्षेप आवेदन पेश किया। इसमें गौशाला संचालकों की तरफ से मवेशियों की सुरक्षा को लेकर बिंदुवार सुझाव दिए गए हैं। इस पर चर्चा हुई तब हाईकोर्ट ने फिर से तंज करते हुए कहा कि, जब बच्चों से आइडिया ले रहे हैं, तो आप लोग सुझाव दे ही सकते हैं। उनके सुझाव पर शासन-प्रशासन को अमल करने के लिए कहा।

पंजाब और हरियाणा की तरह छत्तीसगढ़ में भी पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इसे प्रतिबंधित किया जाए।

छत्तीसगढ़ के सभी गांवों में मनरेगा की योजना चलाई जा रही है। इसके तहत मवेशियों की मॉनिटरिंग करने के लिए मजदूरों से काम लिया जाए। मनरेगा से चरवाहों की व्यवस्था करने से मवेशियों की सुरक्षा और मॉनिटरिंग हो सकेगी। इससे किसानों की फसलों की सुरक्षा भी हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए राजनीतिक और अन्य कई कारणों से चारागाह की भूमि को सुरक्षित की जाए। चारागाह की जमीन पर अतिक्रमण रोकी जाए। राज्य सरकार पहले से स्थापित गौठानों को व्यवस्थित करने के लिए प्रभावी उपाय करें। इन गौठानों पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने इन्हें पुनर्जीवित करने के लिए कोई योजना नहीं बनाई। गांवों में पीडीएस योजना के तहत लाभार्थियों को चावल के स्थान पर धान दिया जाए, ताकि मार्कफेड, एफसीआई, सहकारी बैंक और समिति का बोझ कम हो और किसानों को "चावल की भूसी" (कोढ़ा) की व्यवस्था करने में मदद मिल सके। जिस प्रकार राज्य सरकार की योजना के अनुसार पीडीएस के माध्यम से चावल, गेहूं और अन्य अनाज सब्सिडी पर उपलब्ध करा जा रहे हैं। उसी प्रकार पशु आहार भी पीडीएस योजना के माध्यम से सब्सिडी देकर कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाए। इस सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हस्तक्षेपकर्ता के वकील मयंक चंद्राकर के सुझाव को शामिल करने के लिए कहा है। इसके साथ ही सड़कों पर मवेशियों को आने से रोकने के लिए, अब तक किए गए प्रयासों की जानकारी मांगी है।

# हेमंत सोरेन ने बरहेट-कल्पना ने गांडेय से भरा पर्चा

## रांची से सीपी सिंह-महुआ माजी ने भी किया नामांकन



रांची, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन का कल यानी 25 अक्टूबर को आखिरी दिन है। इससे एक दिन पहले कई दिग्गज पर्चा भर रहे हैं। इनमें झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल हैं। वहीं रांची से बीजेपी प्रत्याशी सीपी सिंह, उनकी प्रतिद्वंद्वी महुआ माजी ने भी नॉमिनेशन फाइल किया है। गुरुवार को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में 100 से अधिक प्रत्याशी पर्चा भर रहे हैं।

हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय सीट से अपना नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद के साथ वो नामांकन करने पहुंचीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरहेट से नामांकन किया। नामांकन के बाद सीएम सोरेन के डुमरिया मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के घोषित 66 प्रत्याशियों में 32 का नामांकन गुरुवार को हो रहा है। हर प्रत्याशी के नॉमिनेशन में कोई न कोई राष्ट्रीय नेता, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, मंत्री, पदाधिकारी आदि मौजूद रहेंगे। रांची से बीजेपी प्रत्याशी सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल ने पर्चा भरा है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते समेत अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे। झामुमो और भाजपा के अलावा कांग्रेस के 15, आजसू के 6, राजद के 3, जदयू के 1 उम्मीदवार भी नामांकन करेंगे।

# भाजपा के नारायण दास को मिलेगी टक्कर

## पूर्व विधायक कामेश्वरनाथ दास लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव, 28 अक्टूबर को करेंगे नामांकन

देवघर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कामेश्वरनाथ दास ने देवघर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में देवघर से विधायक रह चुके हैं। लेकिन इस बार जदयू ने संगठन के लोगों को टिकट नहीं दिया। इस कारण पार्टी को दिखाने के लिए वे देवघर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देवघर के लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है। इस कारण निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहा हूं और जीत को लेकर भी आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करूंगा। उन्होंने अपनी भावना से पार्टी आलाकमान को भी अवगत करा दिया है। उन्होंने संभावना जताई कि जदयू सिंबल अलॉट करें, तब देवघर में भाजपा के साथ दोस्ताना संघर्ष हो सकता है। इसके लिए जदयू जिला कमेटी के साथ उन्होंने समीक्षा बैठक भी की है ताकि कार्यकर्ताओं की भावना से अवगत हो सके। बैठक में जदयू के जिला अध्यक्ष सतीश दास समेत पार्टी के कई जिला स्तरीय नेता मौजूद थे।

उधर, कामेश्वर दास के चुनाव मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी नारायण दास की मुश्किलें बढ़ सकती है। क्योंकि नारायण और कामेश्वर दोनों एनडीए के नेता है। कामेश्वर के निर्दलीय चुनाव लड़ने से भाजपा का ही वोट कटेगा। नारायण और कामेश्वर दोनों एक ही समाज से आते हैं। वहीं, अगर देवघर में भाजपा-जदयू के बीच दोस्ताना संघर्ष हुआ तो मुकाबला बेहद रोचक होगा।

जदयू नेता कामेश्वरनाथ दास के पिता स्व. बैजनाथ दास देवघर सुरक्षित सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं। 1957 के बाद देवघर विधानसभा सीट सुरक्षित हो गई थी। 1967 में भारतीय जनसंघ के बालेश्वर दास ने कांग्रेस के बैजनाथ दास को 5500 वोट से हराया था। 1972 में बालेश्वर दास कांग्रेस के बैद्यनाथ दास से हार गए थे। इसके बाद बैजनाथ दास देवघर विधानसभा सीट से चार बार और जीते। 2005 में कामेश्वरनाथ दास ने देवघर विधानसभा से जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

### हाथियों की दहशत, छतों पर बनानी पड़ी झोपड़ी

**गरियाबंद में 500 परिवारों ने बदली दिनचर्या, शाम ढलने से पहले बनता है खाना**

गरियाबंद, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। गरियाबंद जिले के मैनपुर रेंज में पिछले डेढ़ महीने से हाथियों ने उत्पात मचाया है। 15 गांव के दायरे में सिकासेर हाथी का दल घूम रहा। फसलों को चौपट कर रहा है। इसके करीब 500 परिवारों की दिनचर्या बदल गई है। रोजगार प्रभावित हुआ है। शाम ढलने से पहले ग्रामीण खाना बना लेते हैं। इसके बाद रात में छतों पर बनी झोपड़ी में डेरा जमा कर जान बचा रहे हैं। अब तक राहत के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सिकासेर हाथियों के झुंड में 3 शावकों समेत लगभग 45 सदस्य होने का दावा है। हाथियों का दल सीहार, फरसरा, लुठापारा, धोबी पारा समेत 15 किमी के एरिया में आने वाले लगभग 15 गांव में घूम रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग को मिलेगी बड़ी सौगात

रायपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। यह सौगात इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की तरफ से मिलने वाली है। 'इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन' के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को एक माह में 39 डायलिसिस मशीन प्राप्त होंगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और 'फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन' ने एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के द्वारा अगले एक माह में 39 डायलिसिस मशीन प्राप्त होंगी। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को यह मशीन निःशुल्क मिलेंगी तथा इसकी मरम्मत तथा देखरेख 'फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन' करेगा। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रितुराज रघुवंशी ने इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने बताया कि नई मशीन प्राप्त होने से डायलिसिस कराने वाले मरीजों को सहूलियत मिलेगी। डायलिसिस मशीन नए जिलों में तथा उन स्थानों पर स्थापित की जाएगी जहां डायलिसिस मशीन पुरानी हैं और मरीजों की संख्या ज्यादा है।

जानकारी के अनुसार, यह मशीनें उन अस्पतालों में लगाई जाएंगी यहां डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। हालांकि किस अस्पताल को कितनी मशीनें मिलेंगी इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नहीं दी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। जिसके तहत चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाओं के इजाफे के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

हेल्थ मिनिस्टर श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- इस एमओयू के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को इंडियन आयल कार्पोरेशन के द्वारा अगले एक माह में 39 डायलिसिस मशीनें प्राप्त होंगी।

स्वास्थ्य विभाग को यह मशीनें यह मशीनें निःशुल्क प्राप्त होंगी तथा इसकी मरम्मत व देखरेख फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा किया जायेगा।

# बंद हो जाएगी महतारी वंदन योजना

## कांग्रेस का दावा- तीन महीने से केवल 25 फीसदी खातों में पहुंचा पैसा



रायपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर से राज्य सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि राज्य में महतारी वंदन योजना की सभी पात्र महिलाओं को राशि नहीं मिल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने वादा किया था सभी विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये दिया जायेगा। मुख्यमंत्री और कलेक्टर की पत्नी को भी राशि देने का दावा भाजपा ने किया था। भाजपा के चुनावी वादे के अनुसार 1 करोड़ 4 लाख महिलाओं को महतारी वंदन की राशि मिलनी चाहिए लेकिन सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने वादे से मुकर गई। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने का बाद अनेक नियम कानून बना दिया। जिसके कारण लगभग चालीस लाख महिलाएं योजना के दायरे से बाहर हो गईं। मात्र 70 लाख महिलाओं को पात्र बताया गया। पिछले कुछ महीने से अधिकांश महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिन 70 लाख महिलाओं को सरकार ने पात्र बताया है उन सभी के खाते में भी पैसा नहीं जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित 70 लाख में से 25 प्रतिशत महिलाओं के खाते में पैसे डाल रही है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर सभी जगह से राशि नहीं मिलने की शिकायतें आ रही हैं। लोकसभा चुनाव में वोट लेने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बता कर उनका नाम लाभार्थी की सूची से हटा दिया गया था।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन माह से 70 प्रतिशत महिलाओं को पैसा नहीं मिला है। यह महिलाओं के साथ धोखा और छल है। भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, सभी महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा है। आने वाले महीनों में महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी इसकी गारंटी है। विष्णुदेव साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ्फाजी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश के 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं से अधिक संख्या में महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है। 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलाएं पूरी तरह से ठगी गई हैं।

### छत्तीसगढ़ में पहली बार दिखा हिमालयन बजर्ड


**सरगुजा रेंज में ऑर्निथोलॉजिस्ट प्रतीक ठाकुर ने ली तस्वीर, पक्षी प्रेमियों में उत्साह**



खैरागढ़, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा रेंज में एक विशेष पक्षी हिमालयन बजर्ड देखा गया है। विशेष इसलिए है, क्योंकि ये पक्षी हिमालय के अलावा बहुत ही कम स्थानों पर दिखाई देता है। ऐसे में इसका छत्तीसगढ़ में दिखना पक्षी प्रेमियों को बेहद उत्साहित कर रहा है। सरगुजा, बस्तर और खैरागढ़ के डोंगरगढ़ जंगल में फैली मैकल की श्रेणियां कई प्रवासी पक्षियों का ठिकाना है। विश्व के कई हिस्सों से आए पक्षी प्रदेश की यात्रा करते रहते हैं। बजर्ड परिवार के पक्षी एक जैसे ही दिखाई देते हैं। इसलिए इस पक्षी की पहचान कर पाना बहुत कठिन है। लेकिन छत्तीसगढ़ में हिमालयन बजर्ड की एक तस्वीर सामने आ गई है।

# झामुमो-कांग्रेस गठबंधन चक्रवात दाना से भी ज्यादा खतरनाक

## शिवराज सिंह ने झारखंड सरकार को घेरा



रांची, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाला है। हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जायसवाल और सीपी सिंह आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री और झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ मौजूद रहेंगे। उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से पहले शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना की और उन्हें भ्रष्ट बताया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ भी काम नहीं करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस गठबंधन को चक्रवात दाना से भी बड़ा तूफान बताया। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य के विकास और यहां लोगों के कल्याण के लिए पांच संकल्प लिए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झामुमो सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, राज्य की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और राज्य सरकार इसके लिए कुछ भी नहीं कर रही है। जनता इस सरकार को गद्दी से उतार देगी। यह एक भ्रष्ट सरकार है जिसने युवाओं और राज्य के लोगों के लिए कुछ भी नहीं किया। प्रतिदिन पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। भाजपा ने पेपर लीक करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की कसम खाई है। जिस दिन हम राज्य की सरकार में आएंगे, उस दिन हम युवाओं को नौकरियां प्रदान करेंगे। यहां हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा रोटी, बेटी, माटी की रक्षा करेगी। झामुमो और कांग्रेस गठबंधन चक्रवात दाना से भी ज्यादा खतरनाक है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम चक्रवात दाना से निपट सकते हैं, लेकिन झारखंड में पांच साल से चली भ्रष्टाचार की आंधी ने राज्य को तबाह कर दिया है। यहां महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और यह यहां का सबसे बड़ा राक्षस है। अगर इस संकट से बचना है तो हमें हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकना होगा और भाजपा-एनडीए सरकार को जिताना होगा।

# रूस, चीन और ईरान बनाम अमेरिका

## ब्रिक्स समिट में भारत ने साधा ऐसा कूटनीतिक संतुलन अमेरिकी एक्सपर्ट हुए मुरीद, जमकर की तारीफ

मॉस्को, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के कजान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने दुनियाभर में चर्चा बटोरी है। रूसी राष्ट्रपति का वैश्विक नेताओं को जुटाकर पश्चिम को ताकत दिखाना हो या फिर चीन-भारत के शीर्ष नेताओं की मुलाकात, इसने कई संदेश दिए हैं। खासतौर से भारत की बात की जाए तो समिट ने नई दिल्ली की भूराजनीतिक स्थिति को रेखांकित किया है। ब्रिक्स में भारत की भूमिका की ग्लोबल पॉलिटिकल रिस्क एक्सपर्ट इयान ब्रेमर ने तारीफ की है और विदेश नीति में संतुलन को सराहा है।



फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रेमर ने ग्लोबल साउथ में भारत की भूमिका, चीन के साथ संबंध और जी7 देशों में उसके रिश्तों पर बात की है। ब्रेमर ने कहा कि भारत की भारत की वैश्विक स्थिति बहुत बेहतर है। भारत के अलावा कोई भी प्रमुख अर्थव्यवस्था तकरीबन हर किसी के साथ दोस्ती के करीब नहीं है। मोदी ने ब्रिक्स में भी बेहतर तरीके से अपने हितों को रखा है और संतुलन बनाने की कोशिश की है।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के प्रेसीडेंट के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। मोदी ने समिट में अपने भाषण में आतंकवाद पर दोहरे मानकों को समाप्त करने का भी आह्वान किया। ब्रेमर कहते है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से मुख्य निष्कर्ष ये है कि भारत वैश्विक स्तर पर दूसरे देशों के मुकाबले सबसे अच्छी भूराजनीतिक स्थिति रखता है।

इसी साल सितंबर में डेलावेयर, अमेरिका में छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी से भारत की भू-राजनीतिक रणनीति का उदाहरण सामने आया था। क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और अमेरिका शामिल हैं। यहां भारत के प्रयासों का केंद्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना रहा है, जहां चीन की आक्रामकता एक चिंता का सबब रही है।

वैश्विक मंच पर भारत का बढ़ता प्रभाव उसके आर्थिक और सैन्य दबदबे तक सीमित नहीं है। वह रूस-यूक्रेन संघर्ष में खुद को शांतिदूत के रूप में तेजी से स्थापित कर रहा है।

अजित डोभाल की रूसी राष्ट्रपति पुतिन और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ हाल की बैठकें वैश्विक संघर्षों को हल करने में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए भारत की उत्सुकता का संकेत देती हैं।

# जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की मांग, 4 दिन का अल्टीमेटम

### कनाडा में पीएम के खिलाफ हुए 24 सांसद, कहा- रिजाइन नहीं तो विद्रोह करेंगे

ओटावा, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो को अपनी पार्टी में ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लिबरल पार्टी के सांसदों ने ट्रूडो को प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए 28 अक्टूबर तक की मोहलत दी है। नाराज नेताओं ने ट्रूडो से कहा कि या तो वे पद छोड़ दें या फिर विद्रोह का सामना करने के लिए तैयार रहें। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रूडो की पार्टी के 24 सांसदों ने पीएम को चुनाव से पहले हटाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने एक मांग पत्र पर दस्तखत भी किए हैं। सांसदों द्वारा साइन किए गए इस मांग पत्र को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस पत्र में सांसदों ने ट्रूडो से अगले साल के आम चुनाव में हार के खतरे को देखते हुए चुनाव से पहले ही इस्तीफा देने की मांग की है।

# एयरोस्पेस कंपनी पर हमला, 5 की मौत

## पहले बम ब्लास्ट किया, फिर महिला समेत 2 हमलावरों ने फायरिंग की, टैक्सी में पहुंचे थे

अंकारा, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्किये में एयरोस्पेस और डिफेंस कंपनी टीयूएसएएस पर बुधवार, 23 अक्टूबर को हमला हुआ। इस हमले में 5 लोगों की मौत हो गई है जबकि 14 घायल हैं। हमला भारतीय समय के मुताबिक शाम 6:30 बजे हुआ।

तुर्किये के गृहमंत्री आली यरलीकाया ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि ये हमला राजधानी अंकारा से 40 किमी दूर कहरामंकाजान में हुआ। सुरक्षा बलों ने 2 हमलावरों को भी मार गिराया है। हालांकि ये अभी तक साफ नहीं है कि हमले के पीछे कौन हैं। हमलावर एक टैक्सी में पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने पहले बम ब्लास्ट किया और फिर फायरिंग शुरू कर दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टैक्सी में कुल 3 लोग सवार थे।



इनमें एक महिला भी थी। इनमें से एक आत्मघाती हमलावर था, जिसने खुद को बम से उड़ा दिया। बाकी 2 ने लोगों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

फिलहाल मौके पर सुरक्षा बलों, एंबुलेंस और दमकलकर्मियों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इस कंपनी में करीब 15 हजार लोग काम करते हैं।

तुर्किये में पहले भी इस भी तरह के हमले होते रहे हैं। इनके पीछे उग्रवादी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) का नाम आ चुका है। स्थानीय मीडिया में इस हमले के पीछे भी इसका हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

पीकेके की स्थापना अब्दुल्लाह ओकालन ने 1978 में की थी। पीकेके तुर्किये में पहले भी कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पीकेके ने 1984 में कुर्दों के लिए अलग आजाद देश बनाने की मांग को लेकर विद्रोह शुरू किया था।

# अल जजीरा के गाजा में मौजूद छह पत्रकार आतंकी हैं

## इजरायल के इस दावे पर भड़का कतर का मीडिया चैनल



तेल अवीव, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने दावा किया है कि कतर के मीडिया संस्थान अल जजीरा के गाजा स्थित छह पत्रकार आतंकी हैं। इजरायली सेना ने आरोप लगाया कि ये छह पत्रकार गाजा में हमास और अन्य जेहादी संगठनों से जुड़े हुए हैं। वहीं अल जजीरा ने इजरायली सेना के इस दावे को बेतुका बताकर सिरे से खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि इजरायल की सेना ने करीब एक महीने पहले वेस्ट बैंक के रामल्ला में स्थित अल जजीरा के कार्यालय में छापा भी मारा था। जिसमें इजरायली सेना ने अलजजीरा को अपना कार्यालय 45 दिनों तक बंद रखने का आदेश दिया था। साथ ही इजरायल, अल जजीरा को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताकर इसके इजरायल में संचालन को प्रतिबंधित भी कर चुका है। इजरायली सेना ने अल जजीरा के जिन पत्रकारों पर आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाया है, उनके नाम और तस्वीरें भी साझा की हैं। इजरायली सेना ने ये भी बताया कि उनके पास ऐसे दस्तावेज हैं, जो इस बात का खुलासा करते हैं कि उनका हमास और अन्य इस्लामिक जेहादी संगठनों से नाता है। इजरायल का कहना है कि ये पत्रकार आतंकी ट्रेनिंग भी ले चुके हैं। आईडीएफ ने आरोप लगाया कि ये पत्रकार हमास का प्रोपेगैंडा चलाते हैं। अल जजीरा ने इजरायली सेना के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। मीडिया संस्था ने कहा कि नेटवर्क इन मनगढ़ंत आरोपों को क्षेत्र के पत्रकारों को शांत करने की कोशिश के तौर पर देखता है। अल जजीरा ने कहा कि हमने हाल ही में इजरायली सेना द्वारा किए गए युद्ध अपराधों का खुलासा था, जिसके चलते ही इजरायली सेना ने ये आरोप लगाए हैं। अल जजीरा ने इजरायल पर पत्रकारों की हत्या के भी आरोप लगाए और कहा कि वे गाजा का सच सामने लाते रहेंगे।

# तूफान ने मचाई फिलीपींस में तबाही, 23 की मौत

### कई घर डूबे, छतों से रेस्क्यू किए जा रहे लोग

मनीला, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर फिलिपिंस में गुरुवार को उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण बाढ़ और भूकंप आ गया, जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ के कारण सड़कों पर कारें बह गईं। घरों के छतों पर फंसे लोगों को मोटरबोटों की सहायता से बचाया जा रहा है। सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का एलान किया। उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के पूर्वोत्तर प्रांत से टकराने के बाद लाखों लोगों को बचाने के लिए दूसरे दिन भी बचाव अभियान जारी रहा। पर्वतीय प्रांत इफुगाओ के एगुइनाल्डो शहर में 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने लगी।

बाढ़ और भूस्खलन के कारण बिकोल क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुआ। ज्यादातर लोगों की मौत बाढ़ के पानी में डूबने के कारण हुई है।

# चीन-पाकिस्तान का मुकाबला करने के लिए रूस का हवाई योद्धा सु-57 खरीदेगा भारत!

## देशी प्रोजेक्ट में देरी से टेंशन

मॉस्को, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत जल्दी ही रूस के फाइटर जेट सु-57 हासिल करने की ओर देख सकता है। इसकी वजह चीन और पाकिस्तान के 5वीं पीढ़ी के जेट हैं। इनका मुकाबला करने के लिए भारत रूसी सु-57 का अधिग्रहण कर सकता है। भारत के रूसी जेट की तरफ देखने की बड़ी वजह उसके अपने पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट, एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के तैयार होने में हो रही देरी है। स्वदेशी विमान मिलने तक भारत रूसी जेट के जरिए अपनी सुरक्षा पुख्ता करना चाहता है। डिफेंस इन की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का अपना पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट एएमसीए हासिल करना देश की बढ़ती रक्षा महत्वाकांक्षाओं का प्रमाण है। स्वदेशी रूप से डिजाइन यह विमान स्टील्थ तकनीक, सुपरक्रूज और उन्नत हथियार जैसी अत्याधुनिक क्षमताओं से लैस है लेकिन ये प्रोजेक्ट समय से नहीं चल रहा है।



रिपोर्ट के मुताबिक, एएमसीए के एक उपयुक्त इंजन के तैयार होने में अभी छह से सात साल लग सकते हैं, जो कि एक लंबा समय है। इस देरी ने भारत को एक असुरक्षा का भाव दिया है क्योंकि क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी चीन और पाकिस्तान अपने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इसने भारत की चिंताओं को बढ़ाया है। चीन ने चेंगदू जे-20 तैनात कर दिया है और एफसी-31 जैसे उन्नत लड़ाकू जेट विकसित कर रहा है। पाकिस्तान भी चीन के सहयोग से अत्याधुनिक लड़ाकू विमान हासिल कर रहा है। इस परिदृश्य ने भारत को अपने विकल्पों पर फिर सोचने और अपनी हवाई श्रेष्ठता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त समाधानों पर विचार करने को प्रेरित किया है।

एएमसीए प्रोजेक्ट में देरी को देखते हुए भारत के लिए सबसे बेहतर समाधान के तौर पर रूस के सुखोई सु-57 फाइटर जेट का अधिग्रहण नजर आ रहा है। भारत को शुरू में इस जेट के इंजन और तकनीकी पहलुओं के बारे में चिंता थी लेकिन हाल के समय में ये दिक्कत दूर हुई है। विशेष रूप से इजडेली 30 (ए51) इंजन के एकीकरण ने इन मुद्दों हल किया है। यह नया इंजन सु-57 की ताकत और क्षमताओं को बढ़ाता है। सु-57 में उन्नत रडार और कम रडार क्रॉस-सेक्शन है, जो इसे एक दुर्जेय स्टील्थ विमान बनाता है। इन सुधारों और रूसी एयरोस्पेस बलों के भीतर इसकी पूर्ण परिचालन स्थिति के साथ, सु-57 को एएमसीए को तैनाती के लिए तैयार होने तक एक शानदार विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

सु-57 की खरीद से भारत को कई फायदे होंगे। सबसे पहले तो भारतीय वायु सेना को चीन के जे-20 और दूसरे खतरों का मुकाबला करने के लिए पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू जेट मिल जाएंगे। दूसरे सु-57 भारत के सुखोई सु-30एमकेआई लड़ाकू विमानों के मौजूदा बेड़े के साथ कई समानताएं रखता है। इससे इसका रखरखाव और ट्रेनिंग भारतीय एयरफोर्स के लिए आसान होगी।

# आतंकी पन्नू बोला- भारत से जान का खतरा

## अमेरिका में मेरी हत्या की कोशिश हुई, 3 दिन पहले फ्लाइट्स में ब्लास्ट की धमकी दी थी

जालंधर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत से जान का खतरा बताया है। कनाडाई न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में उसने कहा कि अमेरिका में भारत सरकार के इशारे पर उसकी हत्या की कोशिश की गई। पंजाबियों के लिए अलग देश मांगने पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई, इसके बावजूद वह खालिस्तान के लिए रेफरेंडम बंद नहीं करेगा।

हाल ही में अमेरिकी सरकार ने दावा किया था कि पन्नू की हत्या की साजिश में हरियाणा के रेवाड़ी का युवक विकास यादव भी शामिल है। अमेरिका की अदालत ने विकास यादव पर हत्या की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप तय किए हैं। अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई का कहना है कि विकास भारत की इंटेलिजेंस एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएडब्ल्यू) से जुड़े थे।



भारत से खतरा बताने वाले खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने 3 दिन पहले ही एअर इंडिया फ्लाइट्स में ब्लास्ट की धमकी दी थी। उसने कहा था कि लोग 1 से 19 नवंबर के बीच एअर इंडिया में ट्रैवल न करें।

**मोदी और भारतीय हाई कमिश्नर के अलग-अलग बयान**

पन्नू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में कहा था कि जो भी भारत के खिलाफ जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उसे मार दिया जाएगा, लेकिन कनाडा में भारतीय हाई कमिश्नर रहे संजय कुमार वर्मा कहते हैं कि हम किसी अन्य देश की धरती पर ऐसी कार्रवाई नहीं करते, जिससे किसी देश के कानून को क्षति पहुंचे।

**हत्या की कोशिश में आरएडब्ल्यू एजेंट निखिल गुप्ता का नाम**

खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू ने कहा- अमेरिका में मेरी हत्या की कोशिश की गई। जांच में आरएडब्ल्यू एजेंट निखिल गुप्ता का नाम आया। सबूत के तौर पर उनकी बातचीत के मैसेज और वीडियो भी दिए गए।

**पंजाबियों के लिए अलग देश मांगने पर निज्जर की हत्या**

कनाडा में मारे गए खालिस्तान समर्थक निज्जर की हत्या पर पन्नू ने कहा- गुरु की कृपा से मैं बच गया, लेकिन शूटर हायर करके निज्जर को मार दिया गया। उसकी हत्या पंजाबियों के लिए अलग देश मांगने की वजह से की गई।

**मेरी मौत का वक्त तय, मैं खालिस्तान रेफरेंडम जारी रखूंगा**

पन्नू ने कहा- मेरी मौत का समय और दिन मेरे माथे पर लिखा है। मुझे जितना मर्जी डराया धमकाया जाए, मैं खालिस्तान रेफरेंडम चलाना बंद नहीं करूंगा। भारत मेरी हत्या की साजिश रच रहा है। मुझे भारत से खतरा है, लेकिन ऐसा करने से मैं रेफरेंडम रोकूंगा नहीं।

**भारत ने कनाडा-अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को चैलेंज किया**

अमेरिका में रहने वाले पन्नू ने आरोप लगाया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग से भी भारत सरकार लगातार टच में है। वह मेरी हत्या मेरी ही कौम के लोगों से करवाना चाहती है। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडा और अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को चैलेंज किया है।

# ब्रिक्स के पार्टनर देशों में पाकिस्तान को जगह नहीं

### 13 देशों को मिला दर्जा इसमें 7 मुस्लिम बहुल देश

कजान, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिक्स समिट 2024 का आयोजन रूस के कजान में हो रहा है। इस दौरान ब्रिक्स ने 13 देशों को पार्टनर देश का दर्जा दिया है। इसमें अल्जीरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, नाइजीरिया, तुर्की, उज्बेकिस्तान को मिलाकर 7 मुस्लिम बहुल देश हैं। इसमें पाकिस्तान को जगह नहीं मिली है। पाकिस्तान ने ब्रिक्स देशों में शामिल होने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन उसे पार्टनर देशों में भी जगह नहीं मिल पाई। पार्टनर देश ब्रिक्स के औपचारिक सदस्य नहीं होंगे, लेकिन संगठन की प्लानिंग का हिस्सा होंगे। इस बार 30 से ज्यादा देशों ने ब्रिक्स की मेंबरशिप के लिए आवेदन किया था।

# कनाडा में भारतीयों पर बड़ा संकट

## पीएम ट्रूडो ने किया विदेशी कामगारों को घटाने का ऐलान

ओटावा, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की विदेशी कामगारों की संख्या कम करने की घोषणा ने भारतीय अप्रवासियों के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'हम कनाडा में अस्थायी विदेशी कर्मियों की संख्या कम करने जा रहे हैं। हम कंपनियों के लिए सख्त नियम ला रहे हैं, ताकि वे साबित कर सकें कि वे पहले कनाडाई कर्मचारियों को क्यों नियुक्त नहीं कर सकते।' कनाडा में भारतीय कामगारों और छात्रों को पहले से ही बहुत कम प्लेसमेंट के कारण परेशान का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में ट्रूडो का यह कदम हालात को और भी मुश्किल बना देगा।

कनाडा में गिरती लोकप्रियता से डरी जस्टिन ट्रूडो की लिबरल सरकार कई वर्षों में पहली बार देश में आने वाले अप्रवासियों की संख्या में भारी कमी करने जा रही है। सीबीसी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ट्रूडो सरकार ने साल 2025 में नए स्थायी निवासियों (परमानेंट रेजिडेंस) की संख्या को घटाकर 395000 करने का फैसला किया है। साल 2026 में इसे 380000 और 2027 में 365000 तक लाया जाएगा। इस बीच 2025 में अस्थायी निवासियों की संख्या 30,000 घटकर लगभग 3 लाख रह जाएगी। इसके पहले नवंबर 2023 में प्रकाशित की गई सरकार की वर्तमान इमिग्रेशन योजना के अनुसार, कनाडा को 2024 में लगभग 485000 स्थायी निवासियों और 2025 व 2026 दोनों में 5 लाख लोगों को स्वीकार करने की उम्मीद थी। हालांकि, इसी साल अगस्त में इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि वह आने वाले वर्षों के लिए स्थायी निवासी आंकड़ों को समायोजित करने के लिए तैयार हैं। कनाडा लंबे समय से ऐसे देश के रूप में जाना जाता रहा है जिसने नए लोगों का स्वागत किया है। हालांकि, रॉयटर्स की रिपोर्ट बताती है कि हालिया वर्षों में आवास की बढ़ती कीमतों के कारण अप्रवासियों को लेकर देश में नई बहस छिड़ी है।

कनाडा में अप्रवासियों की भारी मात्रा ने कनाडा की आबादी को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया है, जिससे आवास की मांग और कीमतें बढ़ गई हैं।

# सऊदी अरब ने पाकिस्तानी समेत 7 लोगों को फांसी पर लटकाया

## इस साल अब तक 236 को दी जा चुकी मौत की सजा

रियाद, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब में बुधवार को सात लोगों को फांसी दी गई है। इनमें से पांच को मादक पदार्थों की तस्करी और दो को दूसरे मामलों में दोषी पाए जाने पर मौत की सजा सुनाई गई थी। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने इसकी जानकारी दी है। मौत की सजा पाए लोगों में से एक पाकिस्तानी नागरिक भी है। पाकिस्तानी के अलावा दो सऊदी नागरिकों और चार यमनी नागरिकों को फांसी दी गई है।

सऊदी के आंतरिक मंत्रालय के हवाले से एसपीए ने कहा कि याह्या लुत्फुल्लाह, अली अजीब, अहमद अली और सलेम नाहारी को'हशीश की तस्करी' के लिए दक्षिणी प्रांत असीर में फांसी दी गई, ये चारों यमनी नागरिक थे। बुधवार को ही मादक पदार्थों की




तस्करी के लिए दोषी पाए गए एक पाकिस्तानी व्यक्ति को भी फांसी दी गई है।

सऊदी अरब में इस साल यानी 2024 में मौत की सजा पाने वालों लोगों की कुल संख्या 236 हो गई है। इनमें से 71 को मादक पदार्थों की तस्करी के लिए फांसी दी गई है। सऊदी अरब युद्धग्रस्त सीरिया और लेबनान से आने वाली नशे की लत वाली एम्फैटेमिन दवा कैप्टागन का प्रमुख बाजार बन गया है। इसके खिलाफ सऊदी सरकार ने काफी सख्त रुख अपनाया है।

सऊदी अधिकारियों ने पिछले साल नशा-विरोधी अभियान शुरू किया था। इसके तहत लगातार छापे मारे गए और काफी लोगों की गिरफ्तारियां हुईं। दो साल पहले सऊदी में नशीली दवाओं के मामलों में मौत की सजा पर लगी रोक भी खत्म कर दी गई थी। ऐसे में नशीली और मादक दवाओं के तस्करों की मुकदमों में लगातार मौत की सजा हो रही है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि सऊदी अरब ने बीते साल, 2023 में चीन और ईरान के बाद दुनिया में तीसरे सबसे अधिक कैदियों को फांसी दी थी।

सऊदी की मृत्युदंड के लिए मानवाधिकार समूहों ने लगातार आलोचना की है। सऊदी की ओर से कुछ समय पहले कहा गया था कि 'सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने' के लिए मौत की सजा आवश्यक है।

# अमेरिका और इजरायल को डराने वाले आतंकी गिरफ्तार

## कैसे भारत के खुफिया इनपुट से नाकाम हुआ खतरा

कोलंबो, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में इजरायली और अमेरिकी यात्रियों के संभावित खतरे की सूचना के बाद लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'अरुगम बे' क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार को अमेरिका और इजरायल ने सर्फिंग के लिए मशहूर इस इलाके से तत्काल दूर चले जाने को कहा था। श्रीलंका में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे 'अरुगम खाड़ी क्षेत्र में लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को निशाना बनाकर किए जाने वाले संभावित आतंकवादी हमलों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली है।' अमेरिका की चेतावनी के बाद इजरायल ने भी अपने नागरिकों को इलाके से दूर जाने को कहा। इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने अरुगम बे समेत श्रीलंका के दक्षिणी और पश्चिमी तटीय क्षेत्रों के लिए अपनी यात्रा सलाह को उच्चतम स्तर (लेवल 4) पर कर दिया। इजरायली नागरिकों को इन इलाकों को तुरंत



छोड़ने की अपील की गई। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को बताया कि इजरायली नागरिकों के खिलाफ आतंकी धमकियों के सिलसिले में दो श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें भारत की अहम भूमिका रही है। संदिग्धों में एक इराक में रहता था और भारत से दी गई खुफिया जानकारी ने उनकी पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन गिरफ्तारियों के बाद श्रीलंका पुलिस ने अरुगम बे के आसपास सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। श्रीलंकाई पुलिस के प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने बताया कि 'सूचना मिली थी कि इजरायलियों द्वारा संचालित चबाड हाउस नामक स्थान लक्ष्य हो सकता है। हमने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं।' थलदुवा ने यहूदी पर्यटकों और अरुगम खाड़ी के मुस्लिम बहुत समुदाय के बीच हाल ही में हुए तनाव को स्वीकार किया। थलदुवा ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। सड़क पर अवरोधक लगा दिए गए हैं और वाहनों की जांच को सख्त कर दिया है।

# नवाज शरीफ ने खुद से नहीं दिया भारत संग रिश्तों पर बयान

## पाकिस्तानी सेना के इशारे पर दिल्ली के पाले में डाली गेंद, एक्सपर्ट का दावा

इस्लामाबाद, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है। सियासी उठापटक के बीच पाकिस्तान इस बड़े कार्यक्रम को सफलता के साथ कराने में कमयाब रहा। इसके अलावा इस सम्मेलन ने इसलिए भी ध्यान खींचा क्योंकि करीब 10 साल बाद भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान गए। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से भारत के साथ बातचीत के दरवाजे खोलने की इच्छा भी जाहिर की गई। खासतौर से नवाज शरीफ ने बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़ने पर जोर दिया। पीएम शहबाज शरीफ के बड़े भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के इन बयानों को सेना का भी समर्थन हासिल था।

sकिंग्स कॉलेज लंदन की सीनियर फेलो आयशा सिद्दीकी द प्रिंट में लिखती हैं कि एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान विशेष रूप से भारत की मीडिया टीम से पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने बातचीत, व्यापार और आगे बढ़ने की बात कही। भारतीय मीडिया के जरिए शरीफ का मकसद भारत को बातचीत का संदेश देना था, जो शायद उनके अकेले की ओर से नहीं था। उन्होंने बातचीत से निश्चित रूप से संकेत दिया कि सेना को उनके भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत करने में कोई समस्या नहीं है। सिद्दीकी के मुताबिक, 'नवाज शरीफ बिना सेना के इशारे अपने दम पर भारत को लेकर तरह की चर्चा शुरू करने की स्थिति में नहीं हैं।



# 7 सीटों पर कांग्रेस व भाजपा की तस्वीर साफ



जयपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में 7 सीटों पर हो रहे विधानसभा उप चुनाव के लिए बीजेपी ने शेष बची सीट पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने चौरासी विधानसभा सीट से कारीलाल ननोमा को प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि इसके साथ ही प्रदेश की 7 सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच आमने-सामने का मुकाबला तय हो गया है। सलूंबर में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने महिला उम्मीदवारों पर दांव खेला है। बता दें कि उपचुनाव में प्रदेश की पांच सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। वहीं, चौरासी और खींवसर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

बीजेपी ने पहले 6 सीटों पर ही प्रत्याशियों का ऐलान किया था। बीजेपी ने दौसा से जगमोहन मीना, सलूंबर से शांता देवी मीना, झुंझनूं से राजेन्द्र भांबू, रामगढ़ में सुखवंत सिंह, खींवसर से रेवतराम डांगा और देवली-उनियारा से राजेन्द्र गुर्जर को चुनावी रण में उतारा है। वहीं, अब शेष बची चौरासी सीट पर भी उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। इधर, कांग्रेस ने दौसा से दीनदयाल बैरवा, सलूंबर से रेशमा मीणा, झुंझुनूं से अमित ओला, रामगढ़ से आर्यन जुबेर खान, खींवसर से रतन चौधरी, देवली उनियारा से कस्तूर चंद मीना और चौरासी से महेश रोत को टिकट दिया है। इसके साथ ही सभी सीटों पर पूरी तरह तस्वीर साफ हो चुकी है।

**चौरासी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला**

चौरासी सीट पर बाप और कांग्रेस पहले ही उम्मीदवार का ऐलान कर चुकी है। लेकिन, बीजेपी ने इस सीट पर आखिरी में उम्मीदवार का ऐलान किया है। गुरुवार को बीजेपी की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक चौरासी विधानसभा सीट से कारीलाल ननोमा को चुनावी रण में उतारा गया है। इस सीट पर बीजेपी के कारीलाल ननोमा, बाप के अनिल कटारा और कांग्रेस के महेश रोत के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, इस क्षेत्र में बाप पार्टी का काफी दबदबा है। ऐसे में बीजेपी और कांग्रेस की राह आसान नहीं मानी जा रही है।

**अभी आरएलपी की लिस्ट का इंतजार**

भारत आदिवासी पार्टी (बाप) ने दो ही सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। बाप पार्टी ने चौरासी से अनिल कटारा और सलूंबर से जितेश कटारा को टिकट दिया है। वहीं, अभी तक हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने किसी भी सीट पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। माना जा रहा है कि आरएलपी कभी भी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है।

**इन सीटों पर होगा उपचुनाव**

गौरतलब है कि 13 नवंबर को राजस्थान की 7 सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। प्रदेश की रामगढ़ (अलवर), दौसा, झुंझुनूं और देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी और सलूंबर सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। 2023 के विधानसभा चुनाव के परिणामों में इनमें से भाजपा के पास केवल 1 सीट थी, वहीं कांग्रेस के पास 4 सीटें थी। इसके अलावा एक सीट बाप और एक सीट आरएलपी के पास थी।

## हाईवे पर टायर फटने से कार नाले में गिरी
# कार सवार 6 में से 5 लोगों की मौत



सिरोही, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सिरोही जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें फलोदी के खारा गांव के पांच लोगों की जान चली गई। यह हादसा उस समय हुआ जब कार का टायर फट गया, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे के दूसरी ओर से होते हुए नाले में गिर गई।

घटना उस वक्त हुई जब कार गुजरात से जोधपुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही टायर फटाए चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार तेजी से नाले में जा गिरी। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घटनास्थल पर पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में गुजरात के दाहोद इलाके के रहने वाले पांच लोगों की मौत हो गई। जिनमें प्रताप भाई, रामूराम, उषा बेन, पुष्पा देवी और 11 महीने का बच्चा आशु भी शामिल है। इसके अलावा पचास वर्षीय महिला शारदा देवी गंभीर घायल है। उनका इलाज जारी है।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। तहसीलदार जगदीश बिश्नोई और डिप्टी मुकेश चौधरी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उल्लेखनी है कि प्रदेश में पिछले छह दिन के दौरान तीन बड़े हादसे हुए हैं। यह तीसरा बड़ा हादसा है। इन हादसों में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है और 51 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला बड़ा हादसा धौलपुर में हुआ। वहां बारह लोगों की मौत हो गई और तीन को अस्पताल भेजा गया। उधर दूसरा बड़ा हादसा कल सवेरे कोटपूतली जयपुर में हुआ। तीन लोगों की मौत के अलावा 49 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पायलट-डोटासरा या गहलोत
# कांग्रेस के टिकटों में किसकी चली?



जयपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उपचुनाव को लेकर बिगुल फूंक चुका है। राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने दावेदार मैदान में उतार दिए हैं। भाजपा-कांग्रेस ने सभी 7 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। जबकि भारतीय आदिवासी पार्टी ने चौरासी और सलूंबर सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

कांग्रेस ने देर रात सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। माना जा रहा है कि इस लिस्ट में सर्वाधिक प्रभाव कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का रहा।

**कांग्रेस ने सभी 7 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

कांग्रेस ने दौसा सीट से दीन दयाल बैरवा, अलवर की रामगढ़ सीट से आर्यन जुबेर खान, झुंझुनूं सीट से अमित ओला, उदयपुर की सलूंबर सीट से रेशमा मीना, टोंक की देवली-उनियारा सीट से केसी मीना, डूंगरपुर की चौरासी सीट से महेश रोत और नागौर की खींवसर सीट से रतन चौधरी को मैदान में उतारा है।

**'जादूगर का जादू' इस बार फेल!**

सियासी जानकारों की मानें तो सलूंबर, चौरासी और खींवसर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मन मुताबिक टिकट बांटे गए है। दौसा और खींवसर विधानसभा सीट पर सचिन पायलट समर्थकों को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि रामगढ़ और झुंझुनूं विधानसभा सीट पर परिवार में ही टिकट वितरण किया है। ऐसे माना जा रहा है कि इस बार पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जादूगर का जादू इस बार नहीं चल पाया है। कांग्रेस के टिकट वितरण में उनका प्रभाव देखने को नहीं मिला।

# उदयपुर के बाद अब धौलपुर में लेपर्ड का आतंक
## किसान और बाइक सवार मां-बेटे पर हमला



धौलपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। धौलपुर जिले में इन दिनों लेपर्ड का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाल ही में एक लेपर्ड ने रात के समय एक किसान पर हमला किया और इसके बाद बाइक सवार मां-बेटे को निशाना बनाया। यह घटना बाड़ी के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र में डांग इलाके के सिकर्रा गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, रामवकील नामक किसान अपनी मां रामभूली के साथ बाइक पर बाड़ी से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वे बाबू महाराज मंदिर के पास पहुंचे, अचानक एक लेपर्ड ने उन पर हमला कर दिया। इसके चलते उनकी बाइक गिर गई और दोनों सडक़ पर गिर पड़े। गनीमत यह रही कि लेपर्ड, बाइक गिरने की आवाज सुनकर तुरंत भाग गया। घटना के तुरंत बाद, रामवकील ने अपने परिजनों को मोबाइल फोन पर सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से मां-बेटे को गंभीर हालत में बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. महेश गुप्ता ने बताया कि दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। हालांकि, घायलों के शरीर पर किसी जानवर के हमले के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन महिला के सिर और अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। धौलपुर के डांग क्षेत्र में लेपर्ड की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। क्षेत्र में तीन शावक और दो वयस्क लेपर्ड सक्रिय हैं, जिनकी गतिविधियों का रिकॉर्ड सरमथुरा से झिरी वन क्षेत्र तक देखा गया है।

# फिर टिकट से वंचित रह गए नरेश मीणा
## फूट-फूट कर रोए, बोले "अब नहीं लडूंगा चुनाव"



जयपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट से उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने केसी मीणा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जिससे कांग्रेस के युवा नेता नरेश मीणा को एक बार फिर टिकट नहीं मिल पाया। नरेश मीणा, जो इस सीट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, टिकट से वंचित होने पर बेहद भावुक हो गए और फूट-फूट कर रोते हुए उन्होंने कहा, "अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।"

नरेश मीणा ने टोंक की देवली-उनियारा सीट से टिकट की प्रबल दावेदारी की थी और उपचुनाव क्षेत्र से लेकर राजधानी जयपुर तक उन्होंने अपनी ताकत का जमकर प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया पर भी उनका समर्थन जबरदस्त रहा। दिल्ली तक उन्होंने जोरदार लॉबिंग की, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इस निर्णय से नरेश और उनके समर्थक बेहद निराश हैं।

अपनी प्रतिक्रिया में नरेश मीणा ने कहा, "कांग्रेस के टिकट की मुझे बहुत उम्मीद थी, लेकिन वह पूरी नहीं हो सकी। इस संघर्ष के दौरान जिसने भी मेरा साथ दिया, उन सभी का मैं दिल से धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने आगे कहा, "सभी साथियों और समर्थकों से बातचीत के बाद यह तय कर लिया है कि अब मैं चुनाव नहीं लडूंगा

यह फैसला नरेश मीणा और उनके समर्थकों के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह लगातार पार्टी के लिए कार्य करते आए हैं और उन्हें टिकट मिलने की पूरी उम्मीद थी। अब देखना यह होगा कि नरेश के इस निर्णय से क्षेत्र की राजनीति और कांग्रेस पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# फुटवियर व्यापारी से मांगी 10 लाख की फिरौती
## मैसेज में दी जान से मारने की धमकी, एक आरोपी गिरफ्तार

बीकानेर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। शहर के एक फुटवियर व्यापारी से दस लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है। फिरौती की रकम नहीं देने पर व्यापारी को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई है। इस संबंध में व्यापारी ने कोटगेट थाने में मामला दर्ज करवाया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर एक आरोपी को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

दरअसल सुदर्शना नगर में साईं मंदिर के पास रहने वाले मनीष बादलानी के पास मंगलवार को दो अलग-अलग नंबर से कॉल आया। बात पूरी होने से पहले ही फोन कट गया। बाद में उसे एक ऑडियो मैसेज भेजा गया। उस मैसेज में कहा गया कि दस लाख रुपये नहीं देने पर उसे बर्बाद कर दिया जाएगा। जान से मार दिया जाएगा।

इसके बाद मनीष ने इस संबंध में पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई। साथ ही पुलिस को ऑडियो मैसेज भी उपलब्ध करवाया। मनीष सुदर्शना नगर में रहता है और उसकी फड़ बाजार में रुप चप्पल स्टोर के नाम से दुकान है। उससे दस लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले ने दो अलग-अलग नंबरों का उपयोग किया है। मामला प्रकाश मे आने के बाद सीओ सिटी श्रवण दास संत कोटगेट थानाधिकारी मनोज शर्मा ने मोबाइल नंबर के आधार पर एक आरोपी को धर दबोचा है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# मुहाना थाना इलाके में ज्वेलर्स के साथ लूट
## पुलिस की छह स्पेशल टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी

जयपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर के मुहाना थाना क्षेत्र में देर रात ज्वेलर्स रामकरण प्रजापत से एक किलो सोना और 30-35 किलो चांदी लूटने की घटना सामने आई। जब रामकरण दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी सुनसान इलाके में बदमाशों ने उनकी कार को लाठी-डंडों से रोककर हमला किया और सोने-चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

जयपुर के मुहाना थाना क्षेत्र में देर रात एक ज्वेलर्स के साथ लूट की घटना सामने आई है। पुलिस की करीब आधा दर्जन स्पेशल टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। जानकारी के अनुसार, ज्वेलर्स रामकरण प्रजापत जब अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी सुनसान इलाके में बदमाशों ने उनकी कार को रोककर लाठी-डंडों से हमला किया और लूटपाट की।

**एक किलो सोना और 30-35 किलो चांदी की लूट**

हमलावर ज्वेलर्स से सोने-चांदी से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बैग में करीब एक किलो सोने के आभूषण और 30-35 किलो चांदी थी। इस घटना के बाद पुलिस ने ए-श्रेणी की नाकाबंदी की, लेकिन अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

**घायल ज्वेलर्स का बेटा मौके पर पहुंचा**

वारदात के समय ज्वेलर्स का बेटा भी बाइक से पीछे-पीछे आ रहा था। हालांकि वह कुछ दूरी पर ही था और वारदात के बाद जब वह मौके पर पहुंचा, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस कर रही बदमाशों की तलाश**

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद के अनुसार मुहाना थानाधिकारी मदन कड़वासरा के नेतृत्व में कई टीमों का गठन किया गया है, जो घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। इसके अलावा, ऐसी घटनाओं में लिप्त गैंग के बदमाशों के मूवमेंट्स की भी जांच की जा रही है।

# पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर खुद ने की आत्महत्या
## आपसी कलह में अनाथ हो गए तीन बच्चे

बीकानेर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिले के महाजन थानांतर्गत रामसरा गांव में पारिवारिक कलह के कारण एक हंसता-खेलता परिवार बर्बाद हो गया। दिल दहला देने वाले इस घटनाक्रम में पहले पति ने अपनी पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए और उसके बाद कुंड में कूदकर अपनी जान दे दी।

लूणकरणसर सीओ नरेंद्र पूनिया ने बताया कि रामसर गांव से सूचना मिली थी कि डूंगरराम तावणियां की पत्नी का शव उसके घर में पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो घर के एक कमरे में डूंगरराम की पत्नी अंजू का शव लहूलुहान हालत में मिला। डूंगरराम की तलाश करने पर जब वह नहीं मिला तो घर में बने कुंड में तलाशा गया, जहां उसका शव कुंड में उतराता मिला।

पुलिस के अनुसार दोनों पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिस पर डूंगरराम ने अपनी पत्नी अंजू के सिर में कुल्हाड़ी दे मारी। वार इतना तेज था कि अंजू का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी को मारने के बाद वह खुद भी घर के एक तरफ बने कुंड की तरफ भागा और कुंड में कूद गया। हल्ला होने पर लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक डूंगरराम कुंड में डूब चुका था। मौके पर पहुंची महाजन थाना पुलिस ने दोनों शवों को महाजन सीएचसी पहुंचाया जहां दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

**अनाथ हो गए तीन बच्चे**

मृतक डूंगरराम और अंजू के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा लगभग 15 साल का है। डूंगरराम के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मां उसके भाई के साथ रहती है। ऐसे में वह पत्नी और बच्चों के साथ अकेला रहता था।

# अवैध तरीके से रह रहे 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार

जयपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भांकरोटा व साइबर सेल जयपुर पश्चिम ने गुरुवार को जाली दस्तावेज बनाकर अवैध रूप से रह रहे 6 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक और एक भारतीय सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि 6 संदिग्ध बांग्लादेशी नाबालिग और दिव्यांग को देखभाल के लिए सीडब्ल्यूसी एवं शिशुगृह में भेज दिया।

पुलिस ने उनके कब्जे से बांग्लादेशी-भारतीय पासपोर्ट जब्त किए। साथ ही कई अन्य जाली दस्तावेज से बनाए भारतीय दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

अब उनके स्थानीय नेटवर्क और बांग्लादेश से चोरी-छिपे भारत में घुसपैठ के नेटवर्क को खंगाल रही है।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि सोहाग खान और उसकी बहन शबनम जेडीए कॉलोनी जयसिंहपुरा में परिवार सहित रहती है।

दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लगी तो भांकरोटा थाना पुलिस और साइबर सेल ने इन पर निगरानी बढ़ाई। सर्च में सोहाग खान के पास फर्जीवाड़े से बनवाया आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड के साथ बांग्लादेश का बना हुआ पासपोर्ट मिला जिसमें उसका नाम सोहाग नवाज था।

# मनचले की हरकतों से परेशान महिला ने सिखाया सबक
## पेड़ से बांधकर की जोरदार पिटाई

अजमेर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिले से एक महिला द्वारा मनचले की पिटाई का वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला मनचले को पेड़ से अपने दुपट्टे से बांधकर उसकी पिटाई कर रही है। दरअसल युवक कई दिनों ने महिला को फोन करके परेशान कर रहा था, जिससे तंग आकर महिला ने उसकी पिटाई कर दी।

जानकारी के मुताबिक घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कांकरदा भुनाबाय की है।

महिला ने युवक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उसे लंबे समय से फोन पर परेशान कर रहा था, जिससे तंग आकर उसने युवक को मिलने के लिए बुलाया और पेड़ से बांधकर उसकी जमकर पिटाई कर दी।

घटना के दौरान मौके पर तमाशबीनों का मजमा लग गया, काफी देर पिटाई करने के बाद युवक को स्थानीय लोगों की मदद से छुड़ाया गया।

फिलहाल पीड़ित महिला की ओर से मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है लेकिन घटना के बाद सिविल लाइन थाने के एएसआई हरिराम यादव मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया।

# एसीबी का छापा, मालदार निकले रसद विभाग के अधिकारी

उदयपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। एसीबी की टीमों ने गुरुवार सुबह उदयपुर के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के संभागीय उपभोगता सरंक्षण अधिकारी जयमत सिंह राठौड़ के ठिकानों पर छापा मारा। जयमल सिंह राठौड़ करोड़ों के संपत्ति के मालिक निकले। उनके उदयपुर और राजसमंद में होटल, रिसोर्ट, कई भूखंड, मकान और लग्जरी वाहन हैं। एसीबी टीमें सभी संपत्तियों के दस्तावेज खंगाल रही है और ब्योरा निकात रही हैं। जयमल सिंह राठौड़ के उदयपुर के सरदारपुरा स्थित मकान, सीसारमा स्थित होटल मान विलास रिसोर्ट संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी के ऑफिस एसीबी टीमों की सर्च कार्रवाई जारी है। एसीची महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहराड़ के बताया कि उदयपुर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी संभागीय उपभोका संरक्षण अधिकारी जयमल सिंह राठौड़ के बारे में गोपनीय शिकायत मिली थी कि इन्होंने राजकीय सेवा में रहते हुए आय से कहीं अधिक सम्पत्ति है।

# जमीन विवाद में फायरिंग, छुट्टी मनाने आए आर्मी जवान को लगी गोली, एक अन्य भी घायल

भरतपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भरतपुर जिले में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों में से एक फौजी है, जो दिवाली की छुट्टी पर घर आया हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार चार बीघा जमीन को लेकर एक साल से दो पक्षों में विवाद चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने यह जमीन भरतपुर के एक वैश्य से खरीदी थी, जिसे आरोपी पक्ष जबरदस्ती जोत रहा था।


पीड़ित कौशल ने बताया कि हमारा गांव गढ़ी जालिम है। हमने भरतपुर के एक व्यक्ति से चार बीघा जमीन एक साल पहले खरीदी थी, जो हमारे नाम है। गांव के ही दबंग लोगों ने हमारी जमीन को कब्जे में ले रखा है। हमने कई बार जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। सुबह जब दबंग लोग हमारी जमीन जोत रहे थे, तो हमें जानकारी मिली। जब हम वहां पहुंचे, तो उन लोगों ने हमें देखते ही फायरिंग शुरू कर दी।

इसमें मेरे चाचा बबलेश को गोली लगी है। वे आर्मी में हैं और दिवाली की छुट्टी पर घर आए हैं। दूसरा व्यक्ति बंसराम है, जिसे भी गोली लगी है। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। पीड़ित कौशल ने कहा कि दबंगों ने मुझ पर भी फायरिंग की गई, लेकिन में बच गया। उन्होंने मेरा मोबाइल छीन लिया, जिसमें फायरिंग के वीडियो थे। करीब 20-22 लोगों ने हमल पर हमला किया था। उनमें से चार ने अंधाधुंध फायरिंग की। सूचना पर सेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें देखकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने चाचा और दूसरे घायल को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया, उनका इलाज आईसीयू में चल रहा है।

ग्रामीण सीईओ आकांक्षा ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव गढ़ी जालिम में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया है। एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग की है, जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं। उन्हें आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और उनका इलाज चल रहा है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हैदराबाद में हिंदू मंदिरों पर हमले करने वालों पर लगे रासुका : गोपाल राय

> हिंदू संगठित नहीं हुए तो होगा बांग्लादेश जैसा हाल



हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने तेलंगाना, खासकर हैदराबाद में मंदिरों पर हो रहे हमलों को गंभीरता से लेते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया है। गोपाल राय ने सरकार से सभी हिंदू मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए हमलावरों को रासुका के तहत गिरफ्तार करने की मांग दोहराई है। उन्होंने तेलंगाना सरकार को चेतावनी दी कि यदि मंदिरों पर हमले नहीं रुके, तो हिंदू समाज सड़क से लेकर संसद तक प्रदर्शन करेगा। श्री राय आज शाम शहर के किंग कोटी स्थित तेलंगाना सारस्वत परिषद सभागार में परिषद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस और ओवैसी की मिलीभगत वाली सरकार चल रही है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की आड़ में हिंदू हितों से खिलवाड़ कर रही है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि हैदराबाद के मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों, सिकंदराबाद के मोंडा मार्केट स्थित मुत्यालम्मा मंदिर और लाल दरवाजा स्थित सिंहवाहिनी महाकाली मंदिर सहित अन्य मंदिरों को तोड़ने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

राय ने बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों के खिलाफ रोष व्यक्त किया और कहा कि इस्लामिक कट्टरपंथ न केवल हिंदू समुदाय के लिए, बल्कि संपूर्ण विश्व की शांति और समृद्धि के लिए एक खतरा है। उन्होंने विश्व के मानवाधिकार संगठनों और सेकुलर देशों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हिंदुओं के मुद्दों पर ये तमाम ताकतें खामोश रहती हैं। यह चुप्पी दर्शाती है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन और सेकुलर राष्ट्र अपने मूल्यों से पीछे हट रहे हैं। अब समय आ गया है कि हिंदू समुदाय संगठित हो और इस्लामिक कट्टरपंथ का सामना करे। उन्होंने कहा कि हैदराबाद इस्लामी जेहादियों का सबसे बड़ा सेंटर बन गया है। यहां विदेशी ताकतें सक्रिय हैं, जो मुस्लिम युवाओं का ब्रेनवॉश कर हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर हमले के लिए भड़का रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कट्टरपंथी विचारधारा पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गई है।

## बाघ ने आदिलाबाद में फैलाई दहशत

आदिलाबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र से आये एक बाघ की गतिविधि गुरुवार को तीसरे दिन भी बोथ मंडल के चिंतलबोरी गांव में स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा करती रही। जिला वन अधिकारी प्रशांत पाटिल ने बताया कि महाराष्ट्र के किनवट के जंगलों में रहने वाला एक बाघ कुछ दिन पहले तेलंगाना की ओर बहकर बोथ के जंगल में आ गया था। बाघ की गतिविधियों पर नज़र रखने और मांसाहारी के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के लिए एक बेस कैंप बनाया गया है, जबकि चार टीमें बनाई गई हैं। डीएफओ ने आगे कहा कि बाघ की आवाजाही के बारे में स्थानीय लोगों में जागरूकता पैदा की जा रही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से प्रवासी बाघ को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया।

# पुलिसकर्मियों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

> पतियों के लिए माँगा समान विधान

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) पुलिस विभाग में समान नियमों का पालन करने की माँग को लेकर पुलिसकर्मियों की पत्नियों ने सडक पर उतर कर प्रदर्शन किया। सिरसिल्ला और निजामाबाद में हुए प्रदर्शनों में शामिल पुलिसकर्मियों की पत्नियों का आरोप हैं कि उनके पतियों को सेवा शर्तों से इतर काम करवाया जा रहा है। इनका कहना था कि तमिलनाडु व कर्नाटक की तरह ही उनके पतियों से कार्य करवाये जाएँ। उन्होंने पुलिस विभाग में कार्यरत सभी कर्मियों के लिए समान नियम व शर्तों की माँग की।



राजन्ना सिरसिल्ला जिला केन्द्र में 17वीं बटालियन में कार्यरत पुलिसकर्मियों की पत्नियों ने मोर्चा संभाला तो वहीं निजामाबाद के डिचपल्ली स्थित 7वीं बटालियन के कर्मियों की पत्नियों ने बीआरएस के कार्यवाहक अध्यक्ष केटीआर का रास्ता रोककर अपना विरोध जताया। इन प्रदर्शनों के कारण कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति पैदा हो गयी थी। अवसर पर बीआरएस नेता केटीआर ने प्रदर्शनकारी महिलाओं को आश्वस्त किया कि वे उचित मंच पर उनकी आवाज उठाएँगे।

# सर्वाधिक धान उपज प्राप्त करने तैयार राज्य : उत्तम




हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एव नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को यहां घोषणा की कि तेलंगाना इस वर्ष अब तक की सर्वाधिक धान उपज प्राप्त करने के लिए तैयार है, जिसका अनुमानित उत्पादन 150 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) है। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा की जिला अधिकारियों और प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान सूर्यापेट में एकीकृत जिला कार्यालय परिसर (आईडीओसी) में बोलते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने राज्य की कृषि प्रगति का विवरण दिया। उन्होंने सरकार की व्यापक खरीद और खाद्य सुरक्षा पहलों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस सीजन में धान खरीद के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिसके लिए 20,000 करोड़ रुपये का प्रारंभिक आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो धान खरीद पर और अधिक धन खर्च किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की नीति यह गारंटी देती है कि किसान जो भी धान बेचना चाहते हैं, उसे खरीदा जाएगा, जिससे सभी को उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी खरीद केंद्र अच्छी तरह से सुसज्जित हों और अपेक्षित मात्रा को संभालने के लिए कर्मचारी हों, जिसमें श्रमिकों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण, उचित भंडारण सुविधाएं और तिरपाल और बोरी जैसे आवश्यक उपकरण शामिल हों। चावल मिल मालिकों के साथ समन्वय और मध्यस्थ गोदामों का पर्याप्त रखरखाव भी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की तैयारी का हिस्सा है। अपने चल रहे खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, तेलंगाना वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति को 6 किलोग्राम चावल मुफ्त प्रदान करता है, यह योजना आंशिक रूप से केंद्र सरकार और शेष राज्य द्वारा वित्त पोषित है। हालांकि, जनवरी से शुरू होकर, सरकार लाभार्थियों को दिए जाने वाले अनाज की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए प्रत्येक राशन कार्ड धारक को 6 किलोग्राम बढ़िया चावल वितरित करके एक महत्वपूर्ण सुधार करेगी। धान की बेहतर किस्मों की खेती करने वाले किसानों को समर्थन देने के लिए तेलंगाना सरकार ने केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावा 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। उत्तम ने तेलंगाना की व्यापक सिंचाई पहलों को रेखांकित किया, कृषि क्षेत्र में राज्य की प्रगति पर प्रकाश डाला। राज्य के पास हर साल छह लाख एकड़ नए अयाकट को खेती के तहत लाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं के लिए 28,000 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट है। अगले पांच वर्षों में, सरकार का लक्ष्य 30 लाख एकड़ नए आयकट हासिल करना है। मौजूदा बांधों और सिंचाई परियोजनाओं का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे कुशल जल वितरण और कृषि उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है। उत्तम कुमार रेड्डी ने जिले के फायदों पर



शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में गुरु पुष्य नक्षत्र के उपलक्ष्य में जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।

# जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना विधानसभा का दौरा किया

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जर्मनी-भारत संसदीय मैत्री पहल के तहत जर्मनी के राइनलैंड राज्य से एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को तेलंगाना विधानसभा का दौरा किया। राइनलैंड संसद के अध्यक्ष हेंड्रिक हेरिंग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में आठ सदस्य शामिल थे।

विधानसभा अध्यक्ष गड्डम प्रसाद कुमार, विधान परिषद के अध्यक्ष गुथा सुखेंद्र रेड्डी, उपसभापति बंदा प्रकाश मुदिराज और विधानमंडल सचिव डॉ.वी. नरसिम्हा चार्युलु ने आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्पीकर के कक्ष में एक बैठक के दौरान तेलंगाना और जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित चर्चा की। प्रसाद कुमार ने अपने संबोधन में तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2014 में एक नए राज्य के रूप में गठित तेलंगाना में द्विसदनीय विधानमंडल है, जिसमें 119 सदस्यों वाली विधानसभा और 40 सदस्यों वाली विधान परिषद शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा के सदस्य सीधे लोगों द्वारा चुने जाते हैं और विधानसभा में विधायी चर्चाएं सार्थक और उत्पादक होती हैं। विधानसभा के अध्यक्ष गुथा सुखेंद्र रेड्डी ने तेलंगाना में कृषि की प्रमुखता के बारे में बात की, जहां अधिकांश आबादी इस क्षेत्र पर निर्भर है। उन्होंने निज़ाम काल के दौरान निर्मित पुराने विधानसभा भवन के जीर्णोद्धार का उल्लेख किया, जिसका बजट 49 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद को जल्द ही आधुनिक भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। तेलंगाना के सांसदों ने राज्य में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया और जर्मन प्रतिनिधिमंडल को विदेशी निवेश के लिए सरकारी समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

# सरकार का कर्मचारियों के मुद्दों पर कैबिनेट उप-समिति गठित करने का फैसला




हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के मुद्दों के निवारण के लिए कैबिनेट उप-समिति गठित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को सचिवालय में कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान के लिए कैबिनेट उप-समिति गठित करने का फैसला लिया। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क उप-समिति के अध्यक्ष होंगे, मंत्री श्रीधर बाबू और पोन्नम प्रभाकर सदस्य होंगे और के. केशवराव विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। दिवाली त्योहार के बाद कैबिनेट उप-समिति विभागवार बैठक करेगी और रिपोर्ट पेश करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और यह बैठक उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने शुक्रवार शाम तक कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) पर निर्णय की घोषणा करने का भी वादा किया है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि आगामी कैबिनेट बैठक में जीओ 317 पर निर्णय लिया जाएगा।

# इधर पिता की मौत, उधर पुत्र का जन्म

*एक ही अस्पताल में दोनों घटनाएँ*

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) जोगुलाम्बा गद्वाल जिले के राजौली मंडल में एक ही अस्पताल में शिवा (26) नामक युवक की जहाँ मृत्यु हो गयी, वहीं उसे चंद घटों बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति भी हुई। उसकी गर्भवती पत्नी भी प्रसव के लिए इसी अस्पताल में भर्ती थी। हालाँकि शिवा का दुर्भाग्य रहा कि वह अपने पुत्र का मुँह तक नहीं देख सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंप पर कार्य करने वाला शिवा एक दिन पहले ही वाहन चलाते समय दुर्घटनावश घायल हो गया था। उसे कर्नूल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ठीक उसी दिन रात में प्रसव पीडा के चलते शिवा की पत्नी लक्ष्मी को भी इसी अस्सताल में लाया गया। लक्ष्मी को सिर्फ यह जानकारी ही थी कि शिवा अपने वाहन से गिर गया हैं और उसे मामूली चोटें लगी है। उसे पता नहीं था कि शिवा भी यहीं भर्ती है। देर रात जैसे ही शिवा ने दम तोडा, कुछ ही देर में लक्ष्मी ने पुत्र को जन्म दिया। वह अपने पति को यह खुशखबरी देना चाहती थी, लेकिन जब उसे शिवा की मौत की खबर मिली तो उसका रो-रोकर बुरा हाल था। यह घटना पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

## परियोजना की प्रगति का किया गया मूल्यांकन

सिरसिला, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डेटा-संचालित कृषि-पारिस्थितिक परीक्षण हब (एसीआरएटी) के माध्यम से तेलंगाना में जलवायु-लचीली कृषि में तेजी लाना परियोजना कार्यान्वयन प्रगति का मूल्यांकन गुरुवार को वेमुलवाड़ा के पास ममीडिपल्ली गांव में परियोजना टीम द्वारा किया गया। जर्मनी से आए परियोजना विशेषज्ञ, तेलंगाना के कृषि विशेषज्ञ, एनजीओ और ममीडिपल्ली, मंगलापल्ली, श्रीरामुला पल्ली, कोनारावपेट, सानुगुला गांवों के एफपीओ के प्रतिनिधियों ने फील्ड विजिट में हिस्सा लिया और अब तक की प्रगति पर चर्चा की।

उन्होंने परियोजना डिजाइनिंग में सुधार के लिए सुझाव भी लिए। परीक्षण केंद्र की पायलट परियोजना टिकाऊ मॉडल विकसित करने के लिए तैयार है, जिससे पानी, कीटनाशकों और कृषि रसायनों जैसे इनपुट का इष्टतम उपयोग हो सके और साथ ही किसान समुदायों के बीच कृषि की लाभप्रदता बढ़े। यह उन प्रौद्योगिकियों को भी पेश करता है जो किसानों को उचित निर्णय लेने में मदद करेंगी और उन्हें टिकाऊ खेती के तरीकों का अभ्यास करने में मदद करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में फ्राउनहोफर संस्थान के परियोजना प्रमुख डॉ. सेबेस्टियन, डॉ. रघु चालिगंती, नालोमकी से जान मिस्टार, जर्मन संघीय मंत्रालय से डॉ. मार्टिन, एग्रीहब से विजय नादिमेंटी और एसईडब्ल्यूएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्णा शामिल हैं।

# यदि रेत की तस्करी की गई तो सख्त कार्रवाई होगी : अपर कलेक्टर

आसिफाबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) । जिले के अपर समाहर्ता (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने कहा कि जिले में रेत की तस्करी होने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिला अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व) दसारी वेणु, कागजनगर उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला, आसिफाबाद राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव के साथ राजस्व, पुलिस, सिंचाई, ग्रामीण जल आपूर्ति, परिवहन, पंचायत राज, खनन एकीकृत जिला कलेक्टरेट के कलेक्टर मीटिंग हॉल में उपस्थित थे। गुरुवार को जिला केंद्र भवन परिसर में भूगर्भ जल विभाग के साथ गठित जिला स्तरीय समिति के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर बोलते हुए, जिले के अपर समाहर्ता ने कहा कि अधिकारियों को जिले में नदियों और नालों से रेत के अवैध परिवहन को रोकने के लिए उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों के मकान निर्माण, सरकारी कार्यालयों के निर्माण और सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यों के लिए ही मुफ्त रेत उपलब्ध करायी जायेगी और जिले के 10 मंडलों के गांवों में रेत उपलब्ध होगी। इस क्रम में उन्होंने कहा कि नियमानुसार शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक रेत परिवहन करना अपराध है और इस दौरान व्यापक निरीक्षण किया जाना चाहिए और अवैध रूप से रेत परिवहन करने वाले वाहनों को जब्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के रेत तस्करी को रोकने के लिए विशेष टीमें गठित कर निरीक्षण किया जाए तथा पुलिस, राजस्व एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बड़े पुलों, बांधों और तालाबों के 500 मीटर के दायरे में गाद जमा होने पर कार्रवाई की जाए, जिले से महाराष्ट्र के चंद्रपुर, मंचेरियाल और आदिलाबाद क्षेत्र में रेत परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की जाए और रेबेना, सिरपुर में विशेष टीम का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि रेत के डंपों को कब्जे में लेकर उसकी नीलामी की जाए और अनाधिकृत वाहनों से रेत ले जाने पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में रेत की तस्करी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

# पुलिस शहीद स्मृति सप्ताह समारोह के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित



आसिफाबाद 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभाकर राव ने पुलिस शहीद स्मृति सप्ताह के अंतर्गत शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए आसिफाबाद सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों की मदद से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। एडिशनल एसपी ने बताया कि इस रक्तदान कार्यक्रम में पुलिस के साथ-साथ युवाओं द्वारा 51 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को उन्होंने बधाई दी। इस मौके पर एडिशनल एसपी ने पुलिस शहीदों की स्मृति के तहत शहीद पुलिस कार्मियों को श्रद्धांजलि दी और विभाग की ओर से उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि पुलिस के शहीदों ने समाज के लिए, देश के लिए और कल की पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए असामाजिक ताकतों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उनके बलिदानों को अमूल्य बताकर प्रशंसा की गई। इसी तरह एडिशनल एसपी ने बताया कि आपके द्वारा दिए गए रक्त का उपयोग थैलेसीमिया, कैंसर, मेडिकल इमरजेंसी मरीज, ब्लड कैंसर मरीज, हीमोफीलिया, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आदि लोगों के लिए किया जाएगा।

रक्तदान महादान है और रक्तदान को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति नहीं होनी चाहिए। बाद में एडिशनल एसपी ने रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों, युवाओं और छात्रों को सम्मानित किया और फल और रक्तदान प्रमाण पत्र दिया। इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले पुलिस कर्मियों एवं आसिफाबाद सरकारी अस्पताल के स्टाफ को विशेष धन्यवाद दिया गया। इस रक्तदान कार्यक्रम में कागजनगर डीएसपी रामानुजम, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, आसिफाबाद सरकारी अस्पताल के कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी आदि ने भाग लिया।

# युवती से धोखाधडी पर 10 वर्ष का सश्रम कारावास, जुर्माना

आसिफाबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कागजनगर टाउन सीआई राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि आसिफाबाद सेशन कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश माननीय एम.वी. रमेश ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए युवती को धोखा देने वाले दोषी को 10 साल का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा दी।

कुमरमभीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर कस्बे के मारुति नगर निवासी एक महिला के साथ उसके घर में किराए पर रहने वाले नागपुर के अशोक कुमार नामक व्यक्ति ने यह कहकर कई बार शारीरिक शोषण किया कि वह उक्त महिला से शादी करेगा। शादी से इंकार करने के कारण महिला ने 21 दिसंबर 2019 को कागजनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। इस घटना पर तत्कालीन प्रथम अनुसंधान पदाधिकारी डी मोहन ने मामला दर्ज कर आरोपित नागपुरी अशोक कुमार को रिमांड पर लिया और कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। आसिफाबाद कोर्ट संपर्क अधिकारी राम सिंह एएसआई, कोर्ट कांस्टेबल बाबाजी ने जब आरोपी को पेश किया तो अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील जगन मोहन राव ने बहस की। कागजनगर टाउन सीआई राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच करने वाले न्यायाधीश एमवी रमेश द्वारा दोषी पाए जाने पर आरोपी को 10 साल कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। एसपी ने कहा कि समाज में अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति सजा से नहीं बच सकता और लोगों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। जिला एसपी ने विशेष रूप से पीपी जगन मोहन राव, कागजनगर डीएसपी रामानुजम, कागजनगर सीआई, एसआई, कोर्ट संपर्क अधिकारी राम सिंह एएसआई और कोर्ट ड्यूटी ऑफिसर बाबाजी को पीआई मामले में आरोपियों को सजा दिलाने के प्रयासों के लिए बधाई दी।

# करंट लगने से किसान की मौत

मेदक, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रामायणपेट मंडल के झांसी लिंगापुर में गुरुवार को बिजली के तार की चपेट में आने से चकली नागराजू (27) नामक किसान की मौत हो गई। नागराजू के बोरवेल का बिजली का तार टूट गया तो उसने बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की। नागराजू ने तार को छू लिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रामायणपेट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# दूसरा टेस्ट, भारत का स्कोर 16/1

## रोहित बिना रन बनाए आउट; न्यूजीलैंड 259 पर ऑलआउट, सुंदर को कमबैक मैच में 7 विकेट




भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बनाए। पुणे टेस्ट के तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड पहली पारी में 259 रन पर ऑलआउट हो गया। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया।

भारत की पहली पारी में रोहित शर्मा शून्य पर आउट हुए। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड किया। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल नाबाद लौटे।

**पहली पारी में पूरे 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए**

पहली पारी में भारत की तरफ से सभी 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए। 3 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 7 विकेट झटके। इससे पहले, सुंदर ने मार्च 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाया। कॉन्वे ने 141 बॉल पर 76 और रचिन ने 105 बॉल पर 65 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 33, डेरिल मिचेल-विल यंग ने 18-18 और टॉम लैथम ने 15 रन का योगदान दिया। पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके।

## महिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने संन्यास लिया



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा कर दी। इसके साथ ही उनका 16 साल का अंत हो गया । 2008 में 14 साल की उम्र में ओलिंपिक क्वालिफायर में डेब्यू करने वाली रानी ने भारत के लिए अपने 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी हरियाणा की रहने वाली हैं। रानी ने प्रेस कांफ्रेंस में रिपोर्टर्स से कहा, ''यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा देश का प्रतिनिधित्व करने पर था।'' रानी की कप्तानी में टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पंत छठे स्थान पर पहुंचे

## टॉप-10 में विराट और जायसवाल भी; बॉलर्स रैंकिंग में बुमराह नंबर-1 पर बरकरार



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी का फायदा हुआ है। उन्होंने 3 स्थान की छलांग लगाई है।

पंत ने रैंकिंग में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। विराट को एक पायदान का नुकसान हुआ है। वे बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में शून्य के स्कोर पर आउट हुए थे। रैंकिंग में विराट 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल नंबर 4 पर कायम है।

**पंत को मिला तीन स्थानों का उछाल**

पंत की ने तीन स्थान की छलांग लगाई है। वे अब 745 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 728 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर चले गए हैं। कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 720 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर चले गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन की रेटिंग भी 720 की है, इसलिए वे भी कोहली के साथ संयुक्त रूप से नंबर 8 पर हैं। श्रीलंका के कमिंडु मेंडिस को अपने अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। वे अब 716 की रेटिंग के साथ नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा मिला है। इंग्लैंड के बेन डकेट टॉप 10 के काफी करीब हैं। उन्होंने तीन स्थानों की छलांग के साथ नंबर 11 पर पहुंच गए है। उनकी रेटिंग 706 की है।

यशस्वी जायसवाल भी चौथे पायदान पर बरकरार

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब 780 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी परफॉरमेंस मिली-जुली रही। स्टीव स्मिथ भी 757 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर बने हुए हैं।

**रूट रेटिंग में नुकसान के बावजूद पहले स्थान पर**

बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट नंबर एक पर हैं। हालांकि इससे पहले उनकी रेटिंग 932 तक जा पहुंची थी, वो अब घटकर 917 हो गई है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 821 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। हैरी ब्रूक अब एक स्थान नीचे यानी नंबर तीन पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 803 की हो गई है।

**बुमराह नंबर-1 पर काबिज, हेनरी टॉप-10 में आए**

जसप्रीत बुमराह ICC की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 के पायदान पर कायम है। वे पहले भारतीय गेंदबाज है जिन्होंने टेस्ट में नंबर-1 रैंकिंग हासिल की है। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 849 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं। छठे नंबर पर रवींद्र जडेजा है। टॉप-10 बॉलर्स रैंकिंग में 3 भारतीय शामिल है।

# 'बड़े खेलों को हटाया जाना निराशाजनक'

## क्रिकेट-हॉकी को ग्लासगो खेलों से हटाए जाने पर बोलीं पीटी उषा



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा का मानना है कि 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से कुश्ती, हॉकी और बैडमिंटन जैसे पदक दिलाने वाले खेलों को बाहर करना देश के लिए 'निराशाजनक' है लेकिन लागत कम करने का दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में इस प्रतियोगिता को मेजबान मिलते रहें। खेलों के 23वें सत्र का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किया जाएगा जिससे स्कॉटलैंड की राजधानी की 12 साल बाद मेजबान के रूप में वापसी होगी।

**'कारणों को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता'**

अधिकांश राष्ट्रीय खेल महासंघों ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, निशानेबाजी, टेबल टेनिस और स्क्वाश को खेलों से बाहर करने के ग्लासगो के फैसले की आलोचना की है और इस कदम के बाद खेलों की प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं, लेकिन उषा ने कहा कि इसके कारणों को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उषा ने कहा, '2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेलों के कार्यक्रम में कटौती निराशाजनक है लेकिन मुझे यकीन है कि आप समझेंगे कि 2026 के खेल राष्ट्रमंडल खेलों के भविष्य के लिए एक पुल का काम करेंगे।'

**'कम लागत को पीटी उषा का समर्थन'**

हालांकि, भारत बहुत सारे पदक से वंचित हो जाएगा लेकिन उषा ने आठ मील के दायरे में चार स्थानों पर आयोजित होने वाले 10 खेलों के संक्षिप्त कार्यक्रम के कारण कम लागत और कम पर्यावरणीय प्रभाव के विचार का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'इस दृष्टिकोण का उद्देश्य लागत कम करना, पर्यावरणीय प्रभाव कम करना और सामाजिक लाभ बढ़ाना है। ऐसा प्रगतिशील और टिकाऊ मॉडल बहुत रोमांचक है क्योंकि यह भविष्य में अधिक देशों को खेलों की मेजबानी करने में सक्षम करेगा।'

**पीटी उषा ने कही यह बात**

भारत की महानतम एथलीटों में से एक ने कहा, 'सीमित समय-सीमा और वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, सीजीएफ (राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) का ध्यान वित्तीय रूप से जिम्मेदार तरीके से उच्च-गुणवत्ता वाले खेलों को आयोजित करने पर रहा है जिसमें जोखिम को कम करने और खिलाड़ियों और खेलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया है।' उषा ने कहा कि 1998 तक राष्ट्रमंडल खेलों में 10 खेलों का आयोजन होता था और भविष्य में जब प्रतियोगिता की मेजबानी का एक स्थिर मॉडल तैयार हो जाएगा तो इसमें स्वयं विस्तार हो सकता है।

# क्रिकेट वेस्टइंडीज ने लॉन्च की ग्लोबल टी-20 लीग

## पाकिस्तान, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी खेलेंगी; 26 नवंबर से शुरुआत



गयाना, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्रिकेट वेस्टइंडीज नई टी-20 लीग शुरू करने जा रहा है। ग्लोबल सुपर लीग नाम के इस टूर्नामेंट में अलग-अलग देशों की पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन 26 नवंबर से 7 दिसंबर तक गयाना में होगा।

चैंपियंस लीग की तर्ज पर शुरू हो रहे टूर्नामेंट में गयाना अमेजन वॉरियर्स, लाहौर कलंदर्स, हैम्पशायर हॉक्स (टी20 ब्लास्ट), रंगपुर राइडर्स और विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया स्टेट टीम) शामिल होंगी। पहला मैच 26 नवंबर को कैरेबियन प्रीमियर लीग की टीम गयाना अमेजन वॉरियर्स और पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स के बीच होगा।

**टॉप-2 टीम के बीच फाइनल होगा**

इस लीग में 5 टीम आपस में एक दूसरे से मुकाबला करेंगी यानी टीमें ग्रुप स्टेज पर 4-4 मैच खेलेंगी। टॉप-2 टीम के बीच फाइनल होगा। जिसमें टूर्नामेंट में कुल 11 मुकाबले 11 दिनों में खेले जाएंगे। फाइनल मैच 7 दिसंबर को खेला जाएगा।

ग्लोबल लीग की शुरुआत ऐसे समय में हो रही है, जब इंटरनेशनल क्रिकेट में कई देश द्विपक्षीय सीरीज खेल रहे हैं। इसी बीच अबू धाबी में टी10 लीग का भी सीजन 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक खेला जाना है।

ऐसे में ग्लोबल सुपर लीग के पहले सीजन में कई बड़े नाम अपनी-अपनी टीमों से खेलते हुए दिखाई नहीं देंगे। इसमें वेस्टइंडीज के प्लेयर्स भी शामिल हैं क्योंकि विंडीज टीम को अपने घर पर 22 नवंबर से बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट, 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैच की टी-20 सीरीज भी खेलनी है।

# इमर्जिंग एशिया कप : भारत की लगातार तीसरी जीत

## ओमान को 6 विकेट से हराया; आयुष बडोनी की फिफ्टी, तिलक वर्मा ने नाबाद 36 रन बनाए



ओमान, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। इमर्जिंग एशिया कप में इंडिया-ए का शानदार प्रदर्शन जारी है। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम ने अब तीसरे मुकाबलें में ओमान को 6 विकेट से हरा दिया। टीम की यह लगातार तीसरी जीत है। टीम ग्रुप स्टेज खत्म होने तक पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही। सेमीफाइनल में टीम का सामना अफगानिस्तान-ए से होगा। यह मुकाबला 25 अक्टूबर को खेला जाएगा।

अल अमरात क्रिकेट ग्राउंड में ओमान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 141 रनों का टारगेट दिया है। जवाब में भारतीय टीम 15.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर ली।

भारत के लिए आयुष बडोनी ने 27 गेंदों पर सबसे ज्यादा 51 रनों की पारी खेली। कप्तान तिलक वर्मा ने नाबाद 36 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 34 रनों का योगदान दिया।

**ओमान ने 140 रन बनाए थे**

भारतीय टीम ओमान को ऑलआउट नहीं कर सकी। ओमान ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 140 रन बनाए। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 41 रनों की पारी खेली। हम्माद मिर्जा ने 28 रनों का योगदान दिया। भारत की ओर से आकिब खान, राशिख दार, निशांत संधू, रमनदीप और साई किशोर के हाथ 1-1 विकेट मिला।

इंडिया ए ने दूसरे मैच में यूएई को 7 विकेट से हरा दिया। सोमवार को ओमान के अल अमरात क्रिकेट ग्राउंड में यूएई के कप्तान बासिल अहमद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की तरफ से अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी लगाई जबकि रसिख सलाम ने 3 विकेट लिए।

भारतीय टीम ने शानदार गेंदबाजी की और यूएई को 16.5 ओवर में 107 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया। इंडिया ए की तरफ से रसिख सलाम ने सबसे ज्यादा तीन विकेट, जबकि रमनदीप ने दो विकेट लिए। 108 रन के टारगेट को भारत ने 10.5 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आयुष बदोनी ने चौका लगाकर मैच जिताया।

इंडिया-ए ने अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान-ए को 7 रन से हराया। शनिवार को ओमान के अल अमरात क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

टीम इंडिया ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। कप्तान तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए थे। अंशुल कंबोज ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए थे।

# नीरज ने की एनआईएस पटियाला में मोंडोट्रैक लगाने की मांग

## प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।

**क्या है मोंडोट्रैक?**

मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने इसकी सराहना की थी।

**क्या हैं इसके फायदे?**

वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाए रखने में मददगार होता है और इस पर उन्हें कम थकान महसूस होती है। नीरज ने इस चर्चा में ऑनलाइन भाग लिया और कहा कि वह 2018-19 से पटियाला में 'मोंडोट्रैक' की मांग कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर सुविधाएं एक और अहम मुद्दा है।

**नीरज ने की तारीफ**

नीरज ने कहा कि स्टेडियमों का इस्तेमाल सिर्फ राष्ट्रीय शिविर और विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के लिए ही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, जब भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की आकांक्षा रखता है तो स्टेडियमों का उपयोग सिर्फ शिविरों और विश्वकप के लिए नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर देश को नई प्रतिभा चाहिए तो जमीनी स्तर पर अधिक सुविधाएं तैयार करने के साथ-साथ इन स्टेडियमों का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। हमें कोच की भूमिका को नहीं भूलना चाहिए। नीरज ने यह भी मांग की कि भारतीय कोचों को अधिक जागरूक बनाया जाना चाहिए और उन्हें दुनिया भर में जो हो रहा है उसके अनुरूप होना चाहिए।

# मीरपुर टेस्ट- साउथ अफ्रीका 7 विकेट से जीता

## बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी; रबाडा को मैच में 9 विकेट



मीरपुर, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने मीरपुर टेस्ट में बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने गुरुवार को मुकाबले के चौथे दिन 106 रन का टारगेट पहले सेशन में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। बांग्लादेश दूसरी पारी में 307 रन पर ऑलआउट हो गई।

शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश 106 रन पर ऑलआउट हो गई। फिर साउथ अफ्रीका ने 308 रन बनाते हुए 202 रन की बढ़त बनाई। काइल वेरेने प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में 114 रन बनाए। कागिसो रबाडा ने मैच में कुल 9 विकेट लिए।

बांग्लादेश ने साउथ अफ्रीका को 106 रन का टारगेट दिया। टीम ने मैच के चौथे दिन 283 रन से आगे खेलना शुरू किया और 307 रन पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पारी खेली। जाकिर हसन ने 58 रन बनाए। गुरुवार को साउथ अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा ने 6 विकेट लिए। जबकि केशव महाराज को 3 विकेट मिले।

मीरपुर टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 81 रन की बढ़त ले ली है। टीम ने अपने कल के स्कोर 101 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज की फिफ्टी के चलते बांग्लादेश ने 7 विकेट खोकर 283 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी की वजह से तीसरे दिन का स्टंप्स कर दिया गया था।

मीरपुर टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 101 रन बनाए। ओपनर महमूद हसन 40 और मुश्फिकुर रहीम 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले मंगलवार की सुबह साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 202 रन की बढ़त ली। प्रोटियाज टीम 308 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टीम ने अपने कल के स्कोर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वीरेन के शानदार शतक और वियान मुल्डर की फिफ्टी के चलते टर्निंग ट्रैक पर 308 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। जबकि हसन महमूद को 3 और मेहदी हसन मिराज को 2 विकेट मिले। इससे पहले बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 106 रन पर ऑलआउट हो गई है। मुकाबले के पहले दिन बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी।

# टी-20 में सबसे बड़े स्कोर का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## जिम्बाब्वे ने गाम्बिया के खिलाफ 344 रन बनाए




खेल डेस्क, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे ने गाम्बिया के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 344 रन का स्कोर बना दिया। यह टी-20 इंटरनेशनल मैच में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड नेपाल के नाम था, उसने मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे ने यह मैच 290 रन से जीता। यह टी-20 इंटरनेशनल में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने मैच में 33 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने 43 गेंद में 133 रन की पारी खेली। यह मैच टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स के तहत नैरोबी में खेला गया। जिम्बाब्वे ने मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। जिम्बाब्वे के लिए ओपनर ब्रायन बेनेट और मरुमानी ने 5.4 ओवर में 98 रन की साझेदारी की। मरुमानी ने 19 गेंद में 62 और बेनेट ने 26 गेंद में 50 रन की पारी खेली। कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाब्वे की ओर से सबसे अधिक नाबाद 133 रन बनाए। उन्होंने इस पारी में 15 छक्के और 7 चौके लगाए। जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 344 रन बनाए। जवाब में गाम्बिया 14.4 ओवर में 54 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह जिम्बाब्वे की टीम ने यह मैच 290 रन से जीता। इसके साथ ही जिम्बाब्वे ने टी-20 इंटरनेशनल की सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। पहले यह रिकॉर्ड नेपाल के नाम था, जिसने पिछले साल मंगोलिया को 273 रनों से हराया था।

# श्रीलंका ने दूसरा वनडे 5 विकेट से जीता

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ली; असलंका ने नाबाद 62 रन बनाए



कोलंबो, 24 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीलंका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया। पल्लेकेले में खेले गए मुकाबले में बारिश होने की वजह से ओवर घटाए गए और मैच 44 ओवर का कर दिया गया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और कैरिबाई टीम को 36 ओवर में 189 रन पर ऑलआउट कर दिया। जबाव में श्रीलंका ने 38.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। श्रीलंका के लिए 3 विकेट लेने वाले महीश तीक्षणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए कप्तान चरित असलंका ने टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 61 गेंद में नाबाद 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। निशान मदुश्का ने 44 गेंद पर 38 रन बनाए। सदीरा समरविक्रमा ने भी 38 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से सबसे ज्यादा 2 विकेट अल्जारी जोसेफ ने लिए। 1-1 विकेट गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज मिला।

वेस्टइंडीज की तरफ से शेरफेन रदरफोर्ड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए करियर की वनडे तीसरी फिफ्टी लगाई। इनके अलावा लेफ्ट ऑर्म स्पिनर गुडाकेश मोती ने भी फिफ्टी लगाई। श्रीलंका से वनिंदू हसरंगा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। महीश तीक्षणा, अशिथा फर्नांडो को 3-3 विकेट मिले।

रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा 80 रन बनाए। रदरफोर्ड की यह लगातार दूसरी फिफ्टी है। उन्होंने पहले मैच में भी अर्धशतक लगाया था। उनके अलावा गुडाकेश मोती ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों के बीच 9वें विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई। पहले बल्लेबाजी कर रही वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत खराब रही। टीम 17 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दी। तीसरे ओवर की आखिरी बॉल पर महीश तीक्षणा ने एलिक एथनाजे को आउट कर दिया। एथनाजे केवल 1 रन ही बना सके। दूसरा झटका भी 17 रन के स्कोर पर लगा। ब्रैंडन किंग 16 रन बनाकर आउट हुए। चौथा विकेट केसी कार्टी के रूप में गिरा। वे 6 रन बनाकर आउट हुए।

# कैबिनेट ने अमरावती के लिए नई रेलवे लाइन कनेक्टिविटी को मंजूरी दी

*> परियोजना पर 2,245 करोड़ रुपये खर्च होंगे : अश्विनी वैष्णव > चन्द्रबाबू ने परियोजना को जल्दी पूरा करने का आग्रह*




हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेल मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय की दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिलों को कवर करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 313 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। रेल मंत्री ने रेल भवन, नई दिल्ली से एक वर्चुअल बैठक आयोजित की। एन.चंद्रबाबू नायुडू, मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश, के. पवन कल्याण, उपमुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश, के. राम मोहन नायुडू, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, डी.पुरंदेश्वरी, सांसद, राजमंड्री, टी. उदय श्रीनिवास, सांसद, काकीनाडा, लवू कृष्ण देवरायलु, सांसद, नरसारावपेट भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मंत्री ने बताया कि नई रेल लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरती है 2,245 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 7 किलोमीटर लंबी अमरावती से होकर एर्रुपलेम और नम्बुरु के बीच नई लाइन का निर्माण 4 वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना से लगभग 19 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा। इस अवसर पर बोलते हुए, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू ने अमरावती रेल संपर्क परियोजना को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि 57 किलोमीटर लंबी रेल संपर्क परियोजना आंध्र प्रदेश के लोगों को सुविधाजनक रेल सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने रेल मंत्रालय से परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कृष्णा नदी पर प्रस्तावित रेल पुल को एक ऐतिहासिक संरचना के रूप में बनाने का भी अनुरोध किया।

उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश राज्य में 70,000 करोड़ रुपये की लागत से चल रही रेल परियोजनाएं राज्य की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा देंगी। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के. पवन कल्याण ने कहा कि अमरावती को जोड़ने वाली नई रेल लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश के लोगों का लंबे समय से लंबित सपना है। नई लाइन अमरावती शहर के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह जानकर खुशी हुई कि नई लाइन जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में दोनों की मदद करेगी, जिससे सीओटू उत्सर्जन में कमी आएगी जो 25 लाख पेड़ लगाने के बराबर है। के. राम मोहन नायुडू, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि अमरावती शहर के लिए नई रेलवे लाइन को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिया जाना एक ऐतिहासिक निर्णय है। इससे अमरावती शहर का विकास होगा और विजयवाड़ा शहर में भीड़भाड़ कम करने में भी मदद मिलेगी।

डी. पुरंदेश्वरी, सांसद, राजमंड्री ने कहा कि मंत्रिमंडल के निर्णय आंध्र प्रदेश राज्य के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। पोलावरम परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा 12500 करोड़ रुपये और अमरावती नई लाइन परियोजना के लिए 2,245 करोड़ रुपये का आवंटन इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार भविष्य में सफल होगी।

# पटाखा दुकानों के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य : जीएचएमसी आयुक्त

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने स्पष्ट किया कि पटाखे बेचने वाले दुकानदारों को जीएचएमसी से अस्थायी ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करना होगा। उन्हें बिना लाइसेंस के दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि ट्रेड लाइसेंस शुल्क खुदरा दुकानों के लिए 11 हजार रुपये और थोक दुकानों के लिए 66 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। सभी आतिशबाजी दुकानों के संचालकों को लाइसेंस प्राप्त कर नियमानुसार दुकानें लगानी होंगी। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानें लगाने वाले सभी लोगों को एक निश्चित शुल्क देना होगा और जीएचएमसी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। अस्थायी व्यापार पहचान संख्या के लिए आवेदन नागरिक सेवा केंद्र/जीएचएमसी वेबसाइट/(www.ghmc.gov.in) के माध्यम से किया जा सकता है। ट्रेड लाइसेंस शुल्क का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। इसी तरह, उन्हें अपनी पहचान के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड और पैन कार्ड देने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि फुटपाथों और रिहायशी इलाकों के बीच पटाखों की दुकानें नहीं लगाई जानी चाहिए। वे कॉलोनियों और बस्तियों से दूर खुले मैदान/बड़े हॉल में पर्याप्त अग्नि सुरक्षा वाली दुकानें स्थापित करना चाहते हैं। किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना की स्थिति में आग बुझाने के लिए अग्निशमन उपकरण तैयार रखे जाने चाहिए। प्रत्येक स्टॉल को साफ-सुथरा रखने की सलाह दी जाती है।

सुझाव दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में दुकान के नजदीक आतिशबाजी नहीं होनी चाहिए तथा दुकान में लगने वाली लाइटों के लिए विद्युत उपकरणों के लिए अच्छी गुणवत्ता के विद्युत तार का उपयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि स्टॉल पर कोई अप्रिय घटना घटती है तो अस्थायी ट्रेड लाइसेंस सर्टिफिकेट में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा कि स्टॉल धारक कानूनी कार्रवाई के लिए जिम्मेवार है। तेलंगाना राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आदेशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय/राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सभी आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाये। यह स्पष्ट किया गया है कि सीरीज के पटाखे/लडी जो पटाखे हैं, उनके निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और उनकी बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि जीएचएमसी अधिनियम 1955/न्यायालय/टीएससीपीबी/सरकारी आदेशों और दिशानिर्देशों के उल्लंघन के मामले में अंतिम व्यापार लाइसेंस प्रमाणपत्र रद्द कर दिया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि उपायुक्त, प्रमंडलीय आयुक्त और मुख्यालय के अधिकारियों की एक टीम आयेगी और स्टॉलों का औचक निरीक्षण करेगी।

# जानी मास्टर को यौन उत्पीड़न मामले में जमानत



हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने गुरुवार को टॉलीवुड कोरियोग्राफर जानी मास्टर को एक जूनियर महिला सहकर्मी पर कथित यौन उत्पीड़न के मामले में सशर्त जमानत दे दी। सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर एक महीने से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद रिहा हो जाएंगे। रंगारेड्डी जिला न्यायालय ने इससे पहले 3 अक्टूबर को जानी मास्टर को अंतरिम जमानत दी थी ताकि वह 8 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त कर सकें। उन्हें 6 अक्टूबर से चार दिनों के लिए जमानत दी गई थी। शेख जानी बाशा उर्फ जानी मास्टर को फिल्म तिरुचिरामबलम के गीत मेघम करुक्काथा में उनकी कोरियोग्राफी के लिए पुरस्कार मिलना था। हालांकि, अदालत के आदेश के बाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रकोष्ठ ने पुरस्कार रद्द कर दिया क्योंकि उन पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। समारोह के लिए कोरियोग्राफर को दिया गया निमंत्रण भी वापस ले लिया गया।

# हवाई अड्डे पर जल्दी पहुंचने का आग्रह

*> संभावित कैब की कमी बन सकती है देरी की वजह*




हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। त्यौहारी सीजन के नजदीक आने के साथ ही हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) के अधिकारी यात्रियों से आग्रह कर रहे हैं कि वे पहले से योजना बनाएं और संभावित कैब की कमी तथा यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण जल्दी पहुंचें। दिवाली के करीब आने के साथ ही अधिकारियों को यात्रा गतिविधियों में उछाल की उम्मीद है। बढ़ती मांग का हवाला देते हुए सलाह में चेतावनी दी गई है कि कैब की कमी से आपकी यात्रा प्रभावित हो सकती है। यात्रियों को एक सुगम अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डे द्वारा उपलब्ध कराए गए वैकल्पिक आवागमन विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# सीपी कार्यालय में कार्यकारी न्यायालय का आयोजन



हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (कार्यकारी), हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय ने पुलिस आयुक्त, हैदराबाद भवन, रोड नंबर 12, बंजारा हिल्स, हैदराबाद के कार्यालय में कार्यकारी न्यायालय का आयोजन किया और हुमायूं नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ द्वारा न्यायालय के समक्ष रखी गई जानकारी की जांच की।

मोहम्मद माजिद हुसैन, एमएलए/ एआई एमआईएम, नामपल्ली विधानसभा क्षेत्र और मोहम्मद फिरोज खान, (कांग्रेस/नामपल्ली एमएलए प्रतियोगी) के बीच क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित करने के लिए राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। 7 अक्टूबर 2024 को, जब मोहम्मद माजिद हुसैन, एमएलए/ एआई एमआईए अपने अनुयायियों के साथ हुमायूं नगर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत फिरोज गांधी नगर में सीसी रोड के नागरिक कार्य का निरीक्षण कर रहे थे, मोहम्मद फिरोज खान/कांग्रेस अपने अनुयायियों के साथ नागरिक कार्य का निरीक्षण करने के लिए वहां आए। जिस पर, मोहम्मद माजिद हुसैन, विधायक/एआईएमआईएम और उनके अनुयायियों ने आपत्ति जताई, जिससे दोनों समूहों के बीच झगड़ा हो गया और अराजकता फैल गई क्योंकि दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिससे दोनों समूहों के कुछ अनुयायियों को चोटें आईं और जनता में दहशत फैल गई और क्षेत्र में शांति भंग हो गई। पुलिस ने हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों के कैडरों को तितर-बितर कर दिया और दोनों पक्षों के प्रतिवादियों के खिलाफ धारा 194 बीएनएस, 2023 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (कार्यकारी), हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय ने एसएचओ, हुमायूं नगर पी.एस. से जानकारी का विवरण पूछा, जिन्होंने अदालत को अवगत कराया है कि दोनों समूहों के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। उन्होंने आगे अनुरोध किया कि उन्हें न्यायालय द्वारा उचित समझी जाने वाली उचित अवधि के लिए बाध्य किया जाए, क्योंकि शांति और सौहार्द में खलल पड़ने की पूरी संभावना है। पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (कार्यकारी), हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय ने दोनों समूहों (मोहम्मद माजिद हुसैन, विधायक/एआईएमआईएम के नेतृत्व वाले समूह-ए के 10 और मोहम्मद फिरोज खान, कांग्रेस के नेतृत्व वाले समूह-बी के 9) प्रतिवादियों के बयान सुने और उन्हें इस तरह की भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहने की उचित सलाह दी और मामले को आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया। यदि कोई व्यक्ति या समूह, एक या अधिक जो ऐसा कार्य करने की संभावना रखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक शांति भंग होने की संभावना है, तो उन्हें धारा 126 बीएनएसएस, 2023 (धारा 107 सीआरपीसी के साथ व्याख्या) के तहत बाध्य किया जा सकता है, उन्हें एक निश्चित अवधि के लिए उक्त क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बांड निष्पादित करने का निर्देश दिया जाता है, बशर्ते कि ऐसा कार्य बड़े पैमाने पर सार्वजनिक शांति या सौहार्द को भंग करने की संभावना हो।

# मलेशिया यात्रा के दौरान तुम्मला ने एफजीवी के साथ सहयोग के अवसरों की खोज की

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मलेशिया की अपनी आधिकारिक यात्रा के हिस्से के रूप में, कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने गुरुवार को एफजीवी कंपनी के बीज उद्यानों, नर्सरियों और उन्नत प्रौद्योगिकी संचालित बीज केंद्रों का दौरा किया। यात्रा के दौरान, तुम्मला ने संभावित साझेदारी पर चर्चा करने के लिए एफजीवी कंपनी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। तेलंगाना पहले से ही बड़े पैमाने पर एफजीवी कंपनी से पौधे आयात कर रहा है। चर्चा के दौरान, मंत्री ने तेलंगाना में ही एक बीज उद्यान स्थापित करने में रुचि व्यक्त की, इस प्रयास के लिए भविष्य की संभावनाओं की खोज की। उन्होंने इस पहल में एफजीवी के समर्थन का अनुरोध किया, जिस पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे राज्य के साथ सहयोग करने की उनकी इच्छा का संकेत मिला। बाद में, मंत्री और उनकी अध्ययन टीम ने एफजीवी की रिफाइनरी का दौरा किया, जहां उन्होंने सुविधा में निर्मित विभिन्न उत्पादों की समीक्षा की। एफजीवी प्रतिनिधियों ने रिफाइनिंग प्रक्रिया के दौरान अपनाए गए सुरक्षा उपायों और उनके विविध उत्पादों की वैश्विक मांग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह दौरा तेलंगाना और एफजीवी के बीच संभावित सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें दोनों पक्षों ने भविष्य के अवसरों को एक साथ तलाशने के लिए तत्परता दिखाई।

# घरेलू सौर पैनल अपनाने के केंद्र के आदेश से उपभोक्ता हतोत्साहित

## योजना को छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे लोग

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। घरेलू सामग्री आवश्यकता (डीसीआर) मानदंडों के अनुसार सौर पैनलों का चयन करने के केंद्र के निर्देश से आवासीय घरों में छतों पर सौर पैनल लगाना कम आकर्षक हो रहा है और घरेलू सौर पैनलों की उच्च लागत के कारण लोग सौर ऊर्जा अपनाने की अपनी योजना को छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। डीसीआर नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि विशिष्ट परियोजनाएं, विशेषकर सब्सिडी और सीपीएसयू (केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम) योजना से जुड़ी परियोजनाएं, घरेलू स्तर पर निर्मित सौर पैनलों का उपयोग करें, जिससे उपभोक्ताओं के पास सूचीबद्ध कम्पनियों से ऊंची दरों पर सौर पैनल खरीदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा सब्सिडी प्राप्त करने के लिए निर्धारित वर्तमान मानदंड उन उपभोक्ताओं के लिए कोई लाभ नहीं होंगे, जो अपने आवास पर मोनो-पीईआरसी (पैसिवेटेड एमिटर और रियर सेल) जैसे उन्नत सौर पैनल स्थापित करने की योजना बना रहे हैं।

सरकार ने 3 किलोवाट और उससे अधिक क्षमता वाले सौर पैनल लगाने वाले सभी उपभोक्ताओं के लिए 78,000 रुपये की सीमा तय की है और चूंकि घरेलू स्तर पर निर्मित मोनो-पीईआरसी पैनलों की लागत बहुत अधिक है, इसलिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी से बहुत अधिक मदद नहीं मिलेगी, खासकर उन लोगों को जो 3 से 5 किलोवाट के बीच के पैनल लगाना चाहते हैं। वास्तव में, यदि कोई उपभोक्ता घरेलू मोनो-पीईआरसी का विकल्प चुनता है, तो उसे बाजार में उपलब्ध आयातित और बेहतर गुणवत्ता वाले पैनलों की तुलना में अधिक भुगतान करना पड़ेगा।

**यूनियन बैंक आफ इण्डिया**
**प्रादेशिक कार्यालय, यूनियन बैंक बिल्डिंग**
प्रथम तल, सीतम्माधारा, विशाखापट्नम-530013. फोन:0891-2735465 /0891-2546717. ई-मेलः operations.vizag@unionbankofindia.bank

**विशाखापट्नम स्थित प्रादेशिक कार्यालय में वास्तुकारों की सूचीबध्दता हेतु निविदाओं का आमंत्रण**

यूनियन बैंक आफ इण्डिया, अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक, **3 वर्षों की अवधि के लिए, विशाखापट्नम रीजन स्थित अपनी शाखाओं/कार्यालयों** में, इंटिरियर डेकोरेशन, इलेक्ट्रिकल,एयर-कण्डीशनींग, फायर सप्रेशन, डिटेक्शन सिस्टम, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग तथा डिजाईनिंग कार्यों हेतु वास्तुकारों की सूचीबध्दता(एम्पैनेलमेंट आफ आर्किटेक्ट्स) करने की इच्छुक है। अतः इच्छुक व्यक्तियों/कंपनियों द्वारा तत्संबंधित आवेदन प्रपत्रों को, विशाखापट्नम स्थित प्रादेशिक कार्यालय से, **दि.25-10-2024 से 15-11-2024** के दौरान सुबह 10.30 से सायं 5.00 बजे तक, रु.500/-(विशाखापट्नम पर देय युनियन बैंक आफ इण्डिया के पक्ष में, अप्रतिदेय पे आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में) का भुगतान कर, प्राप्त किया जा सकता है।

**अधिकारी का नाम व पदनाम : सहायक महा प्रबंधक (एजीएम)-के वी एल एस आर रमेश**
**कार्यालय पताः प्रादेशिक कार्यालय, डोर नं. 51-1-2/1, सीताम्माधारा, विशाखापट्नम, फोनः 0891-2546717, 701, 704, 705, 706**

उपरोक्त अवधि के दौरान, बैंक के वेबसाइट्सः www.unionbankofindia.co.in तथा सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in पर भी, तत्संबंधित आवेदन प्रपत्र उपलब्ध है। पर उपरोक्त वेबसाइट्स द्वारा डाउनलोड किये गये आवेदन पत्रों के साथ, रु.500/- (अप्रतिदेय) का, विशाखापट्नम पर देय, युनियन बैंक आफ इण्डिया के पक्ष में आहरित, पे आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए। बोलीदातागण या बिड्डर्स, अपनी बोलियों को, मुहरबंद लिफाफे में डालकर, इस लिफाफे पर, वास्तुकारों की सूचीबध्दता के लिए आवेदन (एप्लीकेशन फार एम्पैनेलमेंट आफ आर्किटेक्ट्स) अधिलेखित कर, दि.15-11-2024 **के दोपहर 3.00 बजे** के पहले, प्रस्तुत कर सकते हैं। तकनीकी बोलियों को, प्रादेशिक कार्यालय, विशाखापट्नम पर, **दि.16-11-2024 के सायं 4.00 बजे** खोला जायेगा।
युनियन बैंक आफ इण्डिया के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**हस्ता./- प्रादेशिक प्रमुख, विशाखापट्नम**

### छात्रों ने भोनगिरी विधायक के कैंप कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विभिन्न इंटरमीडिएट और डिग्री कॉलेजों के छात्रों ने गुरुवार को भोनगिरी के विधायक के अनिल कुमार रेड्डी के कैंप कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और राज्य सरकार से लंबित छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति तत्काल जारी करने की मांग की। सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए छात्र विधायक के कैंप कार्यालय के सामने एकत्र हुए, हाथों में तख्तियां लेकर अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने सवाल किया कि क्या विधायक उनकी चिंताओं को दूर करने या उनकी छात्रवृत्ति जारी करने के लिए आएंगे।

# देह व्यापार से 31 महिलाओं, 4 ट्रांसजेंडरों को बचाया गया

हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क पर वेश्यावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) और कुकटपल्ली और केपीएचबी पुलिस की टीमों द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में बुधवार रात 31 महिलाओं और 4 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को देह व्यापार से पकड़ा गया और बचाया गया।

एसीपी कुकटपल्ली के श्रीनिवास राव की देखरेख में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य भाग्यनगर बस स्टॉप, केपीएचबी मेट्रो स्टेशन, कुकटपल्ली और आसपास के इलाकों में सड़क पर वेश्यावृत्ति को रोकना था। इन इलाकों में सड़क पर वेश्यावृत्ति के बढ़ते मामलों के बारे में लोगों की शिकायतों के बाद, इस अभियान के लिए 4 विशेष टीमें बनाई गईं। इन टीमों में एसीपी, तीन इंस्पेक्टर, सात सब-इंस्पेक्टर, दो असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर और 36 पुलिस कांस्टेबल शामिल थे। पुलिस के अनुसार, अभियान के परिणामस्वरूप, सड़क पर वेश्यावृत्ति में शामिल 31 महिलाओं और 4 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पकड़ा गया। कुकटपल्ली पुलिस स्टेशन में चार मामले दर्ज किए गए, और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 के तहत केपीएचबी पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया। श्रीनिवास राव ने कहा कि पकड़े गए व्यक्तियों को कुकटपल्ली में तहसीलदार के समक्ष पेश किया गया, ताकि उन्हें अच्छे व्यवहार के लिए पाबंद किया जा सके। पाबंद करने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद, उन्हें बीएनएसएस अधिनियम की धारा 35 के तहत नोटिस जारी करके रिहा कर दिया जाएगा।




# फलकनुमा आरओबी का कार्य तेजी से पूरा किया जाए

**नलगोंडा एक्स रोड और उप्पल फ्लाईओवर का भूमि अधिग्रहण जल्द हो**



हैदराबाद, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती एसआरडीपी द्वारा किए गए अधूरे लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उसी के तहत उन्होंने गुरुवार को एचएमडीए आयुक्त सरफराज अहमद के साथ विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर जीएचएमसी कमिश्नर इलांबर्ती ने संबंधित अधिकारियों को फलकनुमा आरओबी का काम तेजी से पूरा करने के लिए कदम उठाने का आदेश दिया। फलकनुमा आरओबी, नलगोंडा एक्स रोड फ्लाईओवर, उप्पल फ्लाईओवर ने प्रगति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई सुझाव दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया कि रेलवे विभाग द्वारा शुरू किया जाने वाला फलकनुमा आरओबी का काम तेजी से पूरा हो।

जैसा कि प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सीई देवानंद ने आयुक्त को बताया कि नलगोंडा एक्स रोड फ्लाईओवर और उप्पल फ्लाईओवर भूमि अधिग्रहण लंबित है, आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण तुरंत पूरा करने और फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करने का आदेश दिया। कमिश्नर के साथ प्रोजेक्ट सीई देवानंद, एलबी नगर, चारमीनार जोनल कमिश्नर हेमंत केशव पाटिल, वेंकन्ना, एलबी नगर जोन प्रोजेक्ट सीई रोहिणी, फलकनुमा, संतोष नगर, उप्पल डिप्टी कमिश्नर अरुणा कुमारी, शैलजा, अंजनेयुलु और अन्य ने भाग लिया।

# सहायता देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

महबूबनगर, 24 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। चिन्ना चिंताकुंटा मंडल में तनाव व्याप्त है और किसान राज्य सरकार से रैतु भरोसा योजना के तहत सहायता देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में किसान पारदीपुर गांव में एकत्र हुए। बीआरएस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

जब किसान और बीआरएस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तभी चिन्ना चिंताकुंटा पुलिस ने 20 किसानों और बीआरएस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुकदमों से न डरने की बात कहते हुए बीआरएस कार्यकर्ताओं और किसानों ने पुलिस की मनमानी के खिलाफ थाने से लेकर चौराहे तक रैली निकाली। बाद में उन्होंने मंडल मुख्यालय में मानव श्रृंखला भी बनाई और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार रैतु भरोसा के तहत सहायता नहीं देती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.